धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ






SURJABASHA

## न्यूज डायरी

### 31 को रक्षाबंधन पर सरकारी छुट्टी घोषित

**रांची।** रक्षाबंधन की सरकारी छुट्टी अब 31 अगस्त गुरुवार को होगी। एनआइए एक्ट के तहत कार्मिक विभाग ने सार्वजनिक अवकाश देने का आदेश जारी सोमवार को किया है। पहले या छुट्टी 30 अगस्त को दी गयी थी।

### सड़क हादसे में महिला की मौत, घंटों रोड जाम

**रांची।** टाटा जाने वाले मुख्य मार्ग पर हुए हादसे में एक महिला की मौत हो गयी। हादसा बुंडू के गोसाईंडीह गांव के पास हुआ। महिला का नाम विमला देवी है, उसकी उम्र 32 साल थी। लगभग एक घंटे तक शव के साथ लोगों ने रांची-टाटा रोड को जाम रखा।

### जनगणना का हक राज्यों को नहीं : केंद्र

**नयी दिल्ली।** बिहार में जातीय जनगणना के मामले में सोमवार को केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि राज्यों को जनगणना कराने का हक नहीं है। अपने हलफनामे में केंद्र सरकार ने कहा कि जनगणना अधिनियम 1948 के अनुसार यह अधिकार सिर्फ केंद्र के पास है।

### विष्णु की जमानत पर 11 को होगी सुनवाई

**रांची।** जमीन घोटाला में विष्णु अग्रवाल की जमानत याचिका पर अब 11 को सुनवाई होगी। सोमवार को इडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत में सुनवाई हुई। कोर्ट इडी को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया।

### रांची के शिहान सुनील बने कराटे टीम के कोच

**रांची।** थाईलैंड के बैंकॉक में छह से 11 सितंबर तक आयोजित होने वाले थाईलैंड ओपन कराटे चैंपियनशिप के लिए इंटरनेशनल मार्शल आर्ट एकेडमी (इमा) के तकनीकी निदेशक एवं शिको काई कराटे इंटरनेशनल झारखंड के राज्य प्रतिनिधि शिहान सुनील किस्पोट्टा भारतीय कराटे टीम के कोच बनाये गये हैं।

### पूर्व पीएम इमरान हत्या के आरोप से हुए बरी

**इस्लामाबाद।** पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर और प्रधानमंत्री इमरान खान के वकील ने सोमवार को कहा कि एक अदालत ने इमरान के ऊपर लगे हत्या के आरोपों को खारिज कर दिया है।

### दिसंबर में लोकसभा चुनाव संभव : ममता

**पश्चिम बंगाल।** पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने सोमवार को दावा किया कि भाजपा इस साल दिसंबर में ही लोकसभा चुनाव करा सकती है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा ने चुनाव प्रचार के लिए सभी हेलीकॉप्टर बुक कर लिये हैं।

### श्री कृष्ण जन्मोत्सव में सीएम मुख्य अतिथि

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन से सोमवार को कांके रोड रांची स्थित आवास श्री कृष्ण जन्माष्टमी आयोजन समिति ने मुलाकात की। उन्हें श्री कृष्ण जन्मोत्सव एवं दही हांडी प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया।

### एनटीआर के सम्मान में जारी हुआ सिक्का

**नयी दिल्ली/ हैदराबाद।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में स्व एनटी रामाराव के शताब्दी वर्ष पर स्मारक सिक्का जारी किया। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि श्री रामाराव ने तेलुगु फिल्मों के माध्यम से भारतीय सिनेमा और संस्कृति को समृद्ध किया है।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 55,900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 77,000 रु./प्रति किलो |

# अंतिम सोमवारी पर शिवालयों में उमड़े शिवभक्त

## बाबाधाम, बासुकीनाथ, पहाड़ी मंदिर, सुरेश्वरधाम में कांवरियों का तांता



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** सावन मास की आठवीं और आखिरी सोमवार पर झारखंड में भगवान शिव की नगरी बाबाधाम और बासुकीनाथ में आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। जलाभिषेक के लिए कांवरियों की की कतार बी-एड कॉलेज तक पहुंच गयी।

जलाभिषेक के लिए कांवड़ तीर्थयात्रियों की कतार बी-एड कॉलेज तक पहुंच गई है। सरदारी पूजा संपन्न होने के बाद आम श्रद्धालुओं के लिए मंदिर के कपाट सुबह चार बजे खोले गये। पूरा परिसर हर-हर महादेव के जयघोष से गुंजायमान रहा। यही हाल झारखंड के तमाम शिवालयों का रहा। रांची के पहाड़ी मंदिर, चुटिया के सुरेश्वर धाम, खूंटी के आम्रेश्वरधाम समेत सभी मंदिरों में पूजा-अर्चना और जलार्पण करने शिवभक्तों की अपार भीड़ रही। रजरप्पा के छिन्नमस्तिका मंदिर में भी अंतिम सोमवारी पर मां का आशीर्वाद लेने भक्त उमड़ पडे। इस बार 4 जुलाई से शुरू हुआ सावन माह 31 अगस्त को खत्म हो रहा है।

भगवान शिव की नगरी देवघर में में जलाभिषेक के लिए सरदारी पूजा संपन्न होने के बाद आम श्रद्धालुओं के लिए मंदिर के कपाट सुबह चार बजे खोले गये थे। पूरा परिसर हर-हर महादेव के जयघोष से गुंजायमान रहा। (शेष पेज 11 पर)

### खूंटी के आम्रेश्वर धाम में उमड़ पड़ा श्रद्धालुओं का हुजूम

महिला और पुरुष दर्शनार्थियों की अलग-अलग लंबी कतार में वो अपनी बारी का इंतजार करते रहे। मुख्य सड़क पर श्रद्धालुओं लंबी कतार लगी थी। बाबा आम्रेश्वर धाम प्रबंधन समिति के अनुसार रविवार शाम तक लगभग एक लाख श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया। वहीं केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा सपत्नी आम्रेश्वर धाम में बाबा भोलेनाथ का रुद्राभिषेक किया।




## धुर्वा जीपीओ में लोगों के खाते से एक करोड़ की अवैध निकासी

# थाने में प्राथमिकी, डीआइजी ने दिया जांच का आदेश, चार सस्पेंड

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राजधानी रांची के धुर्वा पोस्ट ऑफिस से कई खाताधारकों के खाते से एक करोड़ से भी अधिक की अवैध निकासी कर ली गयी है। यह राशि एमआइएस(मंथली इन्वेस्टमेंट स्कीम) के तहत खाताधारकों ने पोस्ट ऑफिस में जमा करवाया था। इस संबंध में धुर्वा थाने में पीड़ित जगमोहन प्रसाद सिंह (एचइसी से रिटायर्ड) की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज करायी है। रांची जोन के डीआइजी अनूप बिरथरे ने पूरे मामले की जांच का आदेश दिया है। इस मामले में धुर्वा जीपीओ के पोस्टमास्टर रामचरण उरांव के द्वारा मामला संज्ञान में आने के बाद पोस्ट ऑफिस में कार्यरत चार कर्मियों को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है।

**एजेंट और कर्मचारी पर आरोप :** ठगी के शिकार हुए लोगों ने बताया कि जब वे अपना पैसा जमा करने आते थे, तो यहां के कर्मचारी और एक एजेंट के द्वारा पैसा दोगुना करने की बात कही जाती थी। एजेंट बताता था कि अपने खाते को रिनुअल करा लें ताकि डाकघर की नयी योजनाओं का लाभ मिल सके। जब पोस्ट ऑफिस के अंदर ही एजेंट उन्हें यह सब बताते थे तो लोगों को किसी प्रकार शक नहीं हुआ। अकाउंट रिनुअल करने के लिए लोगों ने एजेंट के कहने पर एक हस्ताक्षर भी किया, लोगों को आशंका है कि उसी हस्ताक्षर का इस्तेमाल कर एजेंट और पोस्ट ऑफिस के कर्मचारी ने उनके खाता से पैसे की निकासी कर ली। (शेष पेज 11 पर)

### क्या है प्राथमिकी में

पीड़ित जगमोहन प्रसाद सिंह ने दर्ज प्राथमिकी में कहा है कि उन्होंने 11 अगस्त, 2016 से धुर्वा जीपीओ में एमआइएस के तहत खाता खुलवाया था। खाते में नौ लाख रूपये जमा थे, उस राशि से मिल रहा ब्याज के आधार पर ही वह अपना मासिक खर्च वहन करते थे। इसी बीच धुर्वा पोस्ट ऑफिस के कर्मचारियों द्वारा कुछ दस्तावेजी कार्य कराया गया और उन्हें छह जून, 2023 को नया पासबुक दिया गया। नये ाासबुक जारी होने के बाद उन्हें कोई ब्याज की राशि खाते में लगभग चार हजार नौ सौ पचास खाते में नहीं आया। पोस्ट ऑफिस के द्वारा कभी एक हजार तो कभी छह सौ तो कभी तीन हजार राशियों की निकासी करवाया था। 17 अगस्त, 2023 को जब खाते का मिलान किया गया तो पाया गया कि उनके खाते में मात्र 532 रुपये ही शेष बचे हैं। जब बेटे चंद्रशेखर सिंह ने जीपीओ के द्वारा लेन-देन की विस्तृत प्रति देखी तो खाते से अवैध लेन-देन की जानकारी मिली। श्री प्रसाद सिंह ने पुलिस को बताया कि उनके खाते में नौ लाख रुपये में से लगभग 8.80 लाख की अवैध निकासी कर ली गयी। पीड़ित ने बताया कि वह शिकायत ले कर 19 अगस्त को ही गये थे, पर उनके आवेदन पर किसी ने ध्यान नहीं दिया। फिर उन्होंने धुर्वा थाने में कांड संख्या 254/23, दिनांक 27 अगस्त, 2023 को भादवि 406, 408, 419, 420/ 120बी के तहत प्राथमिकी दर्ज करायी।

> धुर्वा जीपीओ में खाताधारकों के खाते से करोड़ों रूपए की निकासी हुई है। इस मामले में जांच के आदेश दिये गये हैं। आखिर उक्त राशि किसके खाते में गयी इसकी छानबीन कराया जा रही है। **- अनूप बिरथरे, डीआइजी, रांची।**

# महेश्वरी परिवार की मौत की जांच अब सीबीआइ को

## हाइकोर्ट ने हजारीबाग के मामले में रिट याचिका स्वीकार की




खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** हजारीबाग के चर्चित महेश्वरी परिवार की सामूहिक मौत मामले की गुत्थी सुलझाने की जिम्मेदारी सीबीआइ को सौंप दी गयी है। झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश संजय कुमार द्विवेदी की अदालत ने सोमवार को यह आदेश दिया है। सीआइडी की रिपोर्ट को नरेश के भाई राजेश महेश्वरी ने हाइकोर्ट में चुनौती दी थी। उन्होंने सीआइडी की रिपोर्ट पर सवाल उठाते हुए सीबीआइ से पूरे मामले की जांच का आग्रह किया था। मामले की सुनवाइ करते हुए अदालत ने सीबीआइ जांच का आग्रह करने वाली राजेश की रिट याचिका को स्वीकृत कर लिया।

कोर्ट ने निर्देश दिया है कि स्टेट एजेंसी के सक्षम अधिकारी मामले का अनुसंधान करें और पुराने जांच में शामिल अधिकारियों को इसमें शामिल नहीं करें। कोर्ट ने चार माह में अनुसंधान पूरी कर फाइनल रिपोर्ट जमा करने का निर्देश दिया है। दरअसल, पूर्व में इस मामले की जांच सीआइडी कर रही थी। सीआइडी ने फाइनल रिपोर्ट जमाकर कहा था कि यह सुसाइड का मामला है। सीआइडी ने फाइनल फॉर्म भी अदालत में जमा कर दिया था।

सीआइडी की रिपोर्ट को प्रार्थी ने हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। प्रार्थी ने कहा था कि माहेश्वरी परिवार के 6 लोग की हत्या की गयी है, यह खुदकुशी का मामला नहीं है। प्रार्थी के अधिवक्ता हेमंत सिकरवार ने कोर्ट को बताया कि महावीर महेश्वरी (70) एवं उनकी पत्नी (65) दोनों की मौत पंख से लटक कर बतायी जा रही है। जबकि मौत के बाद उनका पैर मुड़ा हुआ हुआ था, जो बेड से सटा हुआ था। बेड पर चादर भी सही तरीके से थे, जबकि सुसाइड के दौरान छटपटाहट में बेड खराब स्थिति में दिखना चाहिए था। ऐसे में सीआइडी जांच को निरस्त कर सीबीआइ से जांच करायी जाये। कोर्ट ने उनकी दलील स्वीकार ली। (शेष पेज 11 पर)

# देवघर जमीन घोटाले में कांग्रेस नेता से पूछताछ

## इडी ने आनंद झा समेत 25 को भेजा समन

- आज होगी अमरेंद्र तिवारी से पूछताछ

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** देवघर के रोहिणी में चर्चित 41 कट्ठा राय बंगला जमीन पर फर्जी केवाला के माध्यम से खरीद बिक्री करने के आरोप में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष मुन्नम संजय सोमवार को इडी ऑफिस पहुंचे। मुन्नम संजय से इडी ने जमीन के मामले में पूछताछ की। इसी जमीन की खरीद बिक्री के मामले में शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी को भी उपस्थित होना था, लेकिन वह इडी ऑफिस नहीं पहुंचे।

राय बंगला की जमीन खरीद मामले में भी इडी ने बिहार के पूर्व सीएम स्व बिनोदानंद झा के पोते सह भाजपा नेता अभिषेक आनंद झा, अमरनाथ टेकरीवाल समेत 25 लोगों को इडी समन भेजा है। सभी से पूछताछ होगी। इनमें से रांची, देवघर, दुमका, पश्चिम बंगाल और गोडडा के भी खरीददार हैं। इडी ने 23 अगस्त को रांची के रातू रोड निवासी गोपाल कुमार सिंह, योगेंद्र तिवारी, मुन्नम संजय, अभिषेक आनंद झा समेत कई के ठिकानों पर छापेमारी की थी और जमीन से संबंधित पूछताछ की थी।

बताया जाता है कि देवघर में राय बंगला जमीन भस्मती कोनार का है। इस जमीन की मालकिन ने सीजेएम कोर्ट में फर्जी तरीके से दस्तावेज पेश कर जमीन पर जबरन कब्जा करने का पीटिशन दायर किया था। यह जमीन जिस-जिस ने खरीदी है, वे सभी इडी के रडार पर हैं।

वहीं शराब घोटाले के किंगपिन योगेंद्र तिवारी के भाई अमरेंद्र तिवारी से इडी की टीम पूछताछ करेगी। गौरतलब हो कि वर्ष 2020 में नगर थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड स्थित राय बंगला की जमीन के एक हिस्से में निषेधाज्ञा लागू कर दिया गया था। यह मामला बहुत चर्चित होने लगा तो पुलिस वहां पहुंची थी। पुलिस को वहां भारी विरोध का सामना करना पड़ा था।

### इंडिया के महाजुटान में हेमंत भी होंगे शामिल

**रांची।** 31 अगस्त और 1 सितंबर को विपक्षी गठबंधन इंडिया की मुंबई बैठक में झारखंड सहित देश भर के विपक्षी दलों के नेताओं का महाजुटान होने जा रहा है। मुख्यमंत्री और झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन भी शिरकत करने वाले हैं। गैर भाजपा दलों के इस तीसरी बैठक पर सबकी नजरें टिकी हुई हैं। बैठक में झारखंड की सभी 14 सीटों पर फॉर्मूला तय करने के अलावे छत्तीसगढ़, ओड़िशा और पश्चिम बंगाल में भी झामुमो को भागीदारी देने की मांग किये जाने की संभावना है। झामुमो केंद्रीय प्रवक्ता मनोज पांडे के अनुसार, विपक्षी दलों की बैठक कई मायनों में अहम होगा। केंद्र द्वारा केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल कर विपक्षी दल के नेताओं को हाल के दिनों में टारगेट किये जाने के मुद्दे पर एकजुट होकर इसका विरोध करने पर भी विचार किया जा सकता है।

## चारा घोटाला : आरसी 48ए/96 मामला, साक्ष्य के अभाव में 35 बरी

# 27 साल बाद 89 दोषी करार, 36 भेजे गये जेल

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** बहुचर्चित चारा घोटाले के अंतिम एवं आरोपियों की संख्या में सबसे बड़े मामले में 27 साल बाद सोमवार को सीबीआइ के विशेष न्यायाधीश विशाल श्रीवास्तव की अदालत ने 124 अभियुक्तों में से 89 को दोषी करार दिया है। नौ महिला समेत 35 आरोपियों को पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में बरी किया गया। दोषी करार पशुपालन विभाग के तत्कालीन सहायक निदेशक डॉ केएम प्रसाद, क्षेत्रीय निदेशक डॉ जुनूल भेंगराज, बजट एवं लेखा पदाधिकारी नित्यानंद कुमार सिंह समेत 36 अभियुक्तों को बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार भेज दिया है। दोषी करार इन अभियुक्तों की सजा के बिंदु पर एक सितंबर की तारीख निर्धारित की है।

**53 को 2 से 3 साल की सजा :** अदालत ने सोमवार को दोषी करार सात महिला समेत 53 अभियुक्तों को दो से तीन साल तक की सजा सुनायी। साथ ही इन अभियुक्तों पर 10 हजार से लेकर 4.20 लाख रुपये तक का जुर्माना भी लगाया। जुर्माने की राशि नहीं देने पर अभियुक्तों को अतिरिक्त सजा काटनी होगी। सबसे अधिक जुर्माना आपूर्तिकर्ता श्याम सुंदर शर्मा को 4.20 लाख व सबसे कम अनंत मुरारी सिंह को 1300 रुपये का लगाया गया। फैसले के दौरान सीबीआइ के विशेष लोक अभियोजक रवि शंकर ने पैरवी की। यह फैसला डोरंडा कोषागार से 36 करोड़ 60 लाख रुपये की अवैध निकासी मामले में सुनाई गई है। इस घोटाले के लेकर सीबीआई ने कांड संख्या आरसी 48ए/96 के तहत प्राथमिकी 1996 में प्राथमिकी दर्ज की थी। इससे पूर्व मामले के सभी आरोपी सोमवार को सीबीआई कोर्ट पहुंचे। (पेज 2 भी देखें)

### एंबुलेंस से पहुंचे तीन अभियुक्त

चारा घोटाले के आरोपी तत्कालीन जिला पशुपालन अधिकारी 90 वर्षीय डॉ गौरी शंकर प्रसाद, 84 वर्षीय डॉ केएम प्रसाद एवं आपूर्तिकर्ता 67 वर्षीय मो सईद फैसले के दिन एंबुलेंस से कोर्ट पहुंचे थे। सुनवाई के दौरान तीनों एंबुलेंस में बैठे रहे। अदालत ने तीनों को दोषी करार दिया है। साथ ही तीनों को बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार भेज दिया है।

### दो अनुपस्थित थे

अदालत ने सभी का नाम लिया। इसमें से दो आरोपी अजय कुमार सिंह एवं सुरेश दुबे अनुपस्थित पाये गये। मालूम हो कि जिन 53 अभियुक्तों को तीन साल की सजा सुनाई गयी है, उन सभी अभियुक्तों को ऊपरी अदालत में अपील करने के लिए जमानत की सुविधा प्रदान की है।

# चंद्रयान-3 : चांद पर 4 मीटर गहरा गड्ढा देख घबराया रोवर

## तुरंत बदला रास्ता, सबकुछ ठीकठाक, नये रास्ते पर बढ़ रहा प्रज्ञान

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने चंद्रयान-3 मिशन के रोवर प्रज्ञान के चांद पर आगे बढ़ने और उस रास्ते पर गड्ढा मिलने के बाद वापस लौटने की तस्वीर जारी की है। इसरो ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर यह तस्वीर साझा करते हुए लिखा कि 27 अगस्त, 2023 को रोवर अपने स्थान से 3 मीटर आगे चला जहां उसे 4 मीटर व्यास वाला गड्ढा मिला। रोवर को वापस लौटने का आदेश मिला। इसरो ने बताया कि प्रज्ञान पूरी तरह सुरक्षित है और अब एक नये रास्ते पर आगे बढ़ रहा है। चंद्रमा की सतह पर उतरने के कुछ घंटों बाद 26 किलोग्राम वजनी छह पहियों वाला रोवर लैंडर से बाहर निकला था और अब यह आगे बढ़ रहा है। इसरो के अनुसार प्रज्ञान के सामने हालांकि इस बार गड्ढा काफी बड़ा था। अभी प्रज्ञान रोवर को ऐसी कई चुनौतियों से निपटना है।



**..अब नौ दिन का समय शेष :** एक चंद्र दिवस पूरा होने में अब 9 दिन का वक्त बाकी है। इससे पूर्व इसरो की कोशिश है कि रोवर मॉड्यूल प्रज्ञान चंद्रमा की सतह पर अधिकतम दूरी को कवर कर ले। रोवर के उपकरण एलआइबीएस और एपीएक्सएस चालू हैं। प्रोपल्शन मॉड्यूल, लैंडर और रोवर पर सभी उपकरण सामान्य ढंग से काम कर रहे हैं। 23 अगस्त को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर लैंडर विक्रम और रोवर प्रज्ञान से लैस लैंडर मॉड्यूल की सॉफ्ट लैंडिग कराने में सफलता हासिल की है। दक्षिणी ध्रुव पर सॉफ्ट लैंडिंग करने वाला दुनिया का पहला देश बना है भारत।

### अब सूरज की ओर भारत की बड़ी छलांग

**नयी दिल्ली।** चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग के बाद अब भारत की नजर सूरज पर लंबी छलांग लगाने की तरफ है। मिशन आदित्य एल-वन की लॉन्चिंग का इसरो ने घोषणा कर दी। इसरो ने बताया कि पहला आदित्य एल-वन सौर मिशन 2 सितंबर को सुबह 11.50 पर लॉन्च किया जायेगा। इसरो की तरफ से ट्वीट किया गया कि सौर मिशन का प्रक्षेपण श्रीहरिकोटा से होगा।

# भारत ने जीती एशियाई हॉकी



एजेंसी

**सलालाह।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने सोमवार को एकतरफा फाइनल मुकाबले में थाईलैंड को 7-2 से हराकर एशियाई हॉकी 5एस विश्व कप क्वालीफायर जीत लिया। फाइनल में पहुंचकर पहले ही विश्व कप में जगह बना चुकी भारतीय टीम के लिए मरियाना कुजूर (दूसरा, आठवां मिनट) और ज्योति (10वां, 27वां मिनट) ने दो-दो गोल जमाये, जबकि मोनिका टोप्पो (सातवां मिनट), नवजोत कौर (23वां मिनट) और महिमा चौधरी (29वां मिनट) ने एक-एक गोल किया।

# सीबीआई ने 1996 में 192 आरोपियों के खिलाफ दर्ज की थी प्राथमिकी

**चारा घोटाला**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** डोरंडा कोषागार में अवैध निकासी को लेकर सीबीआई ने साल 1996 में 192 आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। चार्जशीट नवंबर 2001 में दाखिल की गई। इसमें अभियुक्तों की संख्या घटकर 187 हो गई। इसके बाद सीबीआई ने छह आरोपियों को वादामाफ गवाह, सरकारी गवाह बनाया। छह आरोपी फरार चल रहे हैं।

मामले में 172 आरोपियों के खिलाफ अप्रैल 2005 को आरोप गठित किया गया था। आरोप गठन के बाद सीबीआई की ओर से गवाही प्रारंभ हुई। चली लंबी सुनवाई के दौरान 56 आरोपियों ने साथ छोड़ दिया। अर्थात 56 आरोपियों की मौत हो गई। 124 ने ट्रायल फेस किया।

### 50 हजार से अधिक दस्तावेज और 617 गवाही

सीबीआई को घोटाले की जांच को साबित करने के लिए बहुत अधिक मेहनत करनी पड़ी। सुनवाई के दौरान सीबीआई की ओर से 50 हजार से अधिक दस्तावेजों को अदालत में प्रस्तुत किया गया। साथ ही छह वादामाफ गवाह समेत 617 गवाहों के बयान अदालत ने दर्ज किया। इसके बाद ही अदालत ने फैसला सुनाई। सीबीआई की ओर से विशेष लोक अभियोजक रवि शंकर ने पूरे मामले में पक्ष रखा है।

**दोषी पाए जाने के बाद 36 को भेजा गया जेल :** अदालत ने दोषी पाए जाने के बाद 36 आरोपियों को जेल भेज दिया है। इसमें नित्यानंद कुमार सिंह, डॉ जुनूल भेंगराज, डॉ केएम प्रसाद, डॉ राधा रमण सहाय, डॉ गौरी शंकर प्रसाद, डॉ रवींद्र कुमार सिंह, डॉ फणिंद्र कुमार त्रिपाठी, आपूर्ति कर्ता महेंद्र प्रसाद, देवेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव, अशोक कुमार यादव, राम नंदन सिंह, डॉ बिजयेश्वरी प्रसाद सिन्हा, अजय कुमार सिन्हा, राजन मेहता, रवि नंदन कुमार सिन्हा उर्फ रवि कुमार सिन्हा, राजेंद्र कुमार हरित, अनिल कुमार, त्रिपुरारी मोहन प्रसाद, दयानंद प्रसाद कश्यप, शरद कुमार, मो सईद, मो तौहिद, संजय कुमार, रामा शंकर सिंह, उमेश दुबे, अरुण कुमार वर्मा, डॉ अजित कुमार वर्मा, सुशील कुमार सिन्हा, जगमोहन लाल कक्कड़, श्याम नंदन सिंह, मोहिंद्र सिंह बेदी, प्रदीप कुमार चौधरी, सत्येंद्र कुमार मेहरा, मदन मोहन पाठक एवं प्रदीन वशिष्ठ उर्फ प्रदीप कुमार का नाम शामिल है। एक अभियुक्त सुरेश दुबे नहीं पहुंचा है। उसको भी अदालत ने दोषी पाया है।

---

**निमियाघाट मंडल स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में हुए शामिल**

## राज्य के सत्ताधारी दलों के भ्रष्टाचारी व कदाचारी भी जायेंगे जेल : लक्ष्मीकांत



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची/डुमरी।** भाजपा के प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेई ने सोमवार को डुमरी के निमिया घाट मंडल स्तरीय कार्यकर्ताओं को उपचुनाव में जीत का मंत्र सिखाया। डॉ वाजपेयी ने एनडीए प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि एनडीए प्रत्याशी यशोदा देवी को 5 सितंबर को केला छाप पर बटन दबाकर अपार मतों से जितायें। उन्होंने कहा कि देश में भ्रष्टाचारियों ने विश्व के सर्वमान्य नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 2024 में रोकने के लिए गठबंधन बनाया है लेकिन सबको पता है कि मोदी के साथ जनता जनार्दन है। देश की जनता मोदी के विकास के संकल्पों के साथ खड़ी है। मोदी जी ने देश से परिवारवाद, भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण को समाप्त करने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि झारखंड में भ्रष्टाचार, परिवारवाद, तुष्टिकरण व्याप्त है। इसलिए इसके संरक्षक सत्ताधारी दलों के भ्रष्टाचारियों को जेल जाना ही पड़ेगा। उन्होंने कहा कि राज्य की संपत्ति लूटी जा रही है, बहन बेटियों की इज्जत सुरक्षित नहीं है।

उन्होंने कहा कि आज एक तरफ भारत में गांव, गरीब, किसान मोदी जी के नेतृत्व में विकास की मुख्यधारा से जुड़ रहे हैं। भारत अपना तिरंगा चांद पर फहरा रहा है। झारखंड में भ्रष्ट लुटेरी सरकार को हटाना जरूरी है।

## 13 सितंबर को पदयात्रा निकालेगी सीपीआइ-एम



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सीपीआइ-एम कार्यकर्ताओं की बैठक सोमवार को जिला कमेटी सदस्य मधुआ कच्छप की अध्यक्षता में हुई। बैठक में तय किया गया कि बढ़ती महंगाई और घटते रोजगार के मुद्दे पर पंचायत स्तर पर तक घर-घर जाकर केंद्र की भाजपा सरकार की नीतियों को उजागर किया जाएगा। इस दौरान झारखंड के ज्वलंत मुद्दों जिसमें विस्थापन और जमीन की लूट के खिलाफ और शहीद सुभाष मुंडा के हत्यारों को गिरफ्तार कर सजा दिये जाने की मांग की गयी। इसके साथ ही 13 सितंबर को एक प्रभावी पदयात्रा निकाल कर रांची के उपायुक्त के समक्ष प्रदर्शन किया जाएगा। बैठक में रांची के पश्चिमी प्रखंडों का किया गया। जिसमें नगड़ी, रातू, मांडर, चान्हो और इटकी क्षेत्र के पार्टी कार्यकर्ता शामिल रहे। बैठक में डा. रामचंद्र डोम, प्रकाश विप्लव, समीर दास, सुरेश मुंडा, सुखनाथ लोहरा, प्रकाश टोप्पो, प्रो. रंथु उरांव, राकेश उरांव, अमित उरांव, रजनीश उरांव और भंते जैनेंद्र तथागत आदि थे।

---

**डुमरी से आतंक और जंगल राज खत्म कर जनता राज करेंगे स्थापित**

## इस बार उपचुनाव में डुमरी से झारखंड मुक्ति मोर्चा की हार तय : सुदेश महतो

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची/चंद्रपुरा।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा है कि डुमरी विधानसभा क्षेत्र से झारखंड मुक्ति मोर्चा की विदाई तय है। यहां जनता का झामुमो से विश्वास उठ गया है। डुमरी की जनता बदलाव के लिए आगे बढ़ चुकी है। उपचुनाव में झामुमो वाले अपराधिक आचरण दिखा रहे हैं। हम डुमरी से आतंक और जंगल राज खत्म करके जनता राज स्थापित करेंगे। डुमरी उपचुनाव में पार्टी प्रत्याशी यशोदा देवी के पक्ष में प्रचार करते हुए आजसू प्रमुख ने सोमवार को चंद्रपुरा के नर्रा, हरलाटांड, बारवाडीह, बेलियाटांड, जुनौरी में पद यात्रा एवं तरंगा, पपलो, नर्रा, अलारगो में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन में साहस है तो प्रचार के दौरान जनता के बीच डुमरी का विकास कार्ड सामने रखें। दुमका के बारे में भी कुछ बताएं लेकिन मुख्यमंत्री यह नहीं कर सकते क्योंकि राजनीति में सेवा झारखंड मुक्ति मोर्चा या उसके राजा के चरित्र में रहा ही नहीं है। रात में लूट और दिन भर झूठ यही झारखंड मुक्ति मोर्चा और उसकी सरकार का असली चरित्र है।

उन्होंने कहा कि 2024 में होने वाला चुनाव राज्य की दिशा तय करेगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि अगले सवा साल में ही डुमरी की तस्वीर हम बदल कर रख देंगे। तब झामुमो के 19 साल के लंबे प्रतिनिधित्व और इस सवा साल के काम का अंतर साफ दिखाई पड़ेगा।



### झूठे वादे पर कुछ भी क्यों नहीं कहती सरकार

सुदेश महतो ने सवाल किया कि 2019 के चुनाव से पहले किए गए 400 वादे किस हाल में हैं, इस पर झारखंड मुक्ति मोर्चा वाले या मुख्यमंत्री कुछ नहीं कहते। राज्य के 12 लाख लोग दूसरे राज्यों में काम कर रहे हैं और 40 लाख बेरोजगार हैं। पांच लाख नौकरियां देने के वादे पर मुख्यमंत्री बकरी और सूअर पालने की सलाह देते हैं। इस राज्य के युवाओं में गुस्सा है। निराशा है। राज्य में बढ़ते अपराध पर उन्होंने कहा कि अपराधी बेलगाम हो गए हैं और सरकार अंकुश लगाने में नाकाम है। मुख्यमंत्री जनता को विश्वास दिलाने में नाकाम रहे हैं कि उनके राज्य में बिना पैसे दिए हुए कोई काम हो सकता है। उन्होंने जनसभामें कहा कि केलाछाप पर बटन दबाकर यशोदा देवी को विजयी बनाएं। हम नया डुमरी बनायेंगे जो जनता की आकांक्षा और आशा के अनुरूप होगा।

## उप चुनाव महागठबंधन सरकार को सबक सिखाने का अवसरः बाबूलाल

**राज्य की जनता का झामुमो से उठ चुका है विश्वास, शासन तंत्र में मांग रही बदलाव**



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने निमिया घाट मंडल स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में कहा कि यह उपचुनाव हेमंत सरकार को सबक सिखाने का अवसर है। उन्होंने कहा कि आखिर यूपीए ठगबंधन में झामुमो को क्यों वोट दे जनता, जिसके सारे वादे फेल हो गये हों। नौकरी देने के नाम पर केवल स्थानीय नीति और नियोजन नीति में राज्य को उलझा दिया।

उन्होंने कहा कि आज चारो तरफ लूट ही लूट मची है। गरीबों आदिवासियों की जमीन औने पौने दाम पर हड़प लिया और ईडी की कारवाई से बचने केलिए हाई कोर्ट, सुप्रीम कोर्ट का चक्कर लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड की जनता को प्रधानमंत्री आवास केलिये बालू नही मिल रहा है। उन्होंने कहा कि महाजन का विरोध करते करते हेमंत सोरेन परिवार सबसे बड़ा महाजन बन गया। उन्होंने कहा कि आगामी 5 सितंबर को अपनी ताकत को दिखा दीजिये। सम्मेलन में जिलाध्यक्ष महादेव दुबे, पूर्व सांसद रविंद्र कुमार राय, रविंद्र पांडेय, अमित सिंह, सुनील साव, यदु नंदन पाठक सहित मंडल के बूथ स्तर कार्यकर्ता उपस्थित थे।

---

**झामुमो की ओर से लगाये गये आरोप पर बाबूलाल मरांडी के भाई रामिया मरांडी ने रखा अपना पक्ष**

## 2011 में छोड़ दी थी संथाल परगना बिल्डर्स कंपनी : रामिया मरांडी

**कंपनी के गलत कारोबार पर संदेह है तो राज्य सरकार कंपनी पर करे केस और संपत्ति करे जब्त**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झामुमो द्वारा संथाल परगना बिल्डर्स कंपनी को लेकर बाबूलाल मरांडी के खिलाफ उठाये जा रहे सवाल पर उनके भाई रामिया मरांडी ने अपना पक्ष रखा है। उन्होंने पत्र जारी कर कहा कि यह कंपनी 2005 में बनी, तब मैं इसका डायरेक्टर था लेकिन, जब शिकायतें आने लगी कि योगेंद्र तिवारी जमीन और शराब का कारोबार भी करने लगा है। उसका मुख्य धंधा राजनीति, प्रशासन में प्रभावी लोगों के करीबियों से संबंध रखना और उनका इस्तेमाल अपने फायदे के लिए करना, मुसीबत से बचने के लिए प्रभावशाली लोगों का इस्तेमाल करना बन गया है, तब लगने लगा कि भविष्य हमारी बदनामी हो सकती है। भविष्य में इसका असर मेरे बड़े भाई बाबूलाल मरांडी पर भी पड़ सकता है। इसलिए वर्ष 2011 में मैं उस कंपनी से अलग हो गया।

रामिया मरांडी ने कहा कि आज 13 साल बाद उस कंपनी से मेरा नाम जोड़ना समझ से परे है। अगर कंपनी ने गलत धंधा किया है या कर रही है तो सरकार तुरंत उस कंपनी पर केस करे और सारी संपत्ति जब्त करे। सबको सबकुछ पता चल जायेगा। उन्होंने कहा कि लगता है कि इस सरकार में कार्रवाई करने का साहस नहीं है। इसलिए प्रेस मीडिया के माध्यम से झामुमो द्वारा राज्य के लोगों में भ्रम फैलाया जा रहा है।

---

## हाईकोर्ट ने सरकार को दिया निर्देश : चिटफंड घोटाले में वन मैन कमीशन बनाकर निवेशकों को पैसे लौटाने पर जल्द निर्णय लें

**राज्य सरकार को वन मैन कमीशन बनाने पर निर्णय लेने के लिए अंतिम मौका देते हुए 3 सप्ताह का समय प्रदान किया**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** चिटफंड घोटाला मामले में निवेशकों के डूबे पैसा की वापसी को लेकर दायर नन बैंकिंग अभिरक्षा निवेशक सुरक्षा समिति सहित अन्य याचिकाओं की सुनवाई सोमवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट ने निवेशकों के डूबे पैसे उन्हें वापस दिलाने के लिए राज्य सरकार को वन मैन कमीशन बनाने पर निर्णय लेने के लिए अंतिम मौका देते हुए 3 सप्ताह का समय प्रदान किया। अदालत ने कहा कि अगर सरकार इस पर निर्णय नहीं लेती है तो कोर्ट अगली सुनवाई में खुद आदेश देगा। कोर्ट ने राज्य सरकार के अधिवक्ता से मौखिक कहा कि सुप्रीम कोर्ट की पूर्व जस्टिस आर भानुमति की अध्यक्षता में वन मैन कमिशन बनाने के संबंध में राज्य सरकार से दिशा- निर्देश प्राप्त करें, अगर सरकार निर्णय नहीं लेती है तो कोर्ट खुद निर्णय लेगा। राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता अशोक कुमार यादव ने पैरवी की।

दरअसल, पूर्व की सुनवाई में कोर्ट ने राज्य सरकार द्वारा निवेशकों के पैसा वापसी को लेकर आईजी, सीआईडी की अध्यक्षता में गठित छह सदस्य वाली कमेटी के निर्णय को नहीं माना था। कोर्ट ने निवेशकों के पैसा वापस दिलाने को लेकर वन मैन कमीशन का सुझाव दिया था। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की।

पूर्व की सुनवाई में प्रार्थी के अधिवक्ता की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि चिटफंड घोटाला में शामिल कई कंपनी के संचालकों की ईडी और सीबीआई ने करोड़ों रुपए की संपत्ति एवं पैसे जब्त किए हैं। चिटफंड घोटाले के जब्त पैसे ईडी और सीबीआई ने बैंकों में रखे हैं। कई राज्यों में एक कमेटी बनाकर चिटफंड के शिकार लोगों के केस को डिस्पोजल किया जा रहा है और उन्हें उनके डूबे पैसे वापस दिलाये जा रहे हैं। झारखंड में भी कमेटी बनाकर निवेशकों के डूबे पैसे को वापस दिलाया जाए। बता दें कि मामले की जांच सीबीआई कर रही है। अब निवेशकों के डूबे पैसे भी वापस दिलवाने की पहल की जाए।

## जंगल, जमीन खरीद बिक्री मामले में मांगा जवाब

**पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के सचिव और राष्ट्रीय खनिज विकास निगम लिमिटेड को मामले में बनाया प्रतिवादी**

**रांची।** जंगल की जमीन एवं सरकारी जमीन की खरीद बिक्री की जांच कराने को लेकर कृषि ज्ञान संस्था के डॉक्टर लाल राजीव रंजन नाथ शहदेव की जनहित याचिका की सुनवाई हाईकोर्ट में सोमवार को हुई। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के सचिव और राष्ट्रीय खनिज विकास निगम लिमिटेड को मामले में प्रतिवादी बनाया है। कोर्ट ने इन दोनों के अलावे राज्य सरकार को भी जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। अगली सुनवाई 16 अक्टूबर को होगी। प्रार्थी की ओर से ज्ञानरंजन नाथ शहदेव ने पैरवी की। पूर्व की सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया गया था कि कुछ प्राइवेट कंपनियां (इलेक्ट्रो स्टील लिमिटेड वेदांता, जीवीके पावर आदि) और कुछ व्यक्तियों के द्वारा राज्य में जंगल एवं सरकारी भूमि की खरीद बिक्री की गई है और जमीन का अतिक्रमण किया गया है, जो नियम विरुद्ध है, जिसकी जांच कराई जानी चाहिए। जिसके बाद कोर्ट ने उक्त प्राइवेट कंपनियों को नोटिस जारी किया था। प्रार्थी की ओर से कोर्ट के समक्ष राज्य के फॉरेस्ट की ऑडिट रिपोर्ट भी प्रस्तुत की गई थी। इसमें बताया गया था कि सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्य को 30 सितंबर 2002 तक के तय समय सीमा में जंगल से अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया था परंतु 20 वर्ष होने के बाद भी जंगल से अतिक्रमण नहीं हटाया गया और राज्य में 62,952 एकड़ जंगल में निजी कंपनी और अतिक्रमणकारियों के द्वारा रजिस्ट्री के माध्यम से जमीन खरीद ली गयी है। फॉरेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया एवं राज्य सरकार के कुल फॉरेस्ट एरिया में लगभग 2.5 लाख का अंतर है।

---

**सीएम के निर्देश पर श्रम विभाग की टीम ने लेह-लद्दाख का दौरा किया**

## सीमा सड़क संगठन में कार्यरत झारखंड के आदिवासी श्रमिकों की ली जानकारी

**लद्दाख में निबंधित लेबर एजेंसीज द्वारा संताली श्रमिकों का गैर कानूनी रूप से नियोजित करने का मुद्दा उठाया**



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के निर्देश पर श्रम विभाग के एक प्रतिनिधिमंडल ने लेह लद्दाख में कार्यरत झारखंड खास कर संताल परगना के आदिवासी श्रमिकों की स्थिति का जायजा लिया। दल ने लेह लद्दाख और सीमा सड़क संगठन के अधिकारियों से बातचीत कर श्रमिकों की स्थिति को और बेहतर करने का आग्रह किया है। मालूम हो कि राष्ट्र को बेहतर आधारभूत संरचना से लाभान्वित करने में झारखंड के संताली आदिवासी श्रमिकों का विशिष्ट योगदान है। इनका योगदान सीमा सड़क संगठन के सभी कार्य में है। चाहे गहरी खाई पर पुल बनाना हो या पहाड़ को चीर कर सड़क। इसलिये मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इन्हें वीर श्रमिक की उपाधि दी है। लेह लद्दाख में बीआरओ की परियोजनाओं जैसे हिमांक, विजयक और योजक को समय पर काम पूरा करने में झारखंड के कुशल और मेहनती श्रमिकों का अहम योगदान है। इसको ध्यान में रखते हुए लद्दाख में प्रवासी श्रमिकों की स्थिति की जानकारी लेने के लिए प्रतिनिधिमंडल श्रमायुक्त झारखंड के नेतृत्व में 21 अगस्त 2023 को लेह लद्दाख गया था।

**श्रमिकों के लिए हमेशा तत्पर सरकार :** लद्दाख में श्रम सचिव द्वारा आयोजित बैठक में प्रतिनिधिमंडल ने बीआरओ को राज्य के प्रवासी श्रमिकों को कार्य के दौरान जरूरी रक्षा संसाधनों से सुसज्जित करने का निर्देश दिया है। ताकि श्रमिकों की जान माल की सुरक्षा सुनिश्ति हो सके। इससे पूर्व भी राज्य सरकार द्वारा श्रमिकों को हर संभव सहायता झारखंड सरकार ने पहुंचाया। कोरोना संक्रमण काल में भी झारखंड के श्रमिकों को सरकार हवाई जहाज से सुरक्षित झारखण्ड लेकर आई थी।

**मुख्यमंत्री का मिला है निर्देश :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने श्रम विभाग के अधिकारियों को प्रवासी श्रमिकों को हर संभव सहायता करने और लद्दाख में निबंधित लेबर एजेंसीज द्वारा खास कर संताली आदिवासियों को गैर कानूनी रूप से नियोजित करने के खिलाफ सख्त कदम उठाने का निर्देश दिया है। प्रतिनिधिमंडल ने प्रवासी श्रमिक से मुलाकात की तथा कार्यस्थलों का भी दौरा किया। जहां से झारखण्ड के श्रम विभाग को प्रवासी श्रमिकों द्वारा संपर्क किया जा रहा था। प्रवासी श्रमिकों को किसी भी तरह की परेशानी होने पर निम्नांकित हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क करने की बात कार्यरत श्रमिकों से कही गई है।

## दो सितंबर को सम्मानित होंगे राज्य के मेधावी बच्चे

**रांची।** जैक बोर्ड की ओर से 2 सितंबर को राज्य के 2023 के मेधावियों (टॉपरों) को सम्मानित किया जाएगा। इस दिन जैक का स्थापना दिवस समारोह भी है। इसी को लेकर जैक ने 2 सितंबर की दोपहर 12 बजे से स्थापना सह सम्मान समारोह आयोजन करने का निर्णय लिया है। समारोह में 2023 के मैट्रिक, इंटर, इंटर वोकेशनल, मध्यमा और मदरसा परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। यह जानकारी जैक के सचिव एस तिग्गा ने दी। उन्होंने बताया कि इस समारोह के मुख्य अतिथि झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो होंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में निदेशक माध्यमिक शिक्षा सुनील कुमार, निदेशक प्राथमिक शिक्षा नेहा अरोड़ा और झारखंड शैक्षणिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (जेसीईआरटी) की निदेशक किरण कुमार पासी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगी।

## शिक्षकों की मुख्यमंत्री से गुहार, म्यूचअल ट्रांसफर का भी करें प्रावधान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** प्रदेश के शिक्षकों ने मुख्यमंत्री से टीचर ट्रांसफर पोर्टल में मौजूद खामियों में सुधार करने की मांग की है। इसमें मैचुअल ट्रांसफर का प्रावधान भी जोड़ने की मांग की है। उनका कहना है कि इससे शिक्षकों की दिक्कतें कम होगी। विद्यार्थियों को लाभ होगा। एकीकृत गृह जिला स्थानांतरण शिक्षक संघ झारखंड के मुख्य प्रदेश प्रतिनिधि प्रेम प्यारे लाल ने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को ट्वीट किया है। उसने टीचर ट्रांसफर पोर्टल में व्याप्त खामियों में यथाशीघ्र सुधार करने का आग्रह किया। साथ ही कहा है कि टीचर ट्रांसफर पोर्टल में मैचुअल ट्रांसफर का प्रावधान को जोड़ा जाये।

श्री लाल ने कहा कि मैचुअल ट्रांसफर से शिक्षा विभाग में किसी प्रकार की पद की समस्या नहीं होगी। प्रत्येक शिक्षक के बदले वहां शिक्षक की पोस्टिंग हो जायेगी। एक शिक्षक दूसरे जिले में जायेंगे तो उसके बदले उस जिले के शिक्षक वापस आ जायेंगे। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मैचुअल ट्रांसफर से विभाग में किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं होगी। अतिरिक्त बोझ भी नहीं पड़ेगा। शिक्षकों की परेशानी भी कम होगी। बचों की शिक्षा की गुणवत्ता में भी सुधार होगा।

## स्वास्थ्य विभाग को व्यय के लिए 87.5 लाख रुपये अतिरिक्त आवंटित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** जन स्वास्थ्य संस्थान और अधीक्षण के अंतर्गत वित्त वर्ष 2023-24 में व्यय के लिए 87 लाख 5 हजार 400 रुपए का अतिरिक्त आवंटन किया गया है। स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह ने क्षेत्रीय उपनिदेशक स्वास्थ्य सेवाएं, उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल हजारीबाग/दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल रांची, संथाल परगना प्रमंडल दुमका, अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी रांची को सूचित किया है। आवंटित राशि से वेतन, छुट्टी यात्रा रियायत, देशीय यात्रा व्यय, कार्यालय व्यय, कार्यालय उपकरण, आपूर्ति, सामग्री दूरभाष, वर्दी, विद्युत व्यय, मोटर गाड़ी ईंधन और मरम्मत पर खर्च किए जाएंगे। राशि के निकासी व व्ययन पदाधिकारी संबंधित क्षेत्रीय उपनिदेशक स्वास्थ्य सेवा/ संबंधित अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी होंगे। वहीं, नियंत्री पदाधिकारी अपर मुख्य सचिव होंगे।

**मदवार आवंटित राशि की विवरणी**

- क्षेत्रीय उपनिदेशक स्वास्थ्य सेवा संथाल परगना प्रमंडल दुमका को 18,90,920 रुपये।
- क्षेत्रीय उपनिदेशक स्वास्थ्य सेवाएं दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल रांची को 24,82,880 रुपये।
- क्षेत्रीय उपनिदेशक स्वास्थ्य सेवाएं उत्तरी छोटा नागपुर प्रमंडल हजारीबाग को 32,15,300 रुपये।
- जन स्वास्थ्य संस्थान रांची को 11,16,300 रुपये दिये गये हैं।

# अपराध को अंजाम देने की योजना बना रहे 14 अपराधी गिरफ्तार, हथियार भी बरामद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची में आपराधिक घटना को अंजाम देने के मामले में रांची पुलिस ने अलग-अलग जगहों से 14 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। एसएसपी किशोर कौशल को मिली गुप्त सूचना के आधार पर सदर थाना, खेलगांव थाना और मेसरा ओपी की पुलिस ने कार्रवाई की और 14 अपराधियों की गिरफ्तारी हुई। गिरफ्तार अपराधियों में अंबर कुमार राम, नीरज कुमार, सन्नी पासवान, शंकर राम, साहिल सिंह, सौरभ कुमार, मो. सब्बीर, सब्बीर कुरैशी, रोहित कुमार साव, अमित कुमार, मनीष कुमार, राजा वर्मा, सन्नी कुमार 2 और सूरज गुप्ता शामिल है। गिरफ्तार अपराधियों के पास से दो पिस्टल, एक देशी कप्ता, छिनतई के आठ मोबाइल फोन,सात बाइक और स्कूटी बरामद किया गया है।

**गिरफ्तार अपराधियों का रहा है पूर्व में आपराधिक इतिहास** : एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है। जिनमें सन्नी पासवान के खिलाफ चार मामले, अंबर कुमार के खिलाफ पांच मामले, सौरभ कुमार के खिलाफ दो, साहिल सिंह के खिलाफ चार, सब्बीर कुरैशी के खिलाफ एक, सूरज गुप्ता के खिलाफ दो और राजा वर्मा के खिलाफ चार मामले रांची के अलग-अलग थानों में दर्ज हैं। इन अपराधियों द्वारा रातू रोड के मोदी हाइट्स के बाहर घटना को अंजाम देने की योजना थी।



### ऐसे हुई अपराधियों की गिरफ्तारी

सदर थाना क्षेत्र के भाभा नगर में बीते 24 अगस्त को छिनतई की घटना हुई थी। इस मामले के खुलासा के लिए एसएसपी ने पुलिस टीम का गठन किया गया था। टीम ने कार्रवाई करते हुए कोकर चौक के पास एक बाउंड्री वॉल के अंदर छापेमारी कर छह अपराधियों को लोडेड पिस्तौल के साथ गिरफ्तार किया। इन लोगों से पूछताछ करने पर इन्होंने भाभा नगर में हुई छिनतई की घटना के साथ-साथ कई कांडों में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। इसी दौरान एसपी को बीते 27 अगस्त को सूचना मिली कि सदर थाना क्षेत्र के पीएचइडी पहाड़ पर कुछ अपराधी हथियार के साथ जुटे हुए हैं और किसी बड़े अपराध की योजना बना रहे हैं। इसके बाद पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए सभी अपराधियों को गिरफ्तार किया।

## डेंगू के बढ़ते प्रकोप को लेकर रिम्स और रांची सदर अस्पताल अलर्ट

# तेजी से बढ़ रहे मरीज, डेंगू के साथ-साथ चिकनगुनिया का भी है खतरा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखड में डेंगू के मरीजों की पुष्टि होने लगी है। इसे लेकर राज्य के सबसे बड़े अस्पताल रिम्स और सदर को भी अलर्ट मोड में रहने को कहा गया है। झारखंड में डेंगू से सुरक्षा के लिए सावधानी और उपाय के बीच राज्य में मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। जनवरी से लेकर अब तक सिर्फ पूर्वी सिंहभूम में सबसे ज्यादा 264 डेंगू के मरीज मिले हैं। वहीं बीते एक सप्ताह में इस जिले में डेंगू के 63 और चिकनगुनिया के 9 मरीज मिले हैं, जबकि सोमवर को देवघर जिले में डेंगू के आठ मरीजों की पुष्टि हुई है। ये सभी मरीज राज्य के बाहर के हैं। वेक्टर जनित रोग के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ बीरेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि डेंगू से बचाव को लेकर सभी जिले को गाइडलाइन जारी की गई है। हमारी टीम घर-घर जाकर मच्छरों के लार्वा को नष्ट करने का काम कर रही है और यह अभियान 30 नवंबर तक लगातार किया जाएगा।

**सोमवार को देवघर में 8 मरीज मिले**

**एक सप्ताह में पूर्वी सिंहभूम में मिले डेंगू के 63 मरीज**

**चिकनगुनिया के भी 9 मरीजों की हुई पुष्टि**



### क्या कहते हैं हेल्थ एक्सपर्ट

रिम्स मेडिसिन विभाग के प्रोफेसर डॉ बी कुमार ने कहा कि डेंगू बीमारी एडीस मच्छर के काटने से फैलता है। यह साफ पानी में पनपते हैं और यह दिन में ही काटते हैं। ऐसे में अपने घर में, गमले में, खाली पड़े टायर और अन्य बर्तनों में लंबे दिनों तक पानी जमा नहीं होने दें।

डेंगू के मरीजों को हो सकते हैं ये अनुभव : आंखों का पिछला हिस्सा, जोड़, पीठ, पेट, मांसपेशी या हड्डियां में दर्द।

पूरे शरीर में ठंड लगना, थकान, बुखार, या भूख न लगना।

पेट और आंत संबंधी : उल्टी या मतली।

त्वचा : चकत्ते या लाल धब्बे।

यह होना भी आम है: आसानी से खरोंच जैसा निशान बन जाना या सिरदर्द।

### रिम्स में 50, सदर अस्पताल में 20 बेड डेंगू मरीजों के लिए रिजर्व

राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान रिम्स के डेंगू वार्ड में 50 बेड हैं। यहां पर डेंगू के कुल 8 मरीजों का इलाज चल रहा है। जनसंपर्क अधिकारी डॉ राजीव रंजन ने कहा कि हमारे पास दवा का पर्याप्त स्टॉक है। सभी मरीजों का बेहतर इलाज चिकित्सक-नर्सों के द्वारा किया जा रहा है, जबकि डेंगू के बढ़ते मामलों को देखते हुए सदर अस्पताल में 20 बेड का वार्ड रिजर्व रखा गया है। बताते चलें कि सदर अस्पताल में अब तक 10 मरीज इलाज के लिए पहुंचे हैं। फिलहाल यहां एक भी मरीज इलाजरत नहीं है।

## रिम्स के पीजी डॉक्टरों को 3 महीने की ट्रेनिंग

**एक सितंबर से अलग-अलग जिलों में ट्रेनिंग पर भेजे जायेंगे चिकित्सक**

**रांची।** नेशनल मेडिकल कमीशन की गाइडलाइन के अनुसार, अब चिकित्सा संस्थान में पढ़ाई कर रहे पीजी डॉक्टरों को 3-3 महीने जिलों में ट्रेनिंग करनी होगी। यह रिम्स में भी लागू होगा। रिम्स निदेशक डॉ. राजीव गुप्ता ने बताया कि गाइडलाइन के अनुसार, सेमेस्टर 3, 4 और 5 के डॉक्टरों की ड्यूटी तीन महीने के लिए जिलों में लगाई जाएगी। स्वास्थ्य विभाग ने सूची तैयार करने का निर्देश दिया था, जिसे तैयार कर लिया गया है। एक सितंबर से डॉक्टरों को अलग-अलग जिलों में ट्रेनिंग के लिए भेजा जाएगा। बताते चलें कि यह सकारात्मक पहल साबित होगी।

## सीआइडी ने एक करोड़ ठगी करने के दो साइबर अपराधियों को किया गिरफ्तार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** सीआइडी की स्पेशल टीम ने एक करोड़ रुपए से अधिक की ठगी करने वाले दो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार साइबर अपराधियों में जितेंद्र कुमार और हर्षवर्धन चौबे है। गिरफ्तार दोनों साइबर अपराधी बिहार के रहने वाले हैं। सीआइडी की स्पेशल टीम ने दोनों को बिहार पुलिस की मदद से पकड़ा है। गौरतलब हो कि इस बाबत गृह मंत्रालय, आर्थिक इकाई और बिहार पुलिस ने झारखंड सीआइडी को यह जिम्मा सौंपा था।

**टेलीग्राम के माध्यम से करते थे संपर्क** : सीआइडी ने बताया कि साइबर अपराधी टेलीग्राम पर इंटरनेशनल नंबर के माध्यम से लोगों से संपर्क करते थे और यूट्यूब पर वीडियो लाइक करके पार्ट टाइम जॉब का झांसा देकर लोगों से ठगी करते थे। साथ ही इंटरनेट पर लिंक के माध्यम से भी लोगों से साइबर फ्रॉड करते थे। सीआइडी को दोनों साइबर अपराधियों ने पूछताछ में कई जानकारी दी है। इन अपराधियों ने एक करोड़, 4 लाख रुपए से अधिक की ठगी की है। झारखंड सीआइडी की टीम ने दोनों साइबर अपराधियों को गिरफ्तार कर पूछताछ के बाद जेल भेज दिया है।

## राजधानी में टीपीसी के दो उग्रवादी गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची पुलिस ने उग्रवादी संगठन टीपीसी के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस दोनों टीपीसी उग्रवादी से पूछताछ कर रही है। एसएसपी किशोर कौशल को गुप्त सूचना मिली थी कि चान्हों और बुढ़मू के ग्रामीण इलाके में टीपीसी का दस्ता सक्रिय है। इसके बाद चान्हो और बुढ़मू थाने की पुलिस ने छापेमारी कर गिरफ्तार किया।

गौरतलब हो कि रांची से सटे बुढ़मू में टीपीसी के उग्रवादी सक्रिय हैं। जनवरी महीने में पुलिस और टीपीसी उग्रवादियों के बीच सूमो जंगल भीषण मुठभेड़ भी हुई थी। मुठभेड़ में पुलिस को भारी पड़ता देख सभी उग्रवादी जंगल और अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले थे।

सर्च ऑपरेशन पुलिस ने जंगल से 777 कारतूस, सात मोबाइल चार्जर के अलावा एक दर्जन वाकी टॉकी बरामद किया था। बुढ़मू में टीपीसी उग्रवादी विक्रम, विनोद महतो उर्फ मुरारी व रंजीत महतो का दस्ता भ्रमणशील है। नक्सलियों की तलाश में पुलिस जब सूमो जंगल पहुंची तो उनलोगों ने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की। करीब आधे घंटे तक चली मुठभेड़ में दोनों ओर से 50 राउंड से अधिक फायरिंग हुई।

## 31 अगस्त को समाप्त हो जायेगा सैप का कार्यकाल, हथियार जमा करने का आदेश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** स्पेशल ऑग्जिलरी पुलिस (सैप) के 907 पदाधिकारियों और कर्मियों की सेवा 31 अगस्त से समाप्त होगी। झारखंड पुलिस मुख्यालय ने आदेश जारी कर दिया है। आदेश के मुताबिक, सैप 1 वाहिनी टाटीसिलवे रांची और सैप 2 वाहिनी हलुदबनी जमशेदपुर में अनुबंध के आधार पर नियुक्त सैप के 907 पदाधिकारी और कर्मियों (जिनकी सेवा अवधि सात साल या सात साल से अधिक हो चुकी है) की सेवा 31 अगस्त से समाप्त कर दी जायेगी। पुलिस मुख्यालय ने जारी आदेश में कहा है कि सैप एक और दो वाहिनी के कमांडेंट सभी पदाधिकारियों व कर्मियों के नाम से इश्यूड हथियार, गोली और पहचान पत्र को जमा करा लें। वहीं अनुबंध समाप्त करने के लिए आगे की कार्रवाई करते हुए पुलिस मुख्यालय को अनुपालन प्रतिवेदन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है।

**सैप में 771 पदों पर बहाली शुरू**

सैप में भूतपूर्व सैनिकों को बहाल किया जायेगा। सरकार उनकी नियुक्ति स्पेशल ऑग्जिलरी पुलिस (सैप) में 771 पदों पर करेगी। अभ्यर्थियों का इंटरव्यू 15 मई से 17 मई तक जैप-1 डोरंडा स्थित मुख्यालय में लिया गया। 771 पदों पर दो वर्ष के लिए कॉन्ट्रैक्ट पर नियुक्ति होगी। इसके बाद बेहतर परफॉर्मेंस के आधार पर पांच साल का एक्सटेंशन भी मिलेगा। पुलिस मुख्यालय ने योग्य अभ्यर्थियों से आवेदन मांगा था।

## खबर एक नजर में

### राज्यपाल से मिले बॉक्सिंग के खिलाड़ी



**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से सोमवार को राज भवन में टाना भगत स्टेडियम, मेगा स्पोर्ट्स कॉप्लेक्स, रांची में आयोजित राष्ट्रीय किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भाग लेने वाले तमिलनाडु के प्रतिभागियों से मिले एवं उनसे संवाद किया। उन्होंने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

### एनयूएसआरएल के कुलपति सीएम से मिले

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से सोमवार को कांके रोड स्थित आवासीय कार्यालय में नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ स्टडी एंड रिसर्च इन लॉ रांची के कुलपति डॉ अशोक आर पाटिल ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी।

### प्रतिभा बनीं हेरिटेज प्रीमियम समिति की सावन क्वीन



**रांची।** हेरिटेज प्रीमियम समिति की ओर से सावन मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें समिति की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान कई प्रतियोगिताओं के साथ-साथ रंगारंग कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभा को सावन क्वीन चुना गया। सभी ने मिलकर उन्हें सावन क्वीन का ताज पहनाया। मौके पर समिति की महिलाओं और बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर सावन मिलन समारोह को रंगीन बना दिया।

### भाजयुमो ने पहाड़ी मंदिर में लगाया सेवा शिविर



**रांची।** भारतीय जनता युवा मोर्चा रांची महानगर कमेटी की ओर से श्रावण मास की अंतिम सोमवारी पर सोमवार को पहाड़ी मंदिर के मुख्य द्वार के समीप कावंरियों और शिव भक्तों की सेवा के लिए सेवा सह सहायता शिविर लगाया गया। संगठन की ओर से भक्तों के बीच दूध, बिल्व पत्र और पूजन सामग्री का वितरण किया गया। सेवा शिविर के आयोजन में संगठन के पदधारियों और कायर्ककर्ताओं की भागीदारी रही।

### ब्राउन शुगर बेचने के आरोप में गिरफ्तार

**रांची।** सुखदेवनगर थाना पुलिस ने ब्राउन शूगर बेचने के आरोप में पंकज कुमार सिंह नामक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। सुखदेवनगर थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि पंकज इलाके में ब्राउन शूगर की खरीद बिक्री करता है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर उसे गिरफ्तार कर लिया।

### गुटखा कंपनी को कोर्ट से मिली राहत

**रांची।** हाईकोर्ट से गुटका कंपनी रजनीगंधा को बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने रजनीगंधा कंपनी की याचिका को स्वीकार कर लिया है। दरअसल झारखंड सरकार ने राज्य में रजनीगंधा समेत अन्य 10 पान मसालों की बिक्री पर रोक लगाने का आदेश दिया था, जिसके खिलाफ कंपनी ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। इस मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की बेंच में हुई।

### हाइकोर्ट तक सिटी बस सेवा शुरू करने की मांग

**रांची।** धुर्वा स्थित हाइकोर्ट के नये भवन में आने-जाने के लिए सिटी बस सेवा शुरू करने के लिए रांची नगर निगम को आदेश देने का आग्रह करते हुए एडवोकेट एसोसिएशन ने रजिस्ट्रार जनरल को पत्र लिखा है। एसोसिएशन के सचिव नवीन कुमार ने पत्र में रजिस्ट्रार जनरल को बताया है कि हाइकोर्ट एडमिनिस्ट्रेशन ने धुर्वा स्थित हाइकोर्ट के नये भवन में शिफ्ट होने के पहले वादा किया था कि हाइकोर्ट शिफ्ट होने के बाद वहां स्पेशल बस सर्विस शुरू की जायेगी, लेकिन दुर्भाग्य है कि अब तक एक भी सिटी बस नये हाइकोर्ट भवन नहीं जाती है। अधिवक्ताओं एवं मुव्वकिलों को हाइकोर्ट आने-जाने के दूसरे साधनों से काफी राशि खर्च करनी पड़ती है। इसलिए बरियातू, रातू रोड, पुराने हाइकोर्ट कैंपस, दलादली चौक, रेलवे/ बस स्टैंड से सुबह एवं शाम में हाइकोर्ट के नये कैंपस के लिए बस सेवा जल्द शुरू की जाये।

## मोरहाबादी के श्री कृष्ण जन्माष्टमी कार्यक्रम में शामिल होंगे मुख्यमंत्री



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित होनेवाले श्री कृष्ण जन्मोत्सव-2023 में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने को लेकर समिति के मुख्य संरक्षक गो सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को सीएम से मुलाकात की। मुलकात के दौरान प्रनिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को 6 सितंबर को मोरहाबादी मैदान में आयोजित होने वाले श्री कृष्ण जन्मोत्सव भजन संध्या एवं दही हांडी प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया। वहीं मुख्यमंत्री को चुनरी, अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ के साथ आयोजन का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने आयोजन में शामिल होने को लेकर अपनी सहमति प्रदान कर दी है। मौके पर श्री कृष्ण जन्माष्टमी आयोजन समिति रांची के मुख्य संरक्षक राजीव रंजन प्रसाद, अध्यक्ष विनोद गोप, संरक्षक कुमार राजा, उपाध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता, कार्यकारी अध्यक्ष राहुल गौतम एवं अर्जुन गुप्ता उपस्थित थे।

## स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देने वाले जयदेव हुगली से पहुंचे रांची रिम्स निदेशक ने किया सम्मानित



**रांची।** स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पश्चिम बंगाल के हुगली जिले के निवासी जयदेव रावत पिछले साल अक्टूबर में कोलकाता से साइकिल यात्रा पर निकले हैं। ओड़िशा के रास्ते घाटशिला, तमाड़ होते हुए रविवार को उनकी साइकिल यात्रा का आगमन रांची में हुआ। सोमवार को रावत रिम्स रक्त कोष पहुंचे। रिम्स पहुंचने पर उन्हें निदेशक डॉ राजीव कुमार गुप्ता ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। मौके पर चिकित्सा उपाधीक्षक कर्नल डॉ शैलेश त्रिपाठी, रक्त अधिकोष की प्रभारी डॉ सुषमा व अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

**रक्तदान के लिए कर रहे हैं जागरूक** : जयदेव रावत पूरे देशभर में रक्तदान के लिए लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से साइकिल यात्रा पर निकले हैं, ताकि रक्त के अभाव में किसी की जान न जाये।

## हमारे देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है कृषि : राज्यपाल



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने सोमवार को राज भवन में करीम सिटी कॉलेज जमशेदपुर के वाणिज्य संकाय द्वारा प्रकाशित प्रोसिडिंग ऑफ इंटरडिसिप्लीनरी नेशनल कंफ्रेंस ऑन एग्रीकल्चर एंड रूरल डेवलपमेंट एंड देयर शेयर एंड स्टेक इन ओवरऑल इकोनॉमिक ग्रोथ का विमोचन किया। विदित हो कि 4 एवं 5 जनवरी को वाणिज्य संकाय, करीमसिटी कॉलेज, जमशेदपुर एवं नाबार्ड के संयुक्त तत्वावधान में जमशेदपुर में एक राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया था। राज्यपाल ने कॉन्फ्रेंस प्रोसेडिंग के प्रकाशन के लिए बधाई देते हुए कहा कि कृषि हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना छोटे किसानों के लिए अत्यंत लाभकारी साबित हो रहा है। उन्होंने कहा कि देश की एक बड़ी आबादी की आजीविका का मुख्य साधन कृषि ही है।

## डिजिटल पर्सनल डाटा प्रोटेक्शन एक्ट लोकतंत्र को खत्म करने का हथियार : अंजलि भारद्वाज

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड जनाधिकार महासभा द्वारा आयोजित कार्यक्रम जनचर्चा में अंजलि भारद्वाज ने डिजिटल पर्सनल डाटा प्रोटेक्शन बिल 2023 को जन अधिकारों व लोकतांत्रिक अधिकारों पर खतरा बताया है। इस कानून के माध्यम से सरकार ने सूचना के अधिकार अधिनियम के धारा 8 को संशोधित कर दिया है। अब सरकारी जवाबदेही संबंधित अनेक जानकारी सूचना के अधिकार कानून के दायरे से बाहर हो जाएंगे। मोदी सरकार ने 2019 में आरटीआई को संशोधन कर केंद्र के साथ-साथ राज्य सूचना आयुक्त के कार्यकाल, पेंशन व सैसे अपने हाथों में ले लिया। जो लोकतंत्र के लिए खतरनाक है।

वहीं अमृता जोहरी ने कहा कि मोदी सरकार देश के लोकतांत्रिक व संवैधानिक संस्थाओं जैसे चुनाव आयोग, जांच एजेंसी आदि को लगातार कमजोर कर रही है।

## चैंबर चुनाव को लेकर टीम शैलेंद्र ने अशोक नगर के व्यापारियों से की मुलाकात

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** चेम्बर चुनाव में व्यापारियों के जनसमर्थन के लिए टीम शैलेंद्र के सदस्यों ने सोमवार को अशोक नगर के कई छोटे बड़े व्यवसायों से मुलाकात कर चुनाव में उनका समर्थन मांगा। मुलकात के क्रम में अशोक नगर के कई व्यापारियों ने शहर में बिगड़ती कानून व्यवस्था का मुद्दा उठाया और कहा कि जब तक व्यापारियों को सुरक्षित माहौल नहीं मिलता तब तक निडर होकर व्यापार कैसे होगा। ऑनलाइन ट्रेड लाइसेंस रिन्यूअल में होने वाली समस्या और बार बार नगर निगम एनफोर्समेंट टीम द्वारा परेशान किये जाने का मुद्दा भी उठाया। टीम शैलेंद्र ने सारे व्यापारियों को आश्वस्त किया कि वह सारे मुद्दों को उठाते हुए प्रशासन एवं रांची नगर निगम को ज्ञापन सौपेगा। टीम शैलेंद्र के सदस्य अनीश सिंह ने कहा कि व्यवसायियों की समस्या का हल होगा।

## स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कांग्रेस मुख्यालय में की जनसुनवाई, कम संख्या में पहुंचे लोग

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** आलाकमान के निर्देश पर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में एक बार फिर से कांग्रेस कोटे के मंत्रियों ने जनसुनवाई शुरू की। इसी कड़ी में सोमवार को राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने जनसुनवाई की। सूचना के अनुसार अगले सोमवार को राज्य के वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव प्रदेश कांग्रेस भवन में सुनवाई करेंगे।

**पहला जनसुनवाई कार्यक्रम फीका रहा** : स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता का प्रदेश कार्यालय में पहला जनसुनवाई कार्यक्रम फीका रहा। जानकारी के अभाव में एक दर्जन से कुछ ज्यादा फरियादी कांग्रेस भवन पहुंचे। थर्ड जेंडर से जुड़े लोगों ने जहां सर्वजन पेंशन में किन्नरों को लाभुक के रूप में जोड़ने के लिए बन्ना गुप्ता को धन्यवाद दिया। वहीं कई मांगें भी रखी। जिसपर कार्रवाई का आश्वासन मंत्री ने दिया।



### ब्लड बैंकों की व्यवस्था सुधारने की भी मांग

रक्तदान के क्षेत्र में बेहतर काम कर रही संस्था लहू बोलेगा के प्रतिनिधिमंडल भी आज स्वास्थ्य मंत्री के जनसुनवाई में पहुंचे। उन्होंने स्वास्थ्य से संबंधित कई समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। संस्था के कन्वेनर नदीम खान ने कहा कि रांची की रेड क्रॉस सोसाइटी सफेद हाथी बनकर रह गया है। इसके साथ-साथ ब्लड बैंकों में प्रोसेसिंग फीस के नाम पर मोटी रकम जरूरतमंदों से वसूली जा रही है। डॉक्टर जेनेरिक दवाई नहीं लिखते हैं। इस पर स्वास्थ्य मंत्री ध्यान दें।

### राज्य सरकार जनता की परिकल्पना को कर रही है साकार

स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने जनसुनवाई के दौरान जनता की शिकायत पर जरूरत के हिसाब से एक्शन लिया। कुछ विभागों में समस्या दूर करने के लिए पत्र लिखे कुछ अधिकारियों से फोन पर भी बात की। उन्होंने कहा कि आला कमान के निर्देश पर यह जनसुनवाई जनहित में शुरू की गई है, क्योंकि कांग्रेस का विजन साफ है कि लोकतंत्र में सरकार जनता की, जनता के लिए और जनता के द्वारा शासित होना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग कोरोना जैसी महामारी में बड़े ही मुस्तैदी से काम किया है। जनसुनवाई कार्यक्रम में जनता अपनी समस्या को लेकर आये उसका कांग्रेस के मंत्रियों के द्वारा निदान किया जाएगा। हम चाहते हैं कि व्यक्ति अपनी समस्याओं से हमलोगों को अवगत कराये ताकि उनकी समस्याओं का त्वरित तौर पर कारवाई कर समाधान करायें। जब से हमारी सरकार बनी है अपने विभाग को चुस्त-दुरूस्त करने में कोई भी कोर-कसर नहीं छोड़ा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले दिनों में जनसुनवाई की जानकारी जब लोगों तक पहुंचेगी तब बड़ी संख्या में लोग पार्टी कार्यालय पहुंचेंगे और उनकी शिकायत का तत्काल निपटारा होगा।

# प्राकृतिक एवं खनिज संपदाओं से समृद्ध है झारखंड : राज्यपाल

## बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में बोले राज्यपाल, झारखंड में विकास की अपार संभावनाएं

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** राज्यपाल-सह-झारखंड राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति सीपी राधाकृष्णन ने सोमवार को बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में कृषि और संबद्ध क्षेत्रों के विशेष संदर्भ में भारत को गौरवान्वित करने में झारखंड की भूमिका विषय पर आयोजित सेमिनार को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि झारखंड प्राकृतिक एवं खनिज संपदाओं से समृद्ध है। यहां कोयला, लौह अयस्क, बॉक्साइट, यूरेनियम, चूना पत्थर, डोलोमाइट, मैग्नेटाइट, ग्रेफाइट, तांबा, अभ्रक आदि प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है। देश के कुल खनिजों का लगभग 40% हमारे राज्य में उपलब्ध है। राज्य के 29% से अधिक भाग वनों से आच्छादित है, जो देश में सबसे अधिक है। उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य में विकास की अपार संभावनाएं हैं और यह राज्य विकसित राज्यों की श्रेणी में अग्रणी स्थान प्राप्त कर सकता है। राज्यपाल ने कहा कि यहां युवक-युवतियों में कार्य करने की अपार क्षमता है, वे अत्यंत परिश्रमी हैं। वे दूसरे राज्यों में जाकर तकनीकी ज्ञान /प्रशिक्षण प्राप्त कर औद्योगिक इकाईयों में कार्य कर रहे हैं। कोयंबटूर में हजारों की संख्या में यहां के लोग कार्य कर रहे हैं। उनमें इतनी प्रतिभा हैं कि झारखंड में स्टार्टअप शुरू कर सकते है, आवश्यकता है बढ़ावा देने की। इसके लिए राज्य के सभी विश्वविद्यालय एक साथ इकळा होकर नए अभिनव विचार साझा कर सकते हैं, उस पर मंथन कर लागू करने की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं। बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में गिलोय संस्करण प्लांट की स्थापना से प्रेरणा लेनी चाहिए। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) को बढ़ावा देना होगा।

राज्यपाल ने कहा कि विगत वर्षों में कृषि क्षेत्र में बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाये गए हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के माध्यम से किसानों को लगातार प्रोत्साहित किया जा रहा है। कृषि के क्षेत्र में वैल्यू एडेड प्रोडक्ट के उत्पादन से किसानों की आय में वृद्धि होगी। स्वयं सहायता समूह को कृषि क्षेत्र से जोड़कर इस दिशा में कार्य को आगे बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने झारखंड भ्रमण के दौरान कई स्वयं सहायता समूह को अच्छा कार्य करते हुए देखा है। राज्यपाल ने कहा कि झारखंड राज्य भगवान बिरसा मुंडा, सिद्धो-कान्हू, चांद-भैरव, फूलो झानो, वीर बुधु भगत, जतरा टाना भगत, ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव, नीलांबर-पीतांबर जैसे कई महान स्वतंत्रता सेनानियों की भूमि है, जिन्होंने अपनी मातृभूमि व स्वभिमान की रक्षा के लिए अंग्रेजों के विरुद्ध संघर्ष किया और देश की आजादी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. राष्ट्र के लिए इन महान विभूतियों का बलिदान सदैव सभी के लिए प्रेरणा का कार्य करेगा।

राज्यपाल ने कहा कि खेलों में झारखंड के योगदान को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। राज्य के खिलाड़ियों ने विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, वैश्विक मंचों पर भारत का प्रतिनिधित्व किया है और हमारे देश को गौरवान्वित किया है। उनका समर्पण और उपलब्धियां हम सभी को अपने सपनों को निरंतर आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करती हैं। राज्यपाल ने उक्त अवसर पर समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में बीआईटी मेसरा के कुलपति डॉ इंद्रनील मन्ना, आईआईटी आईएसएम धनबाद के डीएसडब्ल्यू डॉ एमके सिंह, रॉयल बैंक ऑफ स्विट्जरलैंड के कार्यकारी निदेशक गौरव गध्यान उपस्थित थे। इस दौरान भारत को गौरवांवित करने में झारखंड की भूमिका विषय पर पैनल चर्चा और विचार मंथन सत्र का आयोजन हुआ। पैनल चर्चा में झारखंड हॉकी एसोसिएशन के अध्यक्ष भोला नाथ सिंह, झारखंड क्रिकेट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष अजय नाथ शाहदेव, सरला बिड़ला के कुलपति डॉ गोपाल पाठक, शिक्षाविद् एएन मिश्रा, डॉ सुशील कुमार अंक सहित अन्य शामिल थे।

## खूंटी में कलियुगी बेटे ने की मां की हत्या, गिरफ्तार




खबर मन्त्र संवाददाता

**खूंटी।** खूंटी जिले में एक कलयुगी बेटे ने अपनी मां की गला दबाकर हत्या करके फरार हो गया। घटना मुरहू थाना क्षेत्र के हांसा पंचायत के माहिल स्थित साकेटोली गांव का है। घटना रविवार की बतायी जाती है। पुलिस ने आरोपी बेटे शंकर पुंडा को गिरफ्तार कर लिया है। महिला का नाम कृप्पा देवी है। पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार कृप्पा देवी और उसका बेटा शंकर पुंडा दोनों ही नशे का आदी थे। शनिवार शाम से लापता बेटा शंकर पुंडा को ढूंढने के लिए उसकी मां रविवार सुबह निकली थी। गांव से कुछ दूर साकेटोली सरना स्थल के पास बेटा पेड़ के नीचे लेटा हुआ था। मां ने जब उसे उठाया और घर जाने के लिए ले जाने लगी इसी दौरान बेटा और मां के बीच झड़प हो गयी। इसी गुस्से में आकर बेटे शंकर पुंडा ने अपनी मां का गला दबाने लगा। उसने गला इतना जोर पकड़ा था कि मां की सांस उखड़ गयी और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। मां के मरने के बाद काफी देर तक वहीं पर बैठा रहा, उसके बाद वहां से फरार हो गया।

## सावन की अंतिम सोमवारी पर चटकपुर में शिव चर्चा आयोजित



**रांची।** राजधानी से सटे झिरी, चटकपुर में सोमवार को शिक्षिका शोभा रानी के घर पर शिव चर्चा का आयोजन किया गया। राम प्यारी देवी मंडली द्वारा शिव चर्चा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आस पास की महिलाओं ने तीन सूत्र धारण करने का वचन लिया। पहले में दया मांगना दूसरे में चर्चा करना और तीसरे में नमन करना। इस दौरान महिलाओं ने भोले बाबा के सुन्दर भजनों से आसपास के वातावरण को शिवमय बना दिया। भोले बाबा तुझको आना होगा... डम डम डमरू बजाना होगा... जैसे एक से बढ़कर एक शिव के भजनों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। चर्चा में शोभा रानी, रामप्यारी देवी, सीमा देवी, सोनी देवी, राधा मम्मी एवं अन्य महिलाएं शामिल थीं।

## लायंस क्लब ने किया जरूरतमंदों के बीच भोजन का वितरण

**रांची।** सोमवार को लायंस क्लब ऑफ रांची ईस्ट की ओर से अल्बर्ट एक्का चौक के पास सैकड़ों जरूरत मंदो के बीच भोजन वितरण किया गया। इस कार्यक्रम के प्रायोजक लायन पारस थापा और प्रीति थापा थे। इस अवसर पर लायंस क्लब ऑफ रांची ईस्ट ने फुटपाथ दुकानदारों को 2 बड़े छाते दान में दिये गये। इस अवसर पर मुख्य रूप से लायंस क्लब ऑफ रांची ईस्ट के अध्यक्ष नरेश कुमार, सचिव विजया केडिया, कोषाध्यक्ष नीरज कांत शाहा, रतन अग्रवाल, अमरजीत गिरधर, आशुतोष द्विवेदी, राजीव रंजन देवासीश सन्याल आदि कई लोग उपस्थित थे। यह जानकारी लायंस क्लब ऑफ ईस्ट के पीआरवो आशुतोष द्विवेदी ने दी है।

# कश्यप मेमोरियल आई बैंक ने किया झारखंड में सबसे ज्यादा नेत्र प्रत्यारोपण

## उर्सुलाइन के बच्चों ने पेंटिंग के माध्यम से दिया नेत्रदान का संदेश

खबर मन्त्र संवाददाता

**राँची।** राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़े के तहत कश्यप मेमोरियल आई बैंक के द्वारा उसुर्लाइन कान्वेंट स्कूल में सोमवार को नेत्रदान जागरूकता पर आधारित पेंटिंग कॉम्पिटिशन का आयोजन किया गया। इस पेंटिंग कॉम्पिटिशन में उसुर्लाइन कान्वेंट स्कूल की 11 और 12 के क्लास छात्राओं ने भाग लिया। इस पेंटिंग कॉम्पिटिशन की विजेताओं को 08 सितम्बर 2023 को बिरसा मुंडा एथलेटिक्स स्टेडियम, खेलगांव, राँची में होने वाले ब्लाइंड फोल्डेड रन फॉर विजन के कार्यक्रम में सम्मानित किया जायेगा। कश्यप मेमोरियल आई हॉस्पिटल के कार्निया प्रत्यारोपण विशेषज्ञों डॉ. निधि गडकर कश्यप और डॉ. पूजा के द्वारा उसुर्लाइन कान्वेंट स्कूल सहित कई स्कूलों में निरंतर नेत्रदान जागरूकता व्याख्यान दिए जा रहे हैं। मौके पर 100 नेत्रदान के शपथ पत्र भरे गए।



### रन फॉर विजन का आयोजन

डॉ. भारती कश्यप, मेडिकल डायरेक्टर, कश्यप मेमोरियल आई बैंक ने कहा 38वें राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़े में एक बार फिर से कश्यप मेमोरियल आई बैंक द्वारा रन फॉर विजन का आयोजन किया जा रहा है। 2005 से नेत्रदान जागरूकता के लिए रन फॉर विजन का लगातार आयोजन किया जा रहा है। जिसमें रांची के बच्चे एवं गणमान्य लोग नेत्रदान जागरूकता के लिए दौड़ते हैं। यह दौड़ बहुत ही संवेदनात्मक तरीके से नेत्रदान का संदेश देता है। ज्ञातव्य हो कि कश्यप मेमोरियल आई बैंक, झारखण्ड के संस्थापक डॉ बी. पी. कश्यप एवं डॉ भारती कश्यप द्वारा झारखंड-बिहार का पहला नेत्र प्रत्यारोपण किया गया था। कश्यप मेमोरियल आई बैंक के द्वारा अभी तक 795 नेत्रों का प्रत्यारोपण किया जा चूका है। पिछले 5 वर्षों में हमने 334 नेत्र प्रत्यारोपण किए। 2022 से अभी तक हम ने 148 नेत्र प्रत्यारोपण किए हैं। यह सब संभव हो सका है कश्यप मेमोरियल आई हॉस्पिटल की डॉ. निधी गडकर कश्यप की नेत्रित्व में नेत्र प्रत्यारोपण में प्रशिक्षित डॉक्टरों की टीम की वजह से।

## खबर एक नजर में

### राजस्थान मित्र मंडल ने किया दुर्गा पूजा के लिए भूमि पूजन



**रांची।** राजस्थान मित्र मंडल के द्वारा सोमवार को दुर्गा पूजा महोत्सव के लिए विधि विधान से भूमि पूजन एवं सरोवर महादेव में रुद्राभिषेक किया गया। विख्यात विद्वान पंडित अरुण पांडे के द्वारा पूजा संपन्न कराई गई पूजा में जजमान के रूप में मुख्य संरक्षक विनय सरावगी के अलावा संरक्षक अतिश सिंह, आलोक साहू, उत्तम चितलांगिया, प्रमोद बजाज, बसंत मुरारका गुलाब शर्मा, नटवर सिखवाल, जयप्रकाश सिंघानिया,श्याम सुंदर शाश्वत, अभय भदानी के अलावा संस्था के अध्यक्ष अशोक पुरोहित मंत्री मंटू जालान, संजय जजोदिया,पप्पू बथवाल, विष्णु नेहवाल, आनंद पुरोहित, विनय राज भाटिया, कमल अग्रवाल, मुन्ना शर्मा, मनोज बजाज, बंटी चौधरी, कमल शर्मा, मिक्की, रोशन सिंह, बंटी चौधरी, बंटी चावला, योगेश सारस्वत, मनु शर्मा,डॉ सुनील व्यास, सजन केडिया,बाबू जैन, पिंटू शर्मा उपस्थित थे। यह जानकारी संस्था के मीडिया प्रभारी शशांक शर्मा ने दिया।

### मारवाड़ी हाई स्कूल के साइक्लोथॉन में 150 बच्चों ने लिया हिस्सा



**रांची।** राजधानी के अपर बाजार स्थित मारवाड़ी हाई स्कूल में आज सोमवार को मारवाड़ी युवा मंच के तत्वाधान में साइक्लोथॉन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 150 बच्चों ने भाग लिया। बच्चों ने स्कूल कैंपस से साइकलिंग शुरू की और शहीद चौक, फिरायालाल, अपर बाजार होते हुए 3 किलो मीटर की दूरी तय वापस स्कूल आये। इस दौरान बच्चों में काफी उत्साह देखने को मिला। सभी बच्चों को कार्यक्रम में भाग लेने के लिए एक जैसा टी-शर्ट दिया गया। साथ ही साइकलिंग के दौरान बच्चों को जूस और स्नैक्स भी दिये गये।

### समाज सेवा में उत्कृष्ट कार्य के लिए राज्यपाल ने शत्रुघ्न लाल गुप्ता को किया सम्मानित



**रांची।** एक ऐसा व्यक्ति जो निस्वार्थ भाव से समाज की सेवा करता है। समाज सेवा एक ऐसा कार्य जो सामाजिक भलाई के लिए किया जाता है। ऐसा ही एक नाम है शत्रुधन लाल गुप्ता सोमवार को झारखंड कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के हाथों इन्हे सम्मानित किया गया। आपको बताते चलें की झारखंड में डीएवी विद्यालय की शुरूआत करने में इनका प्रमुख योगदान रहा है और आज झारखंड में सबसे अधिक डीएवी विद्यालय सुचारू रूप से चल रहा है। गौशाला के अध्यक्ष रहते हुए भी इन्होंने बूढ़ी और असहाय गायों के लिए कई उल्लेखनीय कार्य किए हैं। रिम्स परिसर में मरीज और उनके परिजनों को मात्र 10रूपये में भरपेट भोजन की व्यवस्था इन्ही की देन है। 87 वर्ष की उम्र में भी इनकी ऊर्ज़ा में कोई कमी नहीं आई हैं और अभी भी निरंतर समाज के कल्याण के लिए समर्पित है।

# झारखंड में हाई क्लास एजुकेशन की नींव हमने रखी है, इसे आगे बढ़ाने के लिए हमें कठिन परिश्रम करना है : निदेशक मदन सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता




**रांची।** जी डी गोयनका पब्लिक स्कूल में इंटर हाउस डांस कंपटीशन का भव्य आयोजन किया गया। भारत के चार महापुरुषों स्वामी विवेकानंद, सर्वपल्ली डॉक्टर राधाकृष्णन, गुरुदेव रवीन्द्र नाथ टैगोर एवं मदर टेरेसा के जीवन दर्शन को प्रतिबिंबित करते हुए विद्यालय में चार हाउस ग्रुप का गठन किया गया है ताकि हमारी नई पीढ़ी इन महापुरुषों के बताए मार्ग का अनुसरण करते हुए अपने भावी भविष्य का निर्माण कर सकें।

बच्चों ने राजस्थान, हरियाणा, पूर्वोत्तर में असम और अंत में झारखंड के लोक नृत्य परंपराओं के सुंदर स्वरूप को प्रस्तुत किया। संपूर्ण भारत की साझी सांस्कृतिक लोक विरासत को सहेजने की कोशिश अच्छी लगी।

विवेकानंद हाउस को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ, मदर टेरेसा हाउस को द्वितीय स्थान मिला, जबकि टैगोर हाउस को तृतीय स्थान से संतोष करना पड़ा।

इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक मदन सिंह ने कहा कि झारखंड में हाई क्लास एजुकेशन की नीव हमने रखी है इसे मजबूती के साथ आगे बढ़ाने के लिए हमें कठिन परिश्रम करना है।

प्रधानाचार्य डॉक्टर सुनील कुमार ने कहा कि कलाओं के विभिन्न स्वरूपों का हमारे जीवन से बड़ा गहरा नाता है इसे हमें समझना होगा सीखना होगा और अपने बच्चों को सीखना भी होगा। यही कोशिश हम कर रहे हैं।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पद्मश्री मुकुंद नायक ने बच्चों को अपने जीवन में लोक संस्कृति की महत्ता के बारे में बताया। उन्होंने झारखंडी नागपुरी गीत को अपने विशिष्ट अंदाज में गाया। झारखंड रत्न से सम्मानित विपुल नायक ने भरत मुनि द्वारा प्रतिपादित भारत की विशिष्ट नाट्य परंपरा नौरस को अपनी विशिष्ट नृत्य शैली में प्रस्तुत किया। झारखंडी लोक कला के विख्यात कलाकार मन पुलक जी ने अपनी अनोखी मांदर वादन शैली से लोगो मनोरंजन किया। विख्यात भरत नाट्यम नृत्यांगना गार्गी सोम ने भरत नाट्यम की विश्व वंदना शैली से लोगों को भाव विभोर कर दिया।

## पलाश नाट्य महोत्सव का समापन



**रांची।** राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय, सिक्किम केंद्र एवम सांस्कृतिक कार्य निदेशालय, पर्यटन, कला संस्कृति, खेल कुद और युवा कार्य विभाग झारखंड सरकार द्वारा पलाश नाट्य महोत्सव का समापन सोमवार को हो गया। रामदयाल मुंडा संग्रहालय खेल गांव होटवार के प्रेक्षागृह में समापन के मौके पर नेशनल स्कूल का ड्रामा के संजय लाल द्वारा निर्देशित 'कोर्ट मार्शल का मंचन किया गया नाटक कोर्ट मार्शल हमारी समकालीन व्यवस्था के प्रति तीखा आक्रोश व्यक्त करती है। प्रस्तुत नाटक में दलित चेतना बहुत उभर कर सामने आई है। वह अपने रेजीमेंट के दो अफसर पर गोली चला देता है जिसमें एक अफसर की मौत और दूसरा घायल हो जाता है। इसी अपराध की वजह से राम चन्दर का कोर्ट मार्शल किया जाता है। क्रॉस एग्जामिन में यह सच्चाई सामने आती है कि राम चन्दर को दोनों ऑफिसर बहुत अपमानित और प्रताड़ित करते है। अंततः रामचंद्र अपना मानसिक संतुलन खो बैठता है और दोनों ऑफिसर पर गोली चला देता है। इस नामट के लेखक स्वदेश दीपक है।

### नवयुवक संघ दुर्गा पूजा समिति ने लोअर चुटिया में पूजा पंडाल का किया भूमि पूजन



**रांची।** नव युवक संघ दुर्गा पूजा समिति ने सोमवार को लोअर चुटिया स्थित महादेव मंडा के प्रांगण में बड़ा एवं भव्य दुर्गा पूजा महोत्सव के लिए पूजा पंडाल का भूमि पूजन (खुटी पूजा) किया। भूमि पूजन में समिति के उपाध्यक्ष अमित साहू बैठे। पुरोहित जनार्दन पांडे ने विधिवत रूप से पूजा-अर्चना संपन्न कराया। इस पूजन कार्यक्रम में मुख्य रूप से समिति के अध्यक्ष राजकुमार, राधेश्याम, संजय, अरविंद, प्रमोद, रवि, मनोज, लालो, मिथिलेश, राजू, रवि, धनंजय, सुमित, राजू, चुन्नू, गुल्लू, महावीर , अमर, जसवंत, करण, विवेक,गौतम, दीपक, तपन कुमार, कृष्णा, बादल, अशोक, भोला, अमित, अंवित, शिवम, संजय, उमेश, दिलीप, अमरदेव आदि उपस्थित थे।

## 10वीं पुण्यतिथि पर याद किये गये कांग्रेस नेता पीएन सिंह



**रांची।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सह समाज सेवी स्वर्गीय पीएन सिंह जी की दसवीं पुण्यतिथि सोमवार को अल्बर्ट एक्का चौक स्थित एरोमा प्लेस में मनाई गई। इस अवसर पर उनके परिवार के नीरज सिंह सहित रांची के कई प्रबुद्ध लोगों ने उनको याद किया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। सभी लोगो ने एक स्वर में स्व पीएन सिंह के अधूरे काम को पुरा करने की बात कही। वक्ताओं ने कहा कि स्व. पीएन ने रांची के लिए जो किया वह दूसरा कोई नहीं कर सकता था।

श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से राजद के राजेश यादव और कम्युनिस्ट पार्टी के अजय सिंह सहित जेएमएम के जितेंद्र गुप्ता, नागेंद्र चौधरी, सुनील सिंह, नीरज, गांधी जी सहित उनके कई करीबी लोग और परिवार के लोग उपस्थित थे। मौके पर उनके दामाद नीरज कुमार सिंह ने कहा कि पुण्यतिथि के मौके पर हम सभी ने श्रद्धांजलि अर्पित किया। कांग्रेस में पीएन सिंह जैसे नेता दुर्लभ होते हैं जो लोगों के साथ आसानी से घुल मिल जाते थे। उनका जाना हम सबों के लिए अपूरणीय क्षति रही । उन्होंने कहा कि पार्टी के स्तर पर तो श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया ही जाता है हम पारिवारिक स्तर पर इस श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किए हैं।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं के प्रिय नेता थे पीएन सिंह : राजेश ठाकुर

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष स्व पीएन सिंह की पुण्यतिथि सोमवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मनाई गयी। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर, मंत्री बन्ना गुप्ता एवं कांग्रेसजनों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। श्रद्धासुमन के उपरांत एक सभा का आयोजन कर कांग्रेसजनों द्वारा स्व. पीएन सिंह जी का व्यक्तित्व के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा की गयी।

इस अवसर पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने स्व. सिंह को सच्चा कांग्रेसी बताते हुए कहा कि एक-एक कार्यकर्ता एवं उनके परिजनों से उनका व्यक्तिगत लगाव था। उनके नहीं रहने पर भी उनके पुत्रों द्वारा यह परम्परा का निर्वाहन किया जा रहा है, यह बहुत बड़ी बात है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि स्व. सिंह जमीन से जुड़े हुए नेता थे, जो लोगों के दुःख-सुख में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते थे। अपने जीवनकाल के कई उतार-चढ़ाव के बीच वे हमेशा कांग्रेस की मजबूती के लिए काम करते रहे। वक्ताओं ने श्री सिंह को कांग्रेस कार्यकत्ताओं का प्रिय नेता बताया।

इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमिटी के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, प्रदेश महासचिव अमुल्य नीरज खलखो, राकेश, मदन मोहन शर्मा, डॉ. बिनोद सिंह, रवीन्द्र सिंह, राजीव रंजन प्रसाद, डॉ. एम तौसीफ, आभा सिन्हा, सतीश पॉल मुंजनी, शैलेन्द्र सिंह, अमरेन्द्र सिंह, धमेन्द्र सिंह, डॉ कुमार राजा, डॉ राकेश किरण महतो, कमल ठाकुर, रामाकांत आनंद, सलीम खान, सुनील सिंह, उज्वल तिवारी, भानू प्रताप बड़ाइक, अरूण सिंह, नागेन्द्र सिंह, जगदीश, निरंजन, दिनेश लाल, राजकुमार जायवाल, विनीता पाठक, सुरेन, राजू, रामदेव सिंह, पूर्णिमा, राखी, प्रभु , चंदन सिंह, दीपक, मुकुंद, मो नसीम, राजेश कुजूर, गौतम, राजीव प्रकाश चौधरी, साधु महतो, गौपाल उपाध्याय, किशोर नायक, विभव रंजन, कन्हैया सिंह, अजय शर्मा, दीलिप सिंह, उदय चौधरी, ललन सिंह, राघवेन्द्र सिंह, गौरव सिंह, शिव पासवान आदि सैकड़ों कांग्रेसजनों ने श्रद्धासुमन अर्पित किया।

### अल्पसंख्यक सामाजिक संगठन ने 50 यूनिट रक्तदान किया

**रांची।** अल्पसंख्यक सामाजिक संगठन के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस रक्तदान शिविर में बड़ी संख्या में युवाओं ने हिस्सा लिया। रक्तदान शिविर को अल्पसंख्यक सामाजिक संगठन के अध्यक्ष अनवर खान के नेतृत्व में आयोजित किया गया।शिविर में 50 युवाओं ने रक्तदान किया। इस अवसर पर अनवर खान ने कहा कि हमारी संस्था अल्पसंख्यक सामाजिक संगठन समाज के कल्याणकारी का कार्य करती है। शिविर में रक्तदाओं को प्रशस्ति पत्र बांटे गये। रक्तदान शिविर के लिये रांची सदर अस्पताल से आई कर्मचारी की टीम ने रक्तदाताओं के रक्त ग्रुप की जांच कर रक्तदान करवाया। इस आयोजन में नसीम, अनवर, रियाजुद्दीन, काशिफ, रयान, फिरोज, फरहान, आबिद अली इत्यादि उपस्थित थे। साथ ही, सदर अस्पताल के ब्लड बैंक के कर्मचारी ने अपना योगदान दिया।

### जनहित प्रोडक्शन बहुमूल्य योगदान देने वालों को करेगा सम्मानित



रांची। जनहित प्रोडक्शन के तत्वावधान में समाज तथा कला के क्षेत्र में अपना बहुमूल्य योगदान देने वाले लोगों को सम्मानित किये जाने के उद्देश्य से जनहित सर्वोच्च सम्मान का आयोजन करेगा। यह जानकारी इसे लेकर सोमवार को पोस्टर लांच किया गया। कोलकाता की मशहूर एक्ट्रेस हीना कौसर ने पोस्टर लॉच किया। मौके पर एक्ट्रेस, मॉडल हीना कौसर ने कहा कि झारखंड में कलाकारों की कमी नहीं है पर उन्हें उचित मंच अब तक प्रदान नहीं किया गया। आयोजक चन्दन मिश्रा ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि जनहित प्रोडक्शन झारखण्ड के उन सभी कलाकारों को सम्मानित करने का कार्य करेगा जो इस क्षेत्र में अपने कार्यों से लोगों का मनोरंजन कर रहे है। प्रभारी अंशु तिवारी ने कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इस इवेंट में झारखंडी थीम पर फाइनल सेटअप तैयार किया जाएगा जिसमे झारखंडी कलाकार नृत्य, ड्रामा, फैशन शो के माध्यम से दर्शकों का मनोरंजन करेंगे। यह झारखण्ड का पहला ऐसा कार्यक्रम होगा जो पूरी तरह से रेड कारपेट होगा। मौके पर जनहित प्रोडक्शन के पूजा मिश्रा, अंकिता सिंह, आशीष सिंह, राजकुमार, राज रश्मि आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# छात्रा साक्षी की इलाज के दौरान मौत, उबला इलाका, सड़क जाम

## थाने में महिलाओं का प्रदर्शन, दोषियों को बचाने का आरोप

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** कृषक उच्च विद्यालय की छात्रा साक्षी कुमारी की रिम्स में इलाज के दौरान मौत हो गयी। सोमवार की सुबह 8 बजे उसने अंतिम सांस ली। इसके बाद इलाके के लोगों का गुस्सा फुट पड़ा। इंद्रदेव महतो, बासुदेव महतो, सिकंदर महतो, महबा मिंज, अमृत महतो व गोपाल मिश्र आदि ने केवला मोड़ में बैठक कर आंदोलन की रणनीति बनायी। महिलाओं ने तीन बजे थाना गेट पर प्रदर्शन किया और काठीटांड़ चौक स्थित राष्ट्रीय राज मार्ग संख्या-75 को शव के साथ चार घंटे तक जाम कर दिया। प्रदर्शनकारी आरोपियों को गिरफ्तार करने की बजाय बचाने का आरोप लगा रहे थे। इस घटना को लेकर महिलाओं में काफी आक्रोश था।



छात्रा के शव के साथ एनएच-75 को काठीटांड़ के पास जाम करते ग्रामीण। इनसेट में मृतक छात्रा।

### दोषियों को मिलेगी कठोर सजा

सीओ प्रदीप कुमार और डीएसपी प्रवीण सिंह की ओर से दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार करने, स्पीडी ट्रायल के जरिये उन्हें कठोर सजा और परिजनों को सरकारी मुआवजा दिलाने का आश्वासन के बाद 7 बजे सड़क जाम हटा लिया गया। जाम के दौरान सड़क की दोनों तरफ दो किलोमीटर तक गाड़ियों की लंबी कतार लग गयी। इससे राहगीर व यात्रियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।

मौके पर जिप अध्यक्ष निर्मला भगत, प्रमुख संगीता तिर्की, आजसू के भरत कांशी, भाजपा नेता मृत्युंजय शर्मा, पार्टी नेत्री शोभा यादव, सुमन मिश्र आदि मौजूद थे।

### पुलिस ने दिया धैर्य का परिचय

तीन बजे शव लदा एम्बुलेंस थाना गेट पहुंची। सैकड़ों लोगों की भीड़ जमा हो गयी। गम व गुस्से का इजहार करती महिलाएं अंदर घुसना चाहती थीं, किंतु पुलिस ने उन्हें रोक लिया। इस दौरान महिलाओं ने दोषियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर नारेबाजी करने लगी और अधिकारियों को चूड़ी पहन लेने की सलाह तक दे डाली। लेकिन पुलिस ने धैर्य का परिचय देते हुये संयम से काम लिया।

इधर संभावित आक्रोश के मद्देनजर पुलिस चौकस थी। थाना समेत काठीटांड़ चौक व मृतका के पैतृक गांव हिंसरी में पुलिस बल तैनात थी। प्रभारी थानेदार चमरा मिंज व नगड़ी प्रभारी रोहित कुमार सिंह व अन्य पुलिस पदाधिकारी कृषक उवि की सुरक्षा को लेकर मुस्तैद थे। इसकी कमान डीएसपी प्रवीण सिंह ने संभाली।

### विद्यालय में हुई शोकसभा

साक्षी की मौत से विद्यालय परिवार मर्माहत है। सुबह 9 बजे स्कूल में शोक सभा आयोजित कर शिक्षक-शिक्षिका व विद्यार्थियों ने उसे श्रद्धांजलि दी। इस दौरान बच्चे.बच्चियां और उसकी कई सहेली फफक कर रो पड़े। मंगरा उरांव और कमला की दोनों पीड़ित बेटियां असिता व रिया का भी रो-रोकर बुरा हाल है। इसके बाद शेष अवधि के लिये स्कूल में छुट्टी की घोषणा कर दी गयी।

### कोर्ट में कुर्की का प्रे खारिज

घटना को लेकर थाने में 23 अगस्त को विद्यालय के सचिव समेत चार के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की गयी है। इसके बाद से सभी आरोपी फरार हैं। सीडीआर के जरिये कॉल डिटेल्स खंगाला गया। मोबाइल का स्विच ऑफ होने की वजह से लोकेशन नहीं मिल रहा है। आईओ अमरनाथ सोनी ने सोमवार को आरके पांडेय के कोर्ट में अभियुक्तों के विरुद्ध कुर्की प्रे किया, लेकिन श्री पांडेय ने यह कहते हुये अर्जी को अस्वीकार कर दिया कि चारों अपराधी नहीं हैं।

### गिरफ्तारी पर लगेगी रोक

झारखंड हाई कोर्ट के सीनियर वकील लक्ष्मण सिंह आरोपियों के पक्षकार हैं। उन्होंने देर शाम खबर मंत्र को बताया कि अभियुक्तों को जल्द ही कोर्ट से राहत मिलने की उम्मीद है। श्री सिंह ने कहा कि उनकी ओर से कोर्ट में चारों की गिरफ्तारी पर रोक लगाने की मांग की गयी है। इसके उपरांत प्रॉपर वेल के लिये पिटीशन दिये जायेंगे।

### बेसुध हैं साक्षी की मां सुमन

मृतका दो बहन में छोटी थी। बड़ी की शादी हो चुकी है। पिता धनसु महतो पेशे से कृषक और मां सुमन देवी गृहणी हैं। भाई आकाश कुमार इसी वर्ष कृषक उवि से मैट्रिक किया है। घटना से परिजन मर्माहत हैं। सुमन बेटी की वियोग में बेसुध हैं। वह विलाप करते बार-बार बेहोश हो रही थीं।

## स्पीड न्यूज

### शहीद एतवा उरांव फुटबॉल टूर्नामेंट एक सितंबर से

**रांची।** शहीद एतवा उरांव स्मारक न्यास और युवा विकास क्लब बूढ़ाखुखरा के संयुक्त तत्वावधान में पांच दिनी शहीद एतवा उरांव फुटबॉल टूर्नामेंट- 2023 का उद्घाटन एक सितंबर को दिन के 10 बजे से होगा। बुढ़ाखुखरा स्थित खेल मैदान में आयोजित टूर्नामेंट में कुल 32 टीमें शामिल होंगी। खेल प्रभारी फ्रांसिस जेवियर खलखो व मो साकीब ने संयुक्त रूप से बताया कि टूर्नामेंट के विजेता को 71 हजार नगद और ट्रॉफी, उपविजेता को 41 हजार नगद व ट्रॉफी दिया जाएगा। साथ ही तृतीय स्थान पानेवाले को 11 हजार नगद व ट्रॉफी और चतुर्थ स्थान पानेवाले को 10 हजार नगद व ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया जाएगा। मैन ऑफ द मैच, मैच ऑफ द सिरीज होने वाले खिलाड़ी को सम्मानित किया जाएगा।

### पंस सदस्यों ने अविश्वास प्रस्ताव के लिए सौंपा ज्ञापन

**तमाड़।** प्रखंड क्षेत्र के पंचायत समिति सदस्यो के पांच सदस्यो का एक प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को प्रमुख और उप प्रमुख के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाने को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी सह निवार्ची पदाधिकारी बुंडू अजय साव के नाम ज्ञापन दिया। 21 पंचायतों के पंचायत समिति सदस्यो ने हस्ताक्षर कर अविश्वास प्रस्ताव लाने को लेकर निर्णय लिया। अनुमंडल पदाधिकारी सह निवार्ची पदाधिकारी कार्यालय में संबंधित अधिकारी के अनुपस्थित में प्रतिनिधिमंडल ने कार्यालय के डाक में ज्ञापन सौंपाए प्रतिनिधिमंडल में वीरगांव पंचायत समिति सदस्य दानी सिंह महतोए डिम्बुजरदा पंचायत समिति सदस्य विनोद सिंह मुंडाए जानुमपीड़ी पंचायत समिति सदस्य रामेश्वर मांझीए रगड़ाबड़ाग पंचायत समिति सदस्य रतन लाल लोहराए पेड़ाईडीह टू पंचायत समिति सदस्य कृष्णा मुंडा आदी शामिल थे।

### फाइनल में बरतुआ ने रामगढ़ को हराया

**ओरमांझी।** जयडिहा पंचायत खेल मैदान में जेएसएफ क्लब बरतुआ द्वारा एक दिवसीय फुटबॉल टुनार्मेंट का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 8 टीम शामिल थें। फाईनल मैच जेएसएफ क्लब बरतुआ बनाम आईएफसी ईचातु रामगढ़ के बीच खेला गया। जिसमें बरतुआ ने रामगढ़ को 1-0 से पराजित किया। विजेता टीम के प्रकाश कुमार महतो ने 36 वें मिनट में शानदार मैदानी गोल कर अपने टीम का जीता दिया। रामगढ़ टीम के खिलाड़ी प्रदीप मुंडा को शानदार खेल प्रदर्शन करने के लिए पुरस्कृत किया गया। वहीं बततुआ का फाइनल जीताने वाले खिलाड़ी प्रकाष कुमार को मैन ऑफ द सिरीज का पुरस्कार मिला। खिजरी के विधायक ने विजेता टीम को 10 हजार नगद व शिल्ड देकर सम्मानित किये।

### बुढ़मू : कॉलेज की छात्रा की हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**बुढ़मू।** थाना प्रभारी कमलेश राय के नेतृत्व में छानबीन करते हुए सिदरोल में युवती की हत्या करने के आरोपी सिदरोल सियारटोली निवासी अजय भगत (24 वर्ष) को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार छानबीन के दौरान पुलिस का पता चला कि मृतका रीमा कुजूर का गांव के ही अजय भगत से प्रेम संबंध है। इसके बाद पुलिस ने सिदरोल सियारटोली से अजय भगत को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया। अजय भगत ने पुछताछ के दौरान अपना जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि करीब तीन साल से रीमा से उसका प्रेम संबंध था। कुछ दिनों से रीमा अजय से सही तरीके से बात नहीं कर रही थी। व्हाट्सएप के माध्यम से चैट कर 25 अगस्त की रात में अजय ने रीमा को मिलने के लिए बुलाया और शादी करने का दबाव बनाया। रीमा ने जब शादी करने से इंकार कर दिया तो अजय उसके सिर में कई वार कर दिया और कुआं में डाल दिया। समाचार लिखे जाने तक पुलिस ने गिरफ्तारी के पुष्टि नहीं की है।

## बोड़ेया शिव मंदिर में भव्य श्रृंगार पूजन, 24 घंटे का अखंड कीर्तन

**कांके।** बोड़ेया कांके शिव मंदिर में सावन के अंतिम सोमवारी में श्रृंगार पूजा पुरोहित मुकेश मिश्रा के द्वारा कराया गया। श्रृंगार पूजा से पूर्व सैकड़ो महिलाओं पुरुषों और ग्रामीण भक्तों ने भगवान भोले शंकर का जलाभिषेक किया और आशीर्वाद लिया। श्रृंगार पूजा के बाद 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन शुरू किया गया। अखंड हरि कीर्तन में रांची के सांसद संजय सेठ भाजपा के वरिष्ठ नेता स्वामी देवेंद्र प्रकाश पूर्व डीजीपी डीके पांडेय भी शामिल हुए। अखंड हरि कीर्तन का समापन कल दोपहर में हवन पूजा के साथ होगा। इसके सफल आयोजन में मंदिर समिति और पूजा समिति के पंडित अजय मिश्रा नीतीश तिवारी सोनू शंकर तिवारी अभय नारायण तिवारी वीरेंद्र नारायण तिवारी मनोज नारायण तिवारी मुखिया सोमा उरांव शिवचरण केसरी उपेंद्र केसरी अरविंद साहू भूषण केसरी कैलाश केसरी रितेश तिवारी सहित भक्तों और सदस्यों ने सक्रिय योगदान दिया।

## सड़क हादसे में दो बच्चों की मां की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

**नामकुम।** रांची-टाटा जाने वाले मुख्य मार्ग पर हुए हादसे में एक महिला की मौत हो गई। हादसा बुंडू के गोसाईडीह गांव के पास हुआ। महिला का नाम विमला देवी है, उसकी उम्र 32 साल थी। लगभग एक घंटे तक शव के साथ लोगों ने रांची-टाटा रोड को जाम रखा।

ग्रामीणों के अनुसार गोसाईडीह ग्राम निवासी विमला देवी रेजा का काम कर अपने बीमार पति एवं दो बच्चों का पालन पोषण करती थी। सोमवार को वह किसी काम से रोड किनारे गई थी कि पीछे से एक अज्ञात वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। घटना के बाद वाहन चालक फरार हो गया। विमला देवी हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि 108 एंबुलेंस को तुरंत सूचना दी गई, लेकिन देर तक एंबुलेंस के नहीं पहुंचने से ग्रामीणों ने घायल विमला देवी को रिम्स रांची भेजा लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

### ग्रामीणों ने रांची-टाटा रोड को किया जाम

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि एंबुलेंस सेवा की लापरवाही से विमला देवी की मौत हो गई। समय पर एंबुलेंस पहुंच जाता तो उसे बचाया जा सकता था। इसके बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने शव के साथ रांची-टाटा रोड को जाम कर दिया। ग्रामीण पर्याप्त मुआवजे की मांग कर रहे थे। मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी संजीव कुमार के आश्वासन पर लोगों ने जाम हटाया। थाना प्रभारी संजीव कुमार ने बताया कि सरकारी प्रावधानों के तहत मृतक के परिजनों को मुआवजा एवं पारिवारिक लाभ दिया जायेगा। थाना प्रभारी ने जामस्थल पर मृतक के परिजनों को आर्थिक सहायता भी की।

## एक नजर में

### श्रमदान से हुई दुर्गा मंदिर की छत की ढलाई



**इटकी।** इटकी मोड़ के समीप बन रहे दुर्गा मंदिर के छत की ढलाई सोमवार को श्रमदान से किया गया। तीन गुंबद वाले मंदिर निर्माण के कार्य को दुर्गा पूजा से पूर्व पूरा कर लिए जाने की जानकारी दी गयी। मौके पर पूजा अर्चना व भंडारा का भी आयोजन किया गया। दुर्गा मंदिर के गुबंद की उचाई 21 फीट, जबकि शिव परिवार मंदिर और राम दरबार मंदिर की गुबंद की उंचाई 15-15 फीट का होगी। कार्यक्रम में मंदिर निर्माण समिति के संरक्षक डॉ दिवाकर मिंज, मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की, प्रो देलोमयी हांसदा, सन्नी टोप्पो, कुशवाहा विजय कुमार, लाल रामेश्वर नाथ शाहदेव, हर्षवर्धन पांडेय, एंथोनी लकड़ा, बसंत शाही, इशेस, अनूज, जनमजय, देवेंद्र, विशाल, अमित, आशुतोष, राहुल व संजू सहित अन्य शामिल थे।

### महासिद्धि शक्ति पीठ बाहेया में अखंड कीर्तन



**अनगड़ा।** प्रखण्ड क्षेत्र के बाहेया (खक्सीगढ़ा) स्थित महासिद्धी शक्ति पीठ लुपूंग जारा अनगड़ा में सोमवार की शाम अखण्ड कीर्तन एंव सावन मेला सम्पन्न हुआ। पुजारी ने बताया कि यहां पूजा करने वालों की सभी मन्नतें पूरी होती है। कार्यक्रम में विरेन्द्र सिंह भोगता, उमेश कुमार बड़ाईक सत्यदेव मुंडा सुषमा बड़ाईक सोनालाल महतो हिमांशु शेखर चौधरी अजीत महतो अजय राज अजय भोगता, शंभू भोगता ग्राम प्रधान शिवलाल पाहन समेत सैकड़ो लोग शामिल हुए।

### पुरुलिया सांसद का किया गया स्वागत

**अनगड़ा।** परिचम बंगाल के सांसद ज्योर्तिगमय महतो ने सोमवार को रांची जाने के क्रम में होटल राजधानी गोंदली पोखर अनगड़ा में रुके। इस मौके पर उन्हें भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया । सांसद श्री महतो ने बताया कि पार्टी के काम से वे दिल्ली जा रहे हैं।

## कलुआ पहाड़ पर उमड़ी ग्रामीणों की भीड़

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** मैकलुस्कीगंज के मायापुर पंचायत के चिनाटांड़ में श्रावण मास के अंतिम सोमवारी को शिव मंदिरए पहाडी बाबा कलुआ पहाड मे मायापुर पंचायत के ग्रामीणो एवं मंदिर सेवा समिती के द्वारा पूजन एवं हवन का आयोजन किया गया। पूजन कार्यक्रम में पंचायत एवं आसपास के शिव भक्तों के द्वारा श्रद्धा के साथ पूरे विधि विधान से पुजा अर्चना किया गया। कार्यक्रम के अंत में भक्तों के बीच महाप्रसाद के रूप में खीर एवं खिचड़ी का वितरण समिति के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में समिति के अध्यक्ष रामकेवल गंझू महासचिव विनोद भोक्ता उपाध्यक्ष रवी गंझू सचिव रमेश भोक्ता महेंद्र गंझू रमेश गंझू दिनेश्वर गंझू गणेश भोक्ता मनेश्वर गंझू बालकम गंझू फिडिल संजय गंझू अनिल गंझु प्रेम गंझू जगदीश गंझू दिनेश भोक्ता बालेश्वर गंझू अर्जुन गंझू राहुल गंझू रामविलास गंझू नरेश गंझू सहित ग्रामीणों का योगदान रहा।



प्रसाद ग्रहण करते मंदिर में पहुंचे शिवभक्त।

### पिपरवार : सावन सोमवारी पर कलश यात्रा



**पिपरवार।** सावन की अंतिम सोमवारी के उपलक्ष्य पर पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के बेंती गांव में प्रजापति युवा संगठन द्वारा बाजे गाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस कलश यात्रा में सैकड़ो श्रद्धालु शामिल हुए। सिकंदर प्रजापति के नेतृत्व में कलश यात्रा बेंती शिव मंदिर से प्रस्थान कर दामोदर नदी पहुंची। दामोदर नदी से जल लेकर श्रद्धालु पैदल बेंती शिव मंदिर पहुंचे। शिवभक्तों को भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर पूरे राज्य और देश के खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर प्रजापति युवा संगठन के अध्यक्ष सिकेन्दर प्रजापति अजय प्रजापति राजेश प्रजापति बैजनाथ प्रजापति हेमराज प्रजापति खजांची प्रजापति उमेश प्रजापति सुगन प्रजापति विजय प्रजापति अकल प्रजापति छोटू प्रजापति अरुण प्रजापति दिलीप प्रजापति कृष्ण प्रजापति एवं सारे प्रजापति समाज के लोग शामिल थे।

## ग्रामीणों की सहमति से ही रूक्का में होगा रिसॉर्ट का निर्माण : विधायक

### निर्माण के विरोध में ग्रामीणों की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** शिव मंदिर परिसर रूक्का में रूक्का डेम किनारे रिसोर्ट निर्माण के विरोध को लेकर सोमवार को ग्रामीणों की एक बैठक हुई। मणिनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में ग्रामीणों ने रिसोर्ट निर्माण का विरोध किया और कहा गांव के सभी लोग रूक्का डेम के विस्थापित हैं। डेम से मछली पकड़ व गाय पालन कर जीविका चलता है। रिसोर्ट का निर्माण होने से गाय का चारागाह व लोगों का राजेगार छिन्न जाएगा। चिन्हित स्थन एक धार्मिक स्थल भी है। जिसमें देवता पोखरिया मड़ई हैं। वहां सालों भर पूजा होती है। रूक्का में रिर्सोट का निर्माण होने से गांव के लोग बेरोजार हो जाएगें। वहीं मुख्य रूप से उपस्थित विधायक राजेष कच्छप ने कहा रिसोर्ट निर्माण का प्रस्ताव उन्होने ही दिया था। बताया कि पतरातु जैसा रिसोर्ट का निर्माण होने पर क्षेत्र के लोग को रोजगार उपलब्ध कराने का उदेष्य से ही रिसोर्ट निर्माण का प्रस्ताव दिया गया था। उन्होने कहा अधिकारियों के साथ एक बार और निर्माण क्षेत्र का फिर निरीक्षण कराया जाएगा। लेकिन ग्रामीण हर हाल में रिसोर्ट निर्माण का विरोध करने की बात कही।

#### बैठक में थे मौजूद

बैठक में सुरेंद्र महतो, विनोद सिंह, मंगल सिंह, प्रकाश सिंह, सरदीप महतो, मनमोहन सिंह, दिवाकर सिंह, कार्तिक पाहन, संजय महतो, मंगल उरांव, सोमरा उरांव, नागेश्वर सिंह, त्रिभुज सिंह, कृष्णा सिंह, गणेश मुंडा, प्रदीप महतो, बिंदु सिंह, जगरन्नाथ सिंह, शीतल महतो, उमीर्ला देवी, मीना कुमारी, बविता देवी सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



निष्कासन के बाद काम देने को लेकर प्रदर्शन करते कामगार।

## सैनिक कंपनी के असंगठित मजदूरों ने किया विरोध प्रदर्शन

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार की महत्वाकांक्षी अशोका परियोजना ओसीपी में कोयला उत्खनन और ओबी के कार्य में कार्य कर रहे आउटसोर्सिंग के कार्य में कार्यरत सैनिक माइनिंग कंपनी द्वारा कंपनी में कार्यरत 100 से अधिक असंगठित कामगारों को बिना सूचना दिए नौकरी से निष्कासित किए जाने पर असंगठित मजदूर आक्रोशित हो गए । इस दौरान आक्रोशित असंगठित मजदूरों द्वारा सैनिक माइनिंग कंपनी के परिसर में बिना सूचना दिए नौकरी से निकाले जाने को लेकर असंगठित कामगारों ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया गया । कंपनी में कार्यरत निष्कासित असंगठित कामगारों ने नियमों का हवाला देते हुए कहा कि नौकरी से निकल जाने के पूर्व असंगठित कामगारों को सूचना दिया जाता है जबकि यहां सारे नियमों को ताक पर रखकर नौकरी से निष्कासित किया जाता है साथ ही नियमों की अवहेलना भी की गई है जिसका हम सभी निष्कासित असंगठित कामगार विरोध करते हैं नौकरी से निकाले जाने को लेकर असंगठित मजदूरों द्वारा स्थानीय पिपरवार प्रशासन को भी लिखित सूचना दी गई थी। निष्कासित मजदूरों ने सैनिक माइनिंग कंपनी प्रबंधन को सीसीएल की अन्य परियोजनाओं में कंपनी द्वारा किए जा रहे हैं कार्यों में नौकरी दिए जाने की मांग की गई है।

**कार्यालय प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, ईचाक**

**प्रेस विज्ञाप्ति**

एतद् द्वारा सभी सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गोपी राम, पिता- स्व0 भीखू राम, ग्राम- अलौंजाखुर्द, पंचायत- अलौंजाखुर्द, प्रखण्ड ईचाक, जिला- हजारीबाग का मृत्यु प्रमाण पत्र जिसका पंजीकरण संख्या- JHDC/2018/23442 पंजीकरण दिनांक 28/05/2018 तथा निर्गत तिथि 28/11/2018 है, को माननीय सिविल न्यायालय हजारीबाग, के आदेश दिनांक 24/09/2022 के आलोक में जन्म मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1969 के धारा- 15 एवं झारखण्ड जन्म और मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियामवली, 2009 के धारा- 11 के तहत रद्द किया जाता हैं।

निबंधक-सह- पंचायत सचिव ग्राम पंचायत- अलौंजाखुर्द।
प्र0 प्रखण्ड सांख्यिकी पर्यवेक्षक प्रखण्ड- ईचाक।
प्रखण्ड विकास पदाधिकारी प्रखण्ड ईचाक।

PR 305671 Rural Development(23-24).D

# बलिदान देने वालों में झारखंड सबसे आगे : देवी सिंह

## वीएचपी प्रदेश सगंठन मंत्री ओरमांझी पहुंचे

खबर मन्त्र संवाददाता

ओरमांझी। विश्व हिन्दू परिषद (बीएचपी) झारखंड प्रदेश मंत्री देवी सिंह सोमवार को ओरमांझी पहुंचे। दुर्गा महादेव मंदिर ओरमांझी में समाजिक कार्यकर्ताओं के साथ बैठक किया। बैठक में उपस्थित लोगों को बताया झारखंड में जालालियां वाला बाग जैसी घटना खुंटी में हुई थी। जिसमें एक दिन में 20 हजार लोग शहीद हुए थें। उन्होने कहा देष की अजादी में झारखंड राज्य बलिदान देने में सबसे आगे रहा है। पूर देष में बलिदान देने वालों की संख्या रिर्काड में ता छह लाख है। लेकिन उससे कंही ज्यादा लोगों ने देष के लिए बलिदान दी है। सिर्फ झारखंड से ही एक लाख से अधिक लोगों ने देष के लिए अपने प्राणों को बलिदान दिया है। उन्हाने कहा देष के लिए अपनी प्राणों को बलिदान देने वालें शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित करने के लिए ही राज्य में चार रथ यात्रा निकाली जाएगी। उन्होने लोगों से बीएचपी में जुड़ने की अपील किया और कहा ओरमांझी प्रखंड कमिटि का विस्तार किया जाएगा। इससे पहले जल्द ही ओरमांझी प्रखंड का नये विष्व हिन्दू परिषद का गठन किया जाएगा। बीएचपी के विचार धारा के साथ साथ चलने के इच्छुक युवओं को सामने लाना होगा। बैठक में पूजा समिति ओरमांझी के अध्यक्ष सत्यनारायण तिवारी, सचिव श्याम किशोर महतो, कोषाध्यक्ष दुगार्षंकर साहू, पूर्व प्रमुख जयगोविंद उर्फ लालू साहू, गिरधारी महतो, अनिल गुप्ता, दुलालकांत चौधरी, अमर प्रसाद, तुरूण महतो, सुनील नायक, रामदास साहू, दिनेश करमाली सहित कई लोग उपस्थित थे।



बैठक में बोलते वीएचपी के प्रदेश मंत्री देवी सिंह।

**कार्यालय, नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर**

**इच्छा की अभिव्यक्ति**

(01/2023-24)

नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर क्षेत्रांतर्गत सभी वार्डो में डोर-टू-डोर (गीला एवं सूखा) अपशिष्ट संग्रहण एवं साफ-सफाई संबंधित संपूर्ण कार्य, जिसमें ट्रांसपोर्टेशन, गीले एवं सूखे कचरे का अलग-अलग संग्रहण आदि से संबंधित कार्य हेतु इच्छा की अभिव्यक्ति आमंत्रित की जाती है:-

| क्र0 | कार्य का नाम | निविदा की राशि | अग्रधन की राशि |
|---|---|---|---|
| 01 | श्री बंशीधर नगर, नगर पंचायत क्षेत्रांतर्गत साफ-सफाई | 5000.00 | 50000.00 |

1. प्री-बिड मीटिंग तिथि :- 05.09.2023 अप0 2:00 बजे से
2. दस्तावेजों की हार्ड कॉपी जमा करने की तिथि एवं समय :- 16.09.2023 अप0 2:00 बजे तक
3. हार्ड कॉपी जमा करने का स्थान :- कार्यालय, नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर।
4. निविदा खोलने का स्थान :- कार्यालय, नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :- 16.09.2023 अप0 03:00 बजे से।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :- प्रशासक, नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर।
7. निविदा संबंधित जानकारी हेतु संपर्क सूत्र :- 9234256280
8. निविदा शुल्क भारतीय स्टेट बैंक/अन्य नेशनलाईज बैंक द्वारा निर्गत डिमांड ड्राफ्ट जो कार्यपालक पदाधिकारी, नगर उंटारी, नगर पंचायत के पदनाम से देय हो देना होगा।

अधिक जानकारी के लिये के वेबसाईट www.garhwa.nic.in, https://udhd.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

प्रशासक,
न0पं0, श्री बंशीधर नगर

PR 305668 Urban Development (23-24)_D

खबर मन्त्र

रांची.मंगलवार. 29 अगस्त 2023




# यह जीत बड़ी है

जीवन की राह और जटिल हो जाती है जब किसी की आंखों में रोशनी न हो। एक अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में स्वर्णपदक ले आना, निस्संदेह प्रशंसनीय और प्रेरणादायक ही कहा जायेगा। ऐसा ही करिश्मा कर दिखाया है भारत की दृष्टिबाधित महिला क्रिकेट टीम ने इंटरनेशनल ब्लाइंड स्पोर्ट्स फेडरेशन यानी आईबीएसएफ के विश्व खेलों में स्वर्ण पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ाया। यह विडंबना ही है कि उनकी इस उपलब्धि की देश में चर्चा कम ही हुई। उन्हें खबरों में कम जगह मिली। हालांकि, राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री ने दृष्टिबाधित महिला क्रिकेट टीम को बधाई देकर प्रोत्साहित किया। निस्संदेह, आस्ट्रेलिया जैसी टीम को नौ विकेट से हराना बड़ी बात है। इंटरनेशनल ब्लाइंड स्पोर्ट्स फेडरेशन के पहले ब्लाइंड क्रिकेट चैंपियनशिप के पहले संस्करण में यह उपलब्धि ऐतिहासिक-प्रेरणादायक है। टीम का प्रदर्शन उत्साहजनक रहा और उसने इंग्लैंड समेत कई टीमों को हराया। भारतीय टीम ने फाइनल समेत आस्ट्रेलियाई टीम को तीन बार हराया। निस्संदेह, यह एक यादगार सफलता है, जिसके मूल में भारतीय महिला क्रिकेट खिलाड़ियों की जीवटता और प्रतिभा निहित है। जिस पर प्रत्येक भारतीय गर्व करेगा। दरअसल, ब्लाइंड क्रिकेट का प्रारूप कुछ इस तरह तैयार किया गया है, जो नेत्रहीन व आंशिक दृष्टिबाधित खिलाड़ियों के हिसाब से हो। खेल के इस प्रारूप में गेंद को मारने के लिये सामान्यतः स्वीप शॉट का इस्तेमाल किया जाता है। इस खेल को वर्ष 1996 से विश्व ब्लाइंड क्रिकेट परिषद द्वारा संचालित किया जाता है। अब तक पांच विश्व ब्लाइंड क्रिकेट विश्वकप आयोजित किये गए हैं। वर्ष 2014 में पाक को हराया था। निश्चित तौर पर यह जीत बहुत बड़ी जीत है।

# समानता की ओर...

देश की 80 प्रतिशत पेशेवर महिलाओं ने कहा, वर्क प्लेस पर मिल रहे हैं पुरुषों के समान अवसर मिल रहा है। कार्यबल में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी के साथ महिला पेशेवरों का एक बड़ा वर्ग मानता है कि उनको भी अपने पुरुष समकक्षों की तरह करियर में आगे बढ़ने के अवसर मिल रहे हैं। एक रिपोर्ट में यह कहा गया है। नौकरी और पेशेवर नेटवर्किंग मंच अपना.सीओ की एक रिपोर्ट के मुताबिक, सर्वे में शामिल लगभग 80 प्रतिशत महिला पेशेवरों ने कहा कि उनके पास अपने पुरुष सहकर्मियों के बराबर करियर वृद्धि के अवसर हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह धारणा में एक महत्वपूर्ण बदलाव दिखाता है। महिलाओं अब मानती हैं कि उनके पास भी करियर में पुरुषों के समान अवसर हैं। यह रिपोर्ट जुलाई में विभिन्न उद्योगों में कार्यरत 10,000 से अधिक महिलाओं के व्यापक ऑनलाइन सर्वेक्षण पर आधारित है। 65 प्रतिशत महिलाओं ने वर्क प्लेस पर लैंगिक वेतन समानता देखी गयी है। रिपोर्ट में बताया गया है कि सर्वेक्षण में शामिल 65 प्रतिशत महिलाओं ने कहा कि उन्होंने अपने वर्तमान वर्क प्लेस में लैंगिक वेतन समानता देखी है। लैंगिक वेतन अंतर को पाटने के लिए संगठित क्षेत्र की प्रतिबद्धता में यह एक सकारात्मक कदम है। इसमें कहा गया है कि महिलाएं अब वर्क प्लेस पर अपनी चिंताओं को साझा करने में सहज हो रही हैं। 75 प्रतिशत महिलाओं ने कहा कि वे इस संबंध में मानव संसाधन विभाग या वरिष्ठों से संपर्क करने में हिचकिचाती नहीं हैं। हालांकि, सामाजिक अपेक्षाएं एक महिला के करियर संबंधी निर्णयों और आकांक्षाओं को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करती हैं। 80 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने यह स्वीकार किया है। यह सफलता देश को समानता की ओर ले जा रही है।


# ध्यानचंद से गेंद ले लेना असंभव था

आज 29 अगस्त को भारत में हॉकी के पूर्व कप्तान मेजर ध्यानचंद की जयंती को खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है। उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद में 29 अगस्त 1905 को जन्मे ध्यानचंद हॉकी के ऐसे महान खिलाड़ी और देशभक्त थे कि उनके करिश्माई खेल से प्रभावित होकर जब एक बार जर्मनी के तानाशाह हिटलर ने उन्हें अपने देश जर्मनी की ओर से खेलने का न्यौता दिया तो ध्यानचंद ने उसे विनम्रतापूर्वक ठुकराकर सदा अपने देश के लिए खेलने का प्रण लिया। वो मूल रूप से बुंदेलखंड के थे। उन्हें बुंदेलखंड में आज भी हर कोई प्यार से दद्दा कहकर पुकारता है।

हालांकि उन्हें बचपन में खेलने का कोई शौक नहीं था और साधारण शिक्षा ग्रहण करने के बाद वे सोलह साल की आयु में दिल्ली में सेना की प्रथम ब्राह्मण रेजीमेंट में सिपाही के रूप में भर्ती हो गए थे। सेना में भर्ती होने तक उनके दिल में हॉकी के प्रति कोई लगाव नहीं था। सेना में भर्ती होने के बाद उन्हें हॉकी खेलने के लिए प्रेरित किया हॉकी खिलाड़ी सूबेदार मेजर तिवारी ने, जिनकी देखरेख में ही ध्यानचंद हॉकी खेलने लगे और बहुत थोड़े समय में ही हॉकी के ऐसे खिलाड़ी बन गए कि उनकी हॉकी स्टिक मैदान में दनादन गोल दागने लगी। उनकी हॉकी स्टिक से गेंद अक्सर इस कदर चिपकी रहती थी कि विरोधी टीम के खिलाड़ियों को लगता था, जैसे ध्यानचंद किसी जादुई हॉकी स्टिक से खेल रहे हैं। इसी शक के आधार पर एक बार हॉलैंड में उनकी हॉकी स्टिक तोड़कर भी देखी गई कि कहीं उसमें कोई चुम्बक या गोंद तो नहीं लगा है लेकिन किसी को कुछ नहीं मिला। उन्हें अपने जमाने का हॉकी का सबसे बेहतरीन खिलाड़ी माना जाता है, जिसमें गोल करने की कमाल की क्षमता थी। भारतीय ओलम्पिक संघ द्वारा ध्यानचंद को शताब्दी का खिलाड़ी घोषित किया गया था।

1922 में सेना में भर्ती होने के बाद से 1926 तक ध्यानचंद ने केवल आर्मी हॉकी और रेजीमेंट गेम्स खेले। उसके बाद उन्हें भारतीय सेना टीम के लिए चुना गया, जिसे न्यूजीलैंड में जाकर खेलना था। उस दौरान हुए कुल 21 मैचों में से उनकी टीम ने 18 मैच जीते जबकि दो मैच ड्रा हुए और केवल एक मैच उनकी टीम हारी। मैचों में ध्यानचंद के सराहनीय प्रदर्शन के कारण भारत लौटते ही उन्हें लांस नायक बना दिया गया और उन्हें सेना की हॉकी टीम में स्थायी जगह मिल गई। 1928 में एम्सटर्डम में होने वाले ओलम्पिक के लिए भारतीय टीम का चयन करने हेतु भारतीय हॉकी फेडरेशन द्वारा टूनामेंट का आयोजन किया गया, जिसमें कुल पांच टीमों ने हिस्सा लिया। ध्यानचंद को सेना द्वारा यूनाइटेड प्रोविंस की ओर से टूनार्मेंट में खेलने की अनुमति मिल गई और अपने शानदार प्रदर्शन के चलते उन्हें ओलम्पिक में हिस्सा लेने वाली टीम में जगह मिल गई। 1928, 1932 और 1936 के ओलम्पिक खेलों में ध्यानचंद ने न केवल भारत का नेतृत्व किया बल्कि लगातार तीनों ओलम्पिक में भारत को स्वर्ण पदक भी दिलाए।





-गुरुवचन सिंह

> गुरुबख्श सिंह का कहना था कि 54 साल की उम्र में भी ध्यानचंद से भारतीय टीम का कोई भी खिलाड़ी बुली में उनसे गेंद नहीं छीन सकता था। मेजर ध्यानचंद ने 43 वर्ष की उम्र में वर्ष 1948 में अंतरराष्ट्रीय हॉकी को अलविदा कहा। हॉकी में बेमिसाल प्रदर्शन के कारण ही उन्हें सेना में पदोन्नति मिलती गई और वे सूबेदार, लेफ्टिनेंट तथा कैप्टन बनने के बाद मेजर बनें। 1956 में 51 वर्ष की आयु में सेनि हुए।

दो बार के ओलम्पिक चैम्पियन केशव दत्त का ध्यानचंद के बारे में कहना था कि वह हॉकी के मैदान को उस ढ़ंग से देख सकते थे, जैसे शतरंज का खिलाड़ी चेस बोर्ड को देखता है। इसी प्रकार भारतीय ओलम्पिक टीम के कप्तान रहे गुरुबख्श सिंह का कहना था कि 54 साल की उम्र में भी ध्यानचंद से भारतीय टीम का कोई भी खिलाड़ी बुली में उनसे गेंद नहीं छीन सकता था। मेजर ध्यानचंद ने 43 वर्ष की उम्र में वर्ष 1948 में अंतरराष्ट्रीय हॉकी को अलविदा कहा। हॉकी में बेमिसाल प्रदर्शन के कारण ही उन्हें सेना में पदोन्नति मिलती गई और वे सूबेदार, लेफ्टिनेंट तथा कैप्टन बनने के बाद मेजर पद तक भी पहुंचे और 1956 में 51 वर्ष की आयु में सेना से मेजर पद से सेवानिवृत्त हुए। उसी वर्ष उन्हें भारत सरकार द्वारा पद्मभूषण सम्मान से सम्मानित किया गया। सेवानिवृत्ति के बाद वे माउंट आबू में हॉकी कोच के रूप में कार्यरत रहे और बाद में कई वर्षों तक पटियाला के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट्स में चीफ हॉकी कोच बन गए। 3 दिसम्बर 1979 को उन्होंने दिल्ली के एम्स में अंतिम सांस ली। अपने करियर में उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ एक हजार से भी ज्यादा गोल दागे। भारत सरकार द्वारा मेजर ध्यानचंद के सम्मान में वर्ष 2002 में नेशनल स्टेडियम का नाम बदलकर मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम कर दिया गया। ध्यानचंद इतने महान हॉकी खिलाड़ी थे कि वियना के स्पोर्ट्स क्लब में उनकी चार हाथों में चार हॉकी स्टिक लिए एक मूर्ति लगाई गई है और उन्हें एक देवता के रूप में दशार्या गया है।

एक ऐसा देश, जिसने सचिन तेंदुलकर, विराट कोहली और बलबीर सिंह सीनियर जैसे खेल के सुपरस्टार देखे हैं, इनके बावजूद हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यान चंद ने अपने लिए एक विशेष स्थान हासिल किया हुआ है।

29 अगस्त, 1905 को उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद (प्रयागराज) में जन्मे ध्यान चंद सिंह ने स्वतंत्रता से पहले शानदार फॉर्म दिखाया।

द्वितीय विश्व युद्ध से पहले के वर्षों में खेल में हावी रहने वाली भारतीय हॉकी टीम के स्टार खिलाड़ी, ध्यान चंद सिंह ने 1928, 1932 और 1936 के ग्रीष्मकालीन ओलंपिक में भारत को ओलंपिक स्वर्ण पदक जीतने और अपनी पहली हैट्रिक पूरी करने में मदद करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।ब्रिटिश भारतीय सेना की रेजिमेंटल टीम के साथ अपने हॉकी करियर की शुरूआत करते हुए, एक युवा ध्यान सिंह एक विशेष प्रतिभा थे। लेकिन जिस चीज ने आगे पहुंचाया, वो था उनके हॉकी के प्रति समर्पण रेजिमेंटल कर्तव्यों में दिन बिताने के साथ, ध्यान सिंह चांदनी रात में अपनी हॉकी का अभ्यास करते थे, जिसके कारण उन्हें ध्यान चंद नाम दिया गया।

भारत में उनकी जयंती को राष्ट्रीय खेल दिवसह्व घोषित किया गया। और इसी दिन विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

## खास बात

# नशे की लत से बाहर निकलें

**जे बासुदेव**

**फैशन** में शराब का सेवन करना आम बात हो गई है। छोटी सी पार्टी हो उसमें ड्रिंक न हो ऐसा हो ही नहीं सकता है। जौसे इसके बिना पार्टी नहीं हो सकती है, लेकिन अगर ये चीज आदत में पड़ जाए तो आपके लिए नुकसानदायक हो सकती है। शुरूआत में तो ये बहुत ही अच्छा लगता है, लेकिन धीरे-धीरे ये आपकी सेहत के लिए काफी नुकसानदायक हो जाता है। लेकिन जब आप इसे छोड़ना चाहते है तो आप इसे छोड़ पाने में असफल होते है। आपको कई समस्याओं का सामना करना पडता है। आप इस लत से छुटकारा भी पा सकते है, बस आपके पास थोडी सी इच्छी शक्ति होना चाहिए।

जो लोग नशा करते है। उन्हे लगता है कि अगर वह छोड़ देगे तो उनका जीवन खत्म हो जाएगा। जबकि यह बिल्कुल गलत है। जो लोग नशा करते है उसे छोड़ने में आप कही ज्यादा संतुष्ट, स्वस्थ और खुश रहेगे। इसके लिए आपको अपनी लाइफस्टाइल में थोड़ा बदलाव लाना होगा।


जब कोई व्यक्ति किसी चीज को छोड़ता है तब उसके पीछे जरुर भागता है। अगर वह उस समय खुद को संभाल ले, तो आप उस चीज से दूरी बनी सकते है। इसी तरह नशे के साथ होता है जब आप इसे छोड़ने की कोशिश करते है तो आपको इसे पाने की तीव्र लालसा होती है। लेकिन अगर आप किसी को इस आदत से बचाना चाहते हैं तो इस स्थिति से निपटने के लिए खुद को मजबूत बनाएं साथ ही इन घरेलू उपाय को ट्राई करें।

**अदरक** दिन में कई बार अदरक की चाय पीने से काफी मदद मिलती हैं। पानी के एक कप में अदरक का टुकड़ा कुचलकर और उबालकर लें। इससे आपको नशे की ललसा खत्म हो जाएगी।

**नींबू** में भरपूर मात्रा में विटामिन सी पाया जाता है। यह एक ऐसा पोषक तत्व है जो कि आपके शरीर में नेचुरल तरीके से डिटॉक्सट करने और प्रतिरक्षा प्रणाली को उत्तेरजित करने में मदद करता है। इसका सेवन करने से विषाक्तत पदार्थों, अतिरिक्त फैट और मिनरल अपशिष्टि को शरीर से प्रभावी रूप से दूर कर सकते हैं।

# प्रकाश का दायित्व

## विचार-प्रवाह



**श्रीराम शर्मा आचार्य**

**आज** का संसार अंधविश्वासों और मूढ़-मान्यताओं की जंजीरों में जकड़ा हुआ है। इन जंजीरों से जकड़े हुए लोगों की दयनीय स्थिति पर मुझे तरस आता है। एक विचार जो मुझे दिन में निकले सूरज की तरह स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि व्यक्ति तथा समाज के समस्त दुःख उनमें समाये हुए अज्ञान के कारण ही हैं। संसार में प्रकाश कहाँ से उत्पन्न हो ? यह प्रक्रिया बलिदानों द्वारा संभव होती रही है। बलिदानी वीर अपना उदाहरण प्रस्तुत कर लोगों के सामने एक परंपरा उपस्थित करते हैं, फिर दूसरे उन पदचिन्हों पर चलने लगते हैं। प्रकाश उत्पन्न करने की यही परंपरा अनादिकाल से चली आ रही है। इस धरती पर जो सच्चे शूरवीर अथवा उत्तम व्यक्ति उत्पन्न होते रहे हैं, उन्होंने त्याग और बलिदान का मार्ग अपनाया, क्योंकि अपने सुख को बलिदान करने से ही दूसरे के सुख की संभावना उत्पन्न होती है। इस युग में शाश्वत प्रेम और अनंत करुणा से भरे प्रबुद्ध हृदयों की जितनी अधिक आवश्यकता है, उतनी पहले कभी नहीं रही। साहसपूर्ण कदम उठाने की जितनी आवश्यकता है, उतनी पहले कभी नहीं रही।

इसलिए ए प्रबुद्ध आत्माओं ! उठो, संसार दुःख-दारिद्र्य की ज्वाला में झुलस रहा है। क्या तुम्हें ऐसे समय में भी सोते रहना शोभा दे सकता है ? प्रकाश आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है और वह तुम्हारे जागरण एवं बलिदान से ही उत्पन्न होगा।

## कार्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### संयम से काम

**संसद** व विधानसभाओं के दोनों सदन जनता द्वारा प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से कर अदायगी के सहारे चलते हैं। वहीं मतदाता जनप्रतिनिधियों से नैतिक मर्यादित आचरण की अपेक्षा करते हैं। संसदीय कार्यवाही के दौरान विपक्ष द्वारा असंसदीय शब्दावली के प्रयोग के कारण स्पीकर को मजबूर होकर टोकना पड़ता है जिसके कारण संसदीय कार्यवाही बाधित होती है।

**– रामजीवन प्रसाद, गढ़वा**

### गलत संदेश

जनता द्वारा अदा किए गए विभिन्न करों के रुपयों का राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान होता है। पक्ष-विपक्ष के सामंजस्य से देश चलाने की परिपाटी ही शासन को लोक कल्याणकारी बना सकती है। इसके विपरीत शोर-शराबे से सदनों की कार्यवाही स्थगित होना और बिना चर्चा के बिल पास करना लोकतंत्र के लिए कदापि अच्छा संदेश नहीं है।

**– दिवाकर सिंह, रांची**

**मंज़िल** चाहे
कितनी भी ऊँची क्यों न हो...
तो रास्ते हमेशा
पैरों के नीचे होते हैं....
**–अनुपम खेर अभिनेता**

## आपके ट्वीट

**कृष्ण** जन्माष्टमी आयोजन समिति रांची के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने 6 सितंबर को मोरहाबादी मैदान में आयोजित श्री कृष्ण जन्मोत्सव एवं दही हांडी प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि आमंत्रित किया।
**– हेमंत सोरेन, सीएम**





**विश्व** हिंदू परिषद के प्रांतीय उपाध्यक्ष देवी प्रकाश शुक्ल जी 92 वर्ष की आयु में गो-लोकवासी हो गए। प्रभु श्रीराम इन्हें अपने श्रीचरणों में स्थान दें। परिजनों को इस शोक से उबरने का साहस दें। **– संजय सेठ, सांसद रांची**

# नये भारत का उदधोष है देश आत्मनिर्भर देश का अभियान

**डॉ. दिलीप अग्निहोत्री**

## सामयिक

**नए** भारत की विकास यात्रा में चंद्रयान का सफल अभियान भी शामिल हुआ। आत्मनिर्भर भारत का यह अभूतपूर्व अध्याय है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार के प्रयासों से संकल्प सिद्ध हो रहे हैं। इसके पहले कोरोना की दो वैक्सीन बना कर भारत ने अपनी प्रतिभा का दुनिया को प्रमाण दिया था। सैकड़ों देशों तक भारतीय वैक्सीन पहुंची थी। पिछले दिनों अमृत रेलवे-स्टेशन निर्माण कार्य का शुभारंभ हुआ था। डिजिटल अभियान में भारत की प्रगति शानदार है। यह सब अमृतकाल की गरिमा बढ़ा रहे हैं। इसी अवधि में भारत जी-20 का अध्यक्ष बना। दुनिया भारत के विचारों से परिचित हो रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने इससे पहले चंद्रयान अभियान की विफलता पर इसरो के वैज्ञानिकों का हौसला बढ़ाया था।

उन्होंने कहा था कि हमारे संस्कार, हमारा चिंतन, हमारी सोच, इस बात से भरी पड़ी है, जो हमें कहते हैं- वयं अमृतस्य पुत्राः। हम अमृत की संतान हैं जिसके साथ अमरत्व जुड़ा हुआ रहता है। अमृत के संतान के लिए न कोई रुकावट है, न हो कोई निराशा। हमें पीछे मुड़कर निराशा की तरफ नहीं देखना है, हमें सबक लेना है, सीखना है, आगे ही बढ़ते जाना है और लक्ष्य की प्राप्ति तक रुकना नहीं है। हम निश्चित रूप से सफल होंगे। मिशन के अगले प्रयास में भी और उसके बाद के हर प्रयास में कामयाबी हमारे साथ होगी। 21वीं सदी में भारत के सपनों और आकांक्षाओं को पूरा करने से पहले हमें कोई भी क्षणिक बाधा रोक नहीं सकती। उनका कथन सत्य साबित हुआ।

चंद्रयान-3 की चंद्रमा पर सफलतापूर्वक लैंडिंग होते ही प्रधानमंत्री मोदी ने तिरंगा लहराया। कहा, जब हम ऐसे ऐतिहासिक क्षण देखते हैं तो हमें बहुत गर्व होता है। ये नए भारत का सूर्योदय है। हमने धरती पर संकल्प किया और चांद पर उसे साकार किया। भारत अब चंद्रमा पर है। ये क्षण मुश्किलों के महासागर को पार करने जैसा है। ये क्षण जीत के चंद्रपथ पर चलने का है। ये क्षण 140 करोड़ धड़कनों के सामर्थ्य का है। ये भारत में नई ऊर्जा, नई चेतना का है। अमृतकाल की प्रथम प्रभा में सफलता की ये अमृतवर्षा हुई है। हमने धरती पर संकल्प लिया और चांद पर उसे साकार किया। जब हम अपनी आंखों के सामने इतिहास बनते देखते हैं तो जीवन धन्य हो जाता है। यह पल विकसित भारत के शंखनाद का है। इससे पहले कोई भी देश चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव तक नहीं पहुंचा है। हमारे वैज्ञानिकों की मेहनत से हम वहां तक पहुंचे हैं। भारत का सफल चंद्रमा मिशन अकेले भारत का नहीं है।यह सफलता पूरी मानवता की है।

प्रधानमंत्री मोदी ने नए भारत का रोडमैप बनाया था। उसमें भारत को विकसित देशों की श्रेणी में पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था।अंतरिक्ष क्षेत्र में क्षमता का वाणिज्यिक उपयोग के लिए न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड नाम से नए सार्वजनिक उपक्रम का गठन किया गया है। इसका मकसद इसरो के लाभ का पूरा उपयोग करना है। यह संकल्प सिद्ध हुआ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के न्यू इंडिया विजन में विकास और लोक कल्याण का समावेश है। भारत को विकसित बनाने का संकल्प है। संकल्प को सिद्ध करने की इच्छाशक्ति है। उनकी नौ वर्ष की यह यात्रा यही प्रमाणित करती है।

इस नये भारत का रेलवे भी नया है, क्योंकि रेलवे में विकास की दृष्टि से भी नौ साल बेमिसाल हैं। देश के विभिन्न ऐतिहासिक स्थलों और तीर्थ स्थानों को जोड़ने के लिए इन दिनों भारत गौरव यात्रा ट्रेन और भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन भी चल रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विश्व कल्याण के दृष्टिगत दुनिया को भारतीय विरासत से परिचित करा रहे हैं। उनके प्रयासों से अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है।

# मां को भरोसा था हमारा नीरज ही गोल्ड जीतेगा


**नीरज चोपड़ा के वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशीप में गोल्ड जीतने पर पानीपत में जश्न**

**नीरज चोपडा के पैतृक गांव खंडरा में देर रात को लड्डू बांटकर मनाई जीत की खुशी**

**पिता सतीश चोपडा व चाचा भीम चोपडा बोले- देश की उम्मीदों पर खरा उतरा है बेटा नीरज चोपडा**

पानीपत के गोल्डन बॉय नीरज चोपड़ा ने बुडापेस्ट में आयोजित वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशीप में गोल्ड जीतकर एक बार फिर से इतिहास रच दिया है। नीरज चोपडा 88.17 मीटर भाला फेंक कर विश्व विजेता बने है। वहीं नीरज चोपडा के गोल्ड जीतते ही गांव खंडरा में उनके घर पर जीत का जश्न शुरू हो गया। नीरज के पिता सतीश चोपडा, चाचा भीम चोपडा व दादा धर्म सिंह सहित परिजनों ने रविवार रात को ग्रामीणों के साथ ही लड्डू बांटकर नीरज के गोल्ड जीतने की खुशी मनाई गई। हालांकि नीरज चोपडा द्वारा गोल्ड जीतने पर गांव खंडरा ही नहीं बल्कि पुरे पानीपत जिला में खुशी का माहौल है। वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशीप को लाइव देखने के लिये नीरज चोपडा के घर के बाहर बडी टीवी स्क्रीन लगाकर कुर्सियां लगाई गई थी और नीरज के परिजनों के अलावा गांव के अनेकों ग्रामीण लाइव मैच देख रहे थे। परिजनों को पूरा भरोसा था कि नीरज इस एथलेटिक्स चैंपियनशीप में मेडल जरूर जीतेगा और इसलिये पहले से लड्डू मंगावा कर घर पर रखे गये थे। नीरज के गोल्ड जीतते ही लोगों ने तालियां और

## खेल दिवस



सीटी बजानी शुरू कर दी गई। नीरज के चाचा भीम चोपड़ा व पिता सतीश चोपड़ा ने गले लगकर एक दूसरे को बधाई दी। पिता व चाचा ने एक साथ कहा कि देश की उम्मीदों पर नीरज खरा उतरा है और आज बेटे ने गांव खंडरा, जिला पानीपत, हरियाणा व देश का नाम पूरी दुनिया में फिर से रोशन कर दिया है। नीरज विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशीप में गोल्ड जीतने वाले भारत के पहले एथलीट बन गए हैं। नीरज चोपडा के गोल्ड जीतने पर पूरा गांव भारत माता के जयकारों से गुंज गया।

**मां ने कहा था– बेटा इस बार फिर स्वर्ण जीतेगा**

हंगरी के बुडापोस्ट में आयोजित हो रही विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में नीरज के लिए पहले से ही प्रार्थनाओं और दुआओं का दौर शुरू हो गया था। पिता सतीश कुमार ने कहा कि पूरे देश की दुआएं व प्रार्थना नीरज के साथ हैं। उन्होंने नीरज के मैच को लेकर किसी तरह की बड़ी पूजा या अनुष्ठान नहीं करवाया है। हालांकि मां सरोज देवी ने कहा था कि बेटा इस बार फिर से स्वर्ण जीतेगा, उन्हें इसका पूरा यकीन है और मां की बातों पर नीरज चोपड़ा खरे उतरे है। नीरज के गोल्ड जीतने पर दादा धर्म सिंह की आंखों में आये खुशी के आंसू से भर गये। ये खुशी के आंसू थे।

नीरज चोपडा के दादा धर्म सिंह भी परिजनों व ग्रामीणों के साथ लाइव मैच देख रहे थे और नीरज द्वारा गोल्ड जीतते ही दादा धर्म सिंह की आंखों में खुशी के आंसू आ गये। उन्होंने कहा कि नीरज ने गांव खंडरा ही नही देश का नाम रोशन किया है और मैं धन्य हूं कि मुझे ऐसे पौता मिला है। उन्होंने कहा कि वे तो भगवान से यही प्रार्थना करते है कि सभी को ऐसे बेटे व पौते मिले।


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95705-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# लीवर की देख भाल का संकेत देता आपका पाचन

**मनुष्य** के शरीर का सबसे महत्वपूर्ण अंग है लिवर, जो सभी प्रकार के पौष्टिक तत्वों को शरीर में सहेजने, विभिन्न क्रियाओं को नियंत्रित करने और विषैले पदार्थों को नष्ट करने का काम करता है। लिवर के स्वस्थ कार्यों के लिए आवश्यक है कि आप अपने शारीर के संकेतों को समझने में सक्षम रहें, खासतर स्वच्छता के मामले में।

जब लिवर में समस्याएँ होती हैं, तो शौचालय द्वारा आपको यह संकेत मिल सकते हैं कि कुछ गलत हो रहा है।

**पीलापन (जौंडिस):**

जौंडिस एक प्रमुख लिवर समस्या है जिसमें आपकी आखों और त्वचा का रंग पीला हो जाता है। इसके साथ ही आपका मल भी पीला हो सकता हैं। मल का पीलापन लिवर के कामकाज के असमर्थ होने का संकेत हो सकता है। ऐसा आमतौर पर इसलिए क्योंकि बाइल यानी पीतरस मल तक पर्याप्त मात्रा में न पहुंच पाने के कारण ही मल का रंग पीला पड़ता है और इसके पीछे लिवर से जुड़ी बीमारियां हो सकती हैं।

**मल में सफेद या चिपचिपी परत (स्टीटोरिया):**

जब आपके मल में सफेद या चिपचिपी परत दिखाई देती है, तो यह सामान्यतः आपके शरीर में फैट का सही तरीके से मेटाबोलिज्ड नहीं हो रहा है या लिवर में कोई समस्या हो सकती है।

**मल में रक्त की गांठें (हेमाटोमा):**

अगर आपके मल में अचानक रक्त की गांठें दिखाई देती हैं, तो यह लिवर के किसी समस्या के परिणाम स्वरूप हो सकता है जैसे कि सिरोसिस या फिब्रोसिस।

**शौच में रंग का बदलाव:**

लिवर समस्याएँ होने पर, आपके शौच में रंग का बदलाव हो सकता है। मल के गलेरे में यदि रक्त आ रहा है तो शौच लाल या गहरे रंग का दिख सकता है।

**बदबू**

अगर आपके शौच में असामान्य बदबू या कुछ दिख रहा है, तो यह लिवर समस्याओं का संकेत हो सकता है।

**अचानक से दस्त**

लेकिन अचानक से दस्त लगना लिवर से जुड़ी बीमारी का संकेत भी हो सकता है और इसलिए इसे इग्नोर नहीं करना चाहिए। एक्यूट लिवर फेलियर के मामलों में एक्यूट डायरिया जैसे लक्षण देखने को मिल सकते हैं और इसलिए इन्हें इग्नोर नहीं करना चाहिए।

# जापान के लोगों के तरह करें इन 7 चीजों का सेवन



## क्या 100 साल जीना चाहते हैं?

**जा**पान का एक आइसलैंड है ओकिनावा । यह अपनी खूबसूरती के साथ यहां के लोगों के जीवनशैली को लेकर फेमस है। क्योंकि यहां के लोग स्वस्थ और खुश रहते हैं। यहां के अधिकतर लोगों की उम्र 100 वर्ष से अधिक है। ओकिनावा के लोगों की लंबी उम्र का एक बड़ी वजह है उनका खाना-पान। वे हमेशा प्लांट बेस्ड डाइट को फॉलो करते हैं। जिसमें प्रचूर मात्रा में पोषक तत्वों होते हैं। वे अपनी डाइट में भरपूर सब्जियां और पत्तियों का सेवन करते हैं। एक रिसर्च के अनुसार, लंबा जीवन जीने के लिए रोजाना खाई जाने वाली साग-सब्जियां कमाल का काम करती हैं। इस लेख में हम बताएंगे कि इस आइसलैंड के लोग किन-किन चीजों का सेवन करते हैं।

जापान का एक आइसलैंड है ओकिनावा । यह अपनी खूबसूरती के साथ यहां के लोगों के जीवनशैली को लेकर फेमस है। क्योंकि यहां के लोग स्वस्थ और खुश रहते हैं। यहां के अधिकतर लोगों की उम्र 100 वर्ष से अधिक है। ओकिनावा के लोगों की लंबी उम्र का एक बड़ी वजह है उनका खाना-पान। वे हमेशा प्लांट बेस्ड डाइट को फॉलो करते हैं। जिसमें प्रचूर मात्रा में पोषक तत्वों होते हैं। वे अपनी डाइट में भरपूर सब्जियां और पत्तियों का सेवन करते हैं। एक रिसर्च के अनुसार, लंबा जीवन जीने के लिए



रोजाना खाई जाने वाली साग-सब्जियां कमाल का काम करती हैं। इस लेख में हम बताएंगे कि इस आइसलैंड के लोग किन-किन चीजों का सेवन करते हैं।

**हरे शहतूत के पत्ते** ओकिनावा के लोग शहतूत की पत्तियों को अपने खाने में शामिल करते हैं। इसके पत्ते गले की खराश को ठीक करता है। शहतूत की पत्तियां सूजन से निपटने और ब्लड शुगर और कोलेस्ट्रॉल लेवल कंट्रोल करने में भी मददगार है।

**बैंगनी रंग का शकरकंद**

बता दें कि 1950 के दशक में जब जापान लगभग 50% चावल पर डिपेंड था, तब ओकिनावा के लोग दैनिक कैलोरी का 67% पतले बैंगनी रंग के शकरकंद का सेवन करके लेते थे। शकरकंद हेल्दी कॉम्प्लेक्स काबोर्हाइड्रेट फाइबर से भरपूर है। इसमें ब्लूबेरी की तुलना में अधिक एंटीऑक्सिडेंट पाए जाते हैं।

इस टेस्टी सूप में एंजाइम, अमीनो एसिड और हार्मोन शामिल हैं जो इम्यून सिस्टम को बढ़ावा देते हैं और ब्लड प्रेशर में सुधार करते हैं। यह शरीर को डिटॉक्स करने का एक अच्छा तरीका है।

**गोया टी**

ओकिनावा के लोग गोया का सेवन बहुत अधिक करते हैं। यह एक प्रकार का करेला है। यह सेहत के लिए बहुत फायदेमंद है। इसमें कई पोषक तत्व पाए जाते हैं। यह ब्लड शुगर कम करने में सहायक हैं। इसलिए ओकिनावा में डायबिटीज मरीजों की संख्या बहुत कम है।

## काम में नहीं लगता मन !

**दिनभर** थकान होती है और काम करने में मन नहीं लगता। इसकी कई वजहें हो सकती हैं. शरीर में पोषक तत्वों की कमी, खराब लाइफस्टाइल, दिनभर एक ही जगह बैठे रहना भी इसका कारण हो सकता है. अगर आप रात में पर्याप्त नींद नहीं लेते और शरीर में आयरन, विटामिन बी 12, बी3, विटामिन डी, विटामिन सी, मैग्नेशियम आदि की कमी हो तो आप दिनभर थकान महसूस करने लगते हैं। यहीं नहीं, कई बार अत्यधिक स्ट्रेस भी आपकी थकान को बढ़ाने का काम करती है. **दिनभर बैठकर काम करना**

अगर आप दिनभर ऑफिस में कम्प्यूटर पर बैठकर काम करते हैं तो ये आपके एनर्जी लेवल को कम कर देता है और आप मानसिक रूप से थकान महसूस करने लगते हैं. एक रिपोर्ट के मुताबिक, लोगों को 90 मिनट काम करने के बाद एक ब्रेक लेना जरूरी होता है. यही नहीं, दिन में कम से कम 20 मिनट का वॉक भी आपके एनर्जी लेवल को बढ़ा सकता है।

**कम पानी पीना**

अगर आपके शरीर में 2 प्रतिशत भी पानी की कमी होती है तो इसकी वजह से आपके शरीर में एनर्जी की कमी आने लगती है और थकान महसूस करने लगते हैं. ऐसे में शरीर में पानी की कमी को दूर रखने के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी पीना बहुत ही जरूरी है।

**ब्रेकफास्ट नहीं करना**

अगर आप सुबह शरीर में प्रोटीन, मोनो सैचुरेटेड फैट, कॉम्प्लेक्स काबोर्हाइड्रेट नहीं डालेंगे तो इससे आप दिनभर थकान महसूस करेंगे. इसलिए ब्रेकफास्ट जरूर करें।

**मोबाइल टीवी का प्रयोग**

अगर आप सोने से पहले मोबाइल या लैपटॉप पर सीरियल आदि देखना पसंद करते हैं तो इसकी वजह से आपके शरीर में कुछ हार्मोन्स आपके स्लीप साइकल को डिस्टर्ब कर देते हैं. इसलिए सोने से 2 घंटे पहले इन सारी चीजों का इस्तेमाल बंद कर दें।



# स्ट्रेस लेते हैं तो होंगे डायबिटीज के शिकार

**डायबिटीज,** वैश्विक स्तर पर बढ़ती गंभीर स्वास्थ्य समस्या है जिसका जोखिम सभी उम्र के लोगों में बढ़ता जा रहा है। आनुवांशिकता के साथ लाइफस्टाइल और आहार में गड़बड़ी को डायबिटीज के जोखिमों को बढ़ाने वाला माना जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, मधुमेह के कई जोखिम कारक हो सकते हैं, तनाव की समस्या भी इसमें से एक है। अगर आप भी अधिक तनाव लेते हैं तो सावधान हो जाइए, यह आपमें इस गंभीर क्रोनिक रोग के खतरे को बढ़ाने वाली हो सकती है।

**तनाव और डायबिटीज की समस्या**

अध्ययनकताओं ने पाया कि मधुमेह और तनाव का पारस्परिक संबंध हो सकता है, इतना ही अगर आप अधिक तनाव में रहते हैं तो इसके कारण डायबिटीज को कंट्रोल कर पाना भी कठिन हो सकता है। तनाव की स्थिति में कोर्टिसोल हार्मोन रिलीज होता है जो ब्लड शुगर के स्तर को बढ़ाने वाली हो सकती है। इसके अलावा तनाव

**तनाव के कारण मधुमेह का खतरा – क्या कहते हैं शोधकर्ता?**

नीदरलैंड में एम्स्टर्डम विश्वविद्यालय के शोधकताओं ने समझने के लिए शोध किया कि विभिन्न प्रकार के तनाव कैसे मधुमेह को जन्म दे सकते हैं? इनमें जीवनशैली कारक, हार्मोन के स्तर पर प्रभाव और प्रतिरक्षा प्रणाली पर प्रभाव भी शामिल हैं। तनाव का उच्च स्तर अस्वास्थ्यकर जीवनशैली की आदतों को बढ़ाने वाला हो सकता है और जीवनशैली की गड़बड़ आदतों को मधुमेह के प्रमुख जोखिम कारकों में से एक पाया गया है।

इसके अलावा तनाव की स्थिति हाइपोथैलेमिक पिट्यूटरी एड्रेनल ग्रंथि ग्रंथि को अति सक्रिय कर देती है इससे हार्मोनल परिवर्तन होने का खतरा भी बढ़ जाता है। जैसे हाई कोर्टिसोल स्तर होने की स्थिति को डायबिटीज के खतरे को बढ़ाने वाला पाया गया है।

**तनाव को कंट्रोल करना बहुत आवश्यक**

नियमित व्यायाम, माइंडफुलनेस, शारीरिक गतिविधि को दिनचर्या का हिस्सा बनाकर स्ट्रेस की समस्या को कंट्रोल किया जा सकता है। नींद की गुणवत्ता को बढ़ाने से मेटाबॉलिज्म और इंसुलिन संवेदनशीलता दोनों में सुधार होता है जो मानसिक स्वास्थ्य की समस्या को कंट्रोल करने में भी लाभकारी हो सकती है।

**अधिक मीठा खाने के बाद डायबिटिक पेशेंट्स की बॉडी में क्या होता है?**

शुगर के पेशेंट अधिक मीठी चीजें खा लेते हैं या फिर अगर ऐसे फूड्स खा लेते हैं, जिन्हें ग्लाइसेमिक इंडेक्स में 50 से ऊपर स्थान मिला है तो इन फूड्स को खाने से इनका शुगर लेवल सामान्य लोगों की तरह 45 मिनट में बहुत तेजी से बढ़ तो जाता है. लेकिन जिस तरह दो घंटे के अंदर सामान्य लोगों का ब्लड शुगर लेवल नॉर्मल हो जाता है, वैसे डायबिटिक पेशेंट्स का शुगर लेवल नॉर्मल नहीं हो पाता है।

**सिर में ऐसा दर्द होना**

सिर में लंबे समय तक हल्का-हल्का दर्द बना रहना भी ब्लड शुगर लेवल बढ़ने का एक लक्षण होता है. ये दर्द कई घंटों या दिनों तक लगातार बना रह सकता है।

**यूरिन से जुड़ी समस्या**

शुगर लेवल हाई होने पर बार-बार बाथरूम के चक्कर लगाने पड़ सकते हैं और जरूरी नहीं कि आपको हर बार यूरिन आए ही... कुछ ड्रॉप्स भी यूरिन का हेवी प्रेशर फील करा सकती हैं।

**. थकान होना**

आपको पहले से ये समस्या नहीं है लेकिन अचानक से आपको बहुत अधिक थकान रहने लगती है तो ये ब्लड शुगर हाई होने का एक लक्षण हो सकता है. ऐसा इसलिए होता है क्योंकि ब्लड में अधिक मात्रा में शुगर होने से उसका फ्लो कम हो जाता है और थकान शरीर पर हावी होने लगती है.

**धुंधला दिखना**

अचानक से आपको धुंधला दिखने लगता है यानी आपको क्लियर दिखना बंद हो जाता है तो इसकी वजह भी ब्लड शुगर का हाई लेवल हो सकता है.

**अधिक प्यास लगना** लगातार मुंह सूखना और बार-बार पानी या कुछ भी फ्लूइड लेने की इच्छा होना भी इस बात का संकेत होता है कि आपका ब्लड शुगर लेवल बहुत अधिक बढ़ा हुआ है.

**हाथ-पैर में दिक्कत होना** जिन लोगों का ब्लड शुगर लेवल हाई होता है, उनके हाथ-पैर बहुत जल्दी सुन्न हो जाते हैं.

**अधिक भूख लगना** प्यास के साथ ही बार-बार भूख लगना और थोड़ी-थोड़ी देर में कुछ भी मीठा खाने की इच्छा होना भी ब्लड शुगर लेवल के बढ़ने की निशानी हो सकता है.

**मुंह सूखना** हर समय मुंह सूखना और गले के साथ ही होठों में भी ड्राइनेस आना ब्लड शुगर लेवल बढ़ने का इंडिकेशन हो सकता है.

**सांसें उखड़ना** सांस लेने में समस्या होना या सांस जल्दी-जल्दी सांस आने की समस्या अगर लगातार कई दिनों तक बनी रहे तो ये भी हाई ब्लड शुगर लेवल का संकेत हो सकती है।

**मेंटल हेल्थ की समस्याएं** ब्लड शुगर लेवल जब लंबे समय तक हाई बना रहता है तो याददाश्त, तनाव, नींद ना आना या बिस्तर से उठने की इच्छा ना होने जैसी समस्याएं घेर सकती हैं।

# शरीर में ताकत भर देगा ग्रीन एप्पल, कई बीमारियों में है फायदेमंद

**जैसा** कि हम जानते हैं सेब खाना हमारी सेहत के लिए बहुत फायदेमंद है। ऐसा कहा जाता है कि रोजाना एक सेव खाने से डॉक्टर के पास जाने की जरूरत नहीं पड़ती है। ये खाने में स्वादिष्ट और पोषक तत्वों से भरपूर है।

जैसा कि हम जानते हैं सेब खाना हमारी सेहत के लिए बहुत फायदेमंद है। ऐसा कहा जाता है कि रोजाना एक सेव खाने से डॉक्टर के पास जाने की जरूरत नहीं पड़ती है। ये खाने में स्वादिष्ट और पोषक तत्वों से भरपूर है।

आपने लाल सेब तो खूब खाए होंगे, लेकिन आज हम हरा सेब के फायदे और टेस्ट के बारे में बताएंगे। हरा सेवन लाल सेव से ज्यादा टेस्टी और हेल्दी होता है। बाजार में लाल सेब हर मौसम में मिल जाता है लेकिन हरा सेब कुछ महीनों के लिए बाजार में मिलता है। हरे सेब में एंटीऑक्सिडेंट, मिनरल्स, विटामिन और फ्लेवोनोइड पाए जाते हैं। जो स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद हैं। कब्ज, कोलेस्ट्रॉल और मोटापे जैसी कई समस्याओं से राहत पाने में हरा सेब अच्छा है।

**कोलेस्ट्रॉल कर कम**

हरा सेब खाने से हाई कोलेस्ट्रॉल की समस्या राहत पा सकते हैं। हरा सेब में विटामिन अ, विटामिन उ, कैल्शियम और आयरन प्रचूर मात्रा में पाया जाता है। साथ ही हरे सेब में भरपूर मात्रा में फाइबर होता है। ये



पोषक तत्व शरीर में जमे बैड कोलेस्ट्रॉल खत्म करने में मदद करते हैं। हरा सेब खाने से कार्डियोवैस्कुलर डिजीज का जोखिम कम होता है।

कब्ज से मिलेगी राहत

हरा सेब को पेट के लिए फायदेमंद होता है। इसमें पाए जाने वाले फाइबर से कब्ज की समस्या दूर होती है। यह पाचन तंत्र को मजबूत करता है और डायरिया को ठीक करने में मदद करता है। इरिटेबल बाउल सिंड्रोम से जूझ रहे लोगों के लिए भी ग्रीन एप्पल का सेवन लाभकारी हो सकता है। यह फल डायजेस्टिव डिसऑर्डर को भी ठीक करता है।

**डायबिटीज कंट्रोल में फायदेमंद**

नियमित हरा सेब खाने से डायबिटीज का खतरा कम होता है। एक रिसर्च के अनुसार, रोज 1-2 हरा सेब खाने से टाइप 2 डायबिटीज होने का खतरा कम होता है। डायबिटीज के मरीज कम मात्रा में ग्रीन एप्पल का सेवन कर सकते हैं।

**वजन करता है कम**

मोटापे और ओवरवेट से परेशान लोगों के लिए ग्रीन एप्पल का सेवन करना फायदेमंद है। ग्रीन एप्पल में पोषक तत्व भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। जिससे लोगों को वजन कम करने में मदद मिल सकती है। हरे सेब में कैलोरी की मात्रा कम होती है। जिस वजह से यह फल असरदार है। इसमें विटामिन ङ भी पाया जाता है।

**आंतों की सेहत के लिए फायदेमंद**

हमारे शरीर को स्वस्थ रखने में आंतों का महत्वपूर्ण योगदान है। हरा सेब आंतों की सेहतमंद रखने में कारगर है। ग्रीन एप्पल में पेक्टिन नामक कंपाउंड पाया जाता है। जो शरीर में प्रीबायोटिक की तरह काम करता है। यह आंतों में हेल्दी बैक्टीरिया को प्रमोट करता है। साथ ही यह खाना पचाने में भी मदद करता है।



व्यायाम करने के बाद शरीर को सही पोषण देना अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह आपकी तंदुरुस्ती और स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद करता है। व्यायाम के बाद सही पोस्ट वर्कआउट भोजन खाने से आपकी शरीर की मांसपेशियों का निर्माण होता है और उन्हें उर्जा मिलती है, जिससे आपकी पुनर्वास गति बेहतर होती है। निम्नलिखित हैं 10 पोस्ट वर्कआउट मील्स जो आपके शरीर को बेहतर रिकवरी के लिए खाने चाहिए :

# वर्कआउट करने के बाद इन 10 फूड्स को अपनी डाइट में करें शामिल

**व्यायाम** करने के बाद शरीर को सही पोषण देना अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह आपकी तंदुरुस्ती और स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद करता है। व्यायाम के बाद सही पोस्ट वर्कआउट भोजन खाने से आपकी शरीर की मांसपेशियों का निर्माण होता है

**प्रोटीन शेक:**

व्यायाम के बाद प्रोटीन शेक पीना बेहतर विकल्प हो सकता है। यह आपके शरीर को त्वरित रूप से प्रोटीन पहुँचाता है और मांसपेशियों की मरम्मत करने में मदद करता है।

**स्टीम्ड वेजिटेबल्स और ग्रिल्ड चिकन:**

स्वादिष्ट और स्वस्थ स्टीम्ड वेजिटेबल्स के साथ ग्रिल्ड चिकन खाना आपको प्रोटीन, फाइबर और पोटैशियम की मात्रा प्रदान करता है।

दालचीनी वॉटर के नियमित सेवन के लाभ और बनाने का तरीका

**ओटमील और ड्राई फ्रूट्स:**

ओटमील में फाइबर और कार्बोहाईड्रेट्स होते हैं जो आपके शरीर को ऊर्जा प्रदान करते हैं, और ड्राई फ्रूट्स में विटामिन्स और मिनरल्स पाए जाते हैं।

**ग्रीक योगर्ट और बेरीज:**

ग्रीक योगर्ट में प्रोटीन होता है और बेरीज में एंटिऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं, जो शरीर की रिकवरी में मदद कर सकते हैं।

**खिचड़ी:**

यह आसानी से पचने वाला भोजन है जिसमें काबोर्हाइड्रेट्स और प्रोटीन होता है, जो वर्कआउट के बाद शरीर को आराम पहुँचाता है।

**तिल के लड्डू:**

तिल के लड्डू में प्रोटीन और ईश्वरीय तत्व होते हैं, जो शरीर की मांसपेशियों को मजबूती देने में मदद कर सकते हैं।

# दूध विटामिन सी लेने से जिंजिवाइटिस में मिलता है आराम

**त्वचा की सफाई**

मसूड़ों में संक्रमण होना आमतौर पर जिंजिवाइटिस या पायरिया के नाम से जाना जाता है। इसके बारे में जानते हैं-

मसूड़ों में संक्रमण होना आमतौर पर जिंजिवाइटिस या पायरिया के नाम से जाना जाता है। इसके बारे में जानते हैं-इस तरह समझें

मसूड़ों की बीमारी एक तरह का संक्रमण होता है जो दांतों के नीचे हड्डियों तक फैल जाता है। प्रारंभिक रूप से इसे पायरिया भी कहते हैं। जबकि मसूड़ों में सूजन, पस भरना, हड्डी गलना जैसी समस्याएं इसकी गंभीर स्थिति है, जिसे पेरियोडॉन्टिस कहा जाता है।

**ये हैं प्रमुख कारण**

धूम्रपान, मधुमेह से ग्रसित होना, हार्मोन में बदलाव, आनुवांशिक रूप से ग्रसित होना, पोषण में कमी आदि शामिल हैं।

इन लक्षणों से पहचानें

सांस के साथ मुंह से बदबू आना।

मुंह का जायका बिगड?ा।

मसूड़ों से सूजन व खून आना।

ब्रश करने में दर्द होना, खून आना।

दांत ढीले पड?ा या हिलना।

कुछ चबाने पर दर्द होना।

इस तरह करें बचाव

फ्लोराइड टूथपेस्ट के साथ रोजाना दो बार ब्रश करें।

ब्रशिंग का सही तरीका अपनाएं।

प्लेक (गंदगी) हटाने के लिए फ्लॉस (दांतों को बीच में से साफ) करें।

धूम्रपान व तंबाकू की आदत से बचें।

साल में कम से कम एक बार दांतों व मसूड़ों की स्केलिंग (सफाई) करवाएं।

ऐसी हो डाइट

**विटामिन-सी युक्त आंवला, संतरा जैसे फल व फाइबर युक्त आहार लें।**

**अच्छे व संतुलित आहार का चुनाव करें। शरीर में कैल्शियम की कमी न हो।**

**पिज्जा जैसे फास्ट फूड से दूर रहें।**

**टॉफी-चॉकलेट से बचाव करें।**

**कॉफी या चाय ज्यादा न लें।**

# भारत को खेल राष्ट्र के रूप में जाना जायेगा : गावस्कर

एजेंसी



**मुंबई।** अपने जमाने के दिग्गज बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने भाला फेंक के एथलीट नीरज चोपड़ा, शतरंज के उदीयमान खिलाड़ी आर प्रज्ञाननंदा और बैडमिंटन स्टार एचएस प्रणय की उपलब्धियों की सराहना करते हुए सोमवार को कहा कि भारत को अगले 10-15 वर्षों में खेल राष्ट्र के रूप में जाना जाएगा। चोपड़ा रविवार को विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय एथलीट बने जबकि 18 वर्षीय प्रज्ञाननंदा ने पिछले सप्ताह विश्व कप के फाइनल में जगह बना कर इतिहास रचा। प्रणय ने विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता और इस दौरान विश्व के नंबर एक खिलाड़ी विक्टर एक्सेलसेन को हराया। गावस्कर ने यहां एक कार्यक्रम में कहा, इससे पहले आपने देखा होगा कि केवल कुछ खेलों पर ही चर्चा होती थी और इन्हीं खेलों को मीडिया में कवरेज मिलती थी।' उन्होंने कहा, ह्यलेकिन अब सभी खेलों को लेकर चर्चा होती है और इन खेलों को भी पर्याप्त कवरेज मिलती है। हमें इन खेलों में नए स्टार खिलाड़ी मिल रहे हैं।' पूर्व भारतीय कप्तान गावस्कर बुडापेस्ट में चोपड़ा को विश्व चैंपियन बनते देखकर खुशी से झूम उठे थे। उन्होंने कहा, मुझे याद है कि जब उन्होंने (चोपड़ा) तोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीता तब भारत और इंग्लैंड के बीच श्रृंखला चल रही थी। मैं इंग्लैंड से देख रहा था और जैसे ही चोपड़ा ने स्वर्ण पदक जीता तो मैं गीत गाने लगा, मेरे देश की धरती सोना उगले... कल भी मुझे ऐसा ही एहसास हुआ।' गावस्कर ने कहा, हमने दो साल पहले नीरज को ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतते हुए देखा था। विश्व चैंपियनशिप में पिछले साल उन्होंने रजत पदक जीता लेकिन उनके लिए स्वर्ण पदक जीतना महत्वपूर्ण था और वह इसमें सफल रहे।' उन्होंने कहा, दूसरी तरफ बैडमिंटन में प्रणय सेमीफाइनल में पहुंचे और उन्होंने विक्टर एक्सेलसेन को हराया। अगर आप अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया को खेल राष्ट्र मानते हो तो मुझे लगता है कि 10-15 वर्षों में भारत को भी खेल राष्ट्र कहा जाएगा।' उन्होंने प्रज्ञाननंदा की प्रशंसा करते हुए कहा, वह उपविजेता रहा। वह अभी केवल 18 वर्ष का है और भविष्य में कई खिताब जीत सकता है।' पूर्व भारतीय कप्तान ने क्रिकेट पर बात करते हुए कहा कि भारत और पाकिस्तान की प्रतिद्वंद्विता के बीच श्रीलंका को कम करके नहीं आंकना चाहिए। गावस्कर ने कहा, एशिया कप में हम भारत और पाकिस्तान की प्रतिद्वंद्विता को लेकर बात कर रहे हैं लेकिन यह नहीं भूलना चाहिए कि श्रीलंका भी इस टूर्नामेंट में है। इन तीनों देशों के बीच की प्रतिद्वंद्विता हमेशा खास होती है।' उन्होंने विश्व कप के सेमीफाइनल की दावेदार टीमों के बारे में बताने से इनकार कर दिया। गावस्कर ने कहा, मेरी दिलचस्पी केवल भारत में है। मुझे दूसरी टीमों को लेकर कोई चिंता नहीं है।'

## एक्सरसाइज बाइक पर पसीना बहाते नजर आये पंत



**नयी दिल्ली।** पिछले साल दिसंबर में हुए भीषण कार एक्सीडेंट के बाद से टीम इंडिया के स्टार विकेटकीपर ऋषभ पंत तेजी से रिकवरी कर रहे हैं। पंत पिछले 9 महीने से अधिक समय से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से बाहर हैं, लेकिन बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में ठीक हो रहे हैं। पंत को हाल ही में बेंगलुरु में एक अभ्यास मैच में बल्लेबाजी करते हुए क्रिकेट के मैदान पर वापस देखा गया था। अब दिल्ली के विकेटकीपर ने एक्सरसाइज बाइक पर अपना एक और वीडियो पोस्ट किया है। पंत ने सोशल मीडिया पर इसका वीडियो शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'पकड़, मोड़, चप्पू, केवल अच्छे वाइब्स।' उनका ये वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। ऋषभ पंत के अधिकांश प्रशंसक उनके सोशल मीडिया पोस्ट पर जल्द ही वापसी की कामना कर रहे हैं। दुर्घटना के बाद उनके मीडियल कोलेटरल लिगामेंट का ऑप्रेट हुआ और वह लम्बी रिकवरी के बाद रिहैब के लिए एनसीए चले गए जहां वह तेजी से ठीक हो रहे हैं।

# मलेशिया को हरा कर भारत ने विश्व कप में बनायी जगह

एजेंसी




**सलालाह।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने सोमवार को महिला एशियाई हॉकी 5एस विश्व कप क्वालीफायर के सेमीफाइनल में मलेशिया को 9-5 से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया। भारत के लिए नवजोत कौर (सातवां, 10वां, 17वां मिनट) ने तीन गोल किए, जबकि मारियाना कुजूर (नौवा, 12वां मिनट) और ज्योति (21वां, 26वां मिनट) ने दो गोल किए। महिमा चौधरी (14वां) और मोनिका दीपी टोप्पो (22वां मिनट) ने एक एक गोला जमाया। मलेशिया के लिए जती मुहम्मद (चौथा, पांचवां मिनट), डियान नाजेरी (10वां, 20वां मिनट) और अजीज जफीराह (16वां मिनट) ने गोल जमाए। उल्लेखनीय है कि विश्व कप में क्वालीफाई करने के लिए भारत को शीर्ष तीन में रहना था और इस जीत के साथ भारतीय टीम शीर्ष आयोजन में पहुंच गई है। भारत मैच में शुरू से ही आक्रामक रहा, लेकिन मलेशिया ने जती मुहम्मद के गोल की मदद से चौथे मिनट में बढ़त बनाई। जती मोहम्मद ने अगले ही मिनट मलेशिया की बढ़त दोगुनी कर भारत पर दबाव बनाया। भारत ने हालांकि अपनी आक्रामक नीति के बदलाव नहीं किया और उसे जल्द ही इसका फल भी मिला। कप्तान नवजोत कौर और मरियाना कुजूर ने क्रमशः सातवें और नौवें मिनट में गोल जमाकर भारत के लिए स्कोर बराबर किया। नजेरी ने 10वें मिनट में मलेशिया का तीसरा गोल किया लेकिन 12वें मिनट तक नवजोत और कुजूर ने एक एक गोल जमाकर भारत को पहली बार बढ़त की स्थिति में पहुंचा दिया। महिमा ने 14वें मिनट में फील्ड गोल दागा और भारत हाफ टाइम तक 5-3 से आगे रहा। दूसरे हाफ में दोनों टीमों ने जोरदार शुरूआत की और जफीराह के गोल के दम पर मलेशिया एक बार फिर पहले स्कोर करने में कामयाब रहा, हालांकि इसके बाद भारतीय टीम पूरी तरह प्रतिद्वंदी पर हावी हो गई। फुल टाइम से पहले मलेशिया ने कई मौके बनाए लेकिन नाजेरी (20वां मिनट) के अलावा कोई खिलाड़ी इन्हें गोल में नहीं बदल सका। दूसरी ओर, भारत ने नवजोत, मोनिका और ज्योति (दो) ने मौकों को गोल में बदलते हुए भारत को जीत दिलाई।

## फिटनेस साबित करने के लिए विलियमसन को दो हफ्ते का समय

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड क्रिकेट ने सीमित ओवर कप्तान केन विलियमसन को अक्टूबर में शुरू होने वाले वनडे विश्व कप 2023 के लिए अपनी फिटनेस साबित करने के लिए दो हफ्ते का वक्त दिया है। न्यूजीलैंड के मुख्य कोच गैरी स्टीड ने सोमवार को यह जानकारी दी। स्टीड ने संवाददाताओं से कहा, हम करीब दो हफ्ते में टीम की घोषणा करने वाले हैं। हम उसे उस पूरे समय का उपयोग करने का पूरा मौका देंगे। वह पूरी तरह से रिहैब प्रक्रिया पर ध्यान दे रहा है। वह फिर से नेट्स में बल्लेबाजी कर रहा है, जो देखना बहुत अच्छा है।

## आनंद महिन्द्रा प्रज्ञानन्दा को देंगे XUV 400 EV

**नयी दिल्ली।** दिग्गज चैस प्लेयर मैगनस कार्लसन को फाइनल में टक्कर देने वाले प्रज्ञानन्दा की मेहनत को आनंद महिन्द्रा ने भी सलाम किया है। शतरंज विश्व कप 2023 का फाइनल मैच हारने के बावजूद आर प्रज्ञानन्दा ने पूरे देश को गौरवान्वित किया है। 18 वर्षीय प्रज्ञानन्दा शतरंज विश्व कप फाइनल में पहुंचने वाले दुनिया के सबसे कम उम्र के खिलाड़ी है। बहरहाल, उनकी उपलब्धि से गद्गद् एक प्रशंसक ने सोशल मीडिया पर आनंद महिन्द्रा से गुजारिश की थी कि क्रिकेट सितारों, ओलिंपिक मैडल जीतने वाले प्लेयरों की तरह प्रज्ञानन्दा को भी थार गिफ्ट की जानी चाहिए। इस पर आनंद महिन्द्रा ने सोशल मीडिया साइट्स एक्स पर लिखा- आपकी भावना की सराहना करता हूं, कृषले। और आपके जैसे कई लोग मुझसे उसे (@rpragchess) एक थार उपहार में देने का आग्रह कर रहे हैं। लेकिन मेरे पास एक और विचार है... मैं माता-पिता को अपने बच्चों को शतरंज से परिचित कराने और इस सेरेब्रल गेम को आगे बढ़ाने में उनका समर्थन करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहूंगा (वीडियो गेम की लोकप्रियता में वृद्धि के बावजूद!)। यह ईवी की तरह ही हमारे ग्रह के बेहतर भविष्य के लिए एक निवेश है। और इसलिए, मुझे लगता है कि हमें उनके माता-पिता को एक XUV400 EV उपहार में देनी चाहिए। श्रीमती नागलक्ष्मी और श्री रमेशबाबू, जो अपने बेटे के जुनून को पोषित करने और उसे अपना अथक समर्थन देने के लिए हमारे आभार के पात्र हैं। आप क्या सोचते हैं @राजेश664.। 9 अगस्त को, उन्होंने पहलवान निकहत जरीन को 2023 महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने के बाद कार उपहार में दी थी।

# बिरसा-11 की टीम को सीएमपीडीआइ के सीएमडी ने किया पुरस्कृत

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** सीएमपीडीआइ में राष्ट्रीय खेल दिवस-2023 के उपलक्ष्य में आयोजित तीन-दिवसीय अंतर विभागीय फुटबॉल टूनामेंट के समापन-सह-पुरस्कार समारोह में मुख्य अतिथि संस्थान के सीएमडी मनोज कुमार ने विजेता टीम बिरसा-11 को ट्रॉफी प्रदान कर पुरस्कृत किया। मौके पर सीएमपीडीआइ के निदेशक (तकनीकी/सीआरडी) एसके गोमास्ता ने उप-विजेता टीम एवं ध्यानचंद-11 टीम के स्नेहाशीष को प्लेयर ऑफ दी मैच तथा बिरसा-11 की टीम के जगदेव मुंडा को प्लेयर ऑफ दी टूनार्मेंट के खिताब से सम्मानित किया। वहीं, निदेशक (तकनीकी/पीएंडडी) अजय कुमार ने विजेता एवं उप-विजेता टीम के सभी खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर उत्साहित किया। इस तीन-दिवसीय अंतर विभागीय फुटबॉल टूनार्मेंट का फाइनल मुकाबला ध्यानचंद-11 बनाम बिरसा-11 के बीच हुआ। निर्धारित समय में दोनों टीमें 1-1 गोल की बराबरी पर रहीं। तत्पश्चात पेनाल्टी शूटआउट का विकल्प दोनों टीमों को दिया गया। पेनाल्टी शूटआउट में बिरसा-11 की टीम ने 3-2 से ध्यानचंद-11 की टीम को पराजित किया। ज्ञात हो कि 26-28 अगस्त, 2023 तक चलने वाले इस तीन-दिवसीय अंतर विभागीय फुटबॉल टूनार्मेंट में कुल 6 टीमों ने भाग लिया। टूनार्मेंट के लीग आधारित मैचों में सीएमपीडीआइ मुख्यालय-रांची और क्षेत्रीय संस्थान-3, रांची के कर्मियों ने हिस्सा लिया।

## बांग्लादेश के खिलाफ शुरू होगा भारत का विश्व कप क्वालीफायर अभियान

**सलालाह।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम मंगलवार को यहां बंगलादेश के खिलाफ पुरुष एशियाई हॉकी 5एस विश्व कप क्वालीफायर में अपने अभियान की शुरूआत करेगी। भारत को 29 अगस्त से दो सितंबर तक होने वाले टूनार्मेंट के एलीट पूल में मलेशिया, पाकिस्तान, जापान, ओमान और बंगलादेश के साथ रखा गया है, जबकि चैलेंजर्स पूल में हांगकांग चीन, इंडोनेशिया, अफगानिस्तान, कजाकिस्तान और ईरान शामिल हैं।

## पटनायक ने की किशोर जेना को 25 लाख नकद इनाम देने की घोषणा



**भुवनेश्वर।** ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने सोमवार को बुडापेस्ट में विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के फाइनल में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले राज्य के पहले खिलाड़ी बने भाला फेंक स्टार किशोर जेना को 25 लाख रुपये का नकद इनाम देने की घोषणा की। किशोर ने भाला फेंक में अपने कौशल का प्रदर्शन करते हुए, पांचवां स्थान हासिल किया। उन्होंने भाला फेंक में 84.77 मीटर की दूरी तय की, जो वैश्विक मंच पर उनके असाधारण प्रदर्शन को दशार्ता है। किशोर की भागीदारी एथलीट के लिए एक उल्लेखनीय उपलब्धि है और ओडिशा के खेल इतिहास में एक ऐतिहासिक उपलब्धि भी है।

# जूनियर ग्रुप में ब्लू हाउस एवं सीनियर में रेड हाउस बना चैंपियन

खेल संवाददाता



**रांची।** सोमवार को वाइएमसीए पब्लिक स्कूल धुर्वा में इंटर हाउस फुटबॉल टूनार्मेंट 2023 का सीनियर एवं जूनियर का फाइनल मैच खेला गया, जूनियर टीम के मैच का उद्घाटन वाइएमसीए रांची के महासचिव चोनहास कुजूर एवं सीनियर टीम के मैच का उद्घाटन वाइएमसीए कांटाटोली के सीनियर सेक्रेटरी मनोज बागे ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं फुटबॉल किक मारकर किया। जूनियर ग्रुप का फाइनल मैच ब्लू हाउस एवं ग्रीनहाउस के बीच हुआ, रोमांचक मैच में ब्लू हाउस ने ग्रीन हाउस को 2-0 से हराकर ट्राफी पर कब्जा किया। वही सीनियर ग्रुप का फाइनल रेड हाउस एवं ब्लू हाउस के बीच हुआ, जिसमें दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने जबरदस्त प्रदर्शन किया और समय रहते कोई भी टीम गोल करने में नाकाम रही, अंततः मैच का फैसला ट्राई ब्रेकर से हुआ, जिसमें रेड हाउस ने ब्लू हाउस को रोमांचक टाइब्रेकर में 5-4 से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा किया। सभी विजेताओं को पुरस्कार वाईएमसीए के सीनियर सेक्रेटरी मिस्टर आशीष टोपनो, वाईएमसीए धुर्वा के सेक्रेटरी मिस्टर सौरभ मुर्मू, स्कूल की प्रिंसिपल मिस सुषमा रोजी टोप्पो, अकाउंटेंट वाल्मीकि पांडे, वरिष्ठ शिक्षिका मिस कलिसता सांगा, स्पोर्ट्स टीचर मिस्टर सोनू कुमार ने दिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से खबर मंत्र के अजय सैनी स्कूल के शिक्षक एवं शिक्षिकाएं, छात्र एवं छात्राएं एवं सचिव सौरभ मुर्मू मौजूद रहे।

**विजेताओं के नाम**

**जूनियर ग्रुप**
- बेस्ट गोलकीपर प्रशांत कुमार ब्लू हाउस
- मैन ऑफ द सीरीज शशी गोप ग्रीनहाउस
- मैन ऑफ द मैच अमार सामी ब्लू हाउस
- बेस्ट प्लेयर आयुष कच्छप ग्रीनहाउस

**सीनियर ग्रुप**
- बेस्ट गोलकीपर फरहाद अंसारी ब्लू हाउस
- मैन ऑफ द सीरीज मोहम्मद अजलान रेड हाउस
- मैन ऑफ द मैच समीर बाखला रेड हाउस
- बेस्ट प्लेयर मोहम्मद रुहान ब्लू हाउस

## मेकॉन बनाम राजा स्पोर्टिंग, बरियातू एवं सत्यारी टोली रांची बनाम मामा स्पोर्टिंग रातू के बीच सेफा आज

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** डॉ. रामदयाल मुंडा क्रीड़ा केंद्र और रूंबुल के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित हो रहे नौवीं पद्म श्री रामदयाल मुंडा चैलेंज ट्रॉफी फुटबॉल प्रतियोगिता के छठें दिन दूसरे चक्र के सभी मैच समाप्त हो गए। मंगलवार को फाइनल में स्थान पक्का करने के लिए मेकॉन, राजा स्पोटिंग बरियातू, सत्यारी टोली रांची और मामा स्पोर्टिंग रातु की टीमें आपस में भिड़ेंगी। प्रतियोगिता के छठें दिन के पहले मुकाबले में सत्यारी टोली, रांची बनाम अर्षित क्लब रांची के बीच रोमांचक प्रतिद्वंधिता का लिफ्ट हजारों की संख्या में फुटबॉल प्रेमियों ने उठाया। दोनों ही टीमों ने पहले हाफ में शानदार खेल दिखाया पर दोनों ही टीमों ने पहले हाफ में 00-00 से बराबरी पर रही। दूसरे हाफ में भी दोनों टीमों ने काफी जोर लगाया पर गोल करने में असफल रहीं। अंत में मैच का निर्णय टाई ब्रेकर के जरिए हुआ जिसमे सत्यारी टोली, रांची ने अर्षित क्लब रांची को 04-03 से हराकर सेमीफाइनल में अपना स्थान पक्का कर लिया। सत्यारी टोली, रांची के निशांत को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। दिन के दूसरे मैच में बांधगाड़ी एफ.सी. ओर मामा स्पोटिंग, रांची की टीम सेमीफाइनल का टिकट कटाने के लिए एक दूसरे से भिड़ी। सोमवार के दोनों ही मैच में दर्शकों ने हर एक सेकेंड का रोमांच उठाया। खिलाड़ियों के उच्चतम दर्जे के प्रदर्शन पर खिलाड़ियों को हूटिंग के जरिए खूब प्रशंसा प्राप्त हुई। मैच की समाप्ति पर दोनों ही टीमें गोलरहित रही। मैच का निर्णय पेनाल्टी शूटआउट से हुआ जिसमें मामा स्पोटिंग रातु ने बंधगाड़ी एफ.सी. को 06-04 से हरा कर सेमीफाइनल का टिकट कन्फर्म किया। विजेता टीम के सुनीन को प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया। मैच के दौरान रांची ए. डी. एम रांची राजेश्वर नाथ आलोक, रांची नगर निगम के अपर नगर आयुक्त कुंवर पाहन, ओरमांझी सी.ओ. विजय केरकेप्ता, सदर सी.ओ अमित भगत, देवचरन मुंडा, संजय मुंडा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनकी हौसलाअफजाई की।

# सचिन, सहवाग सहित कई भारतीय खिलाड़ी ने गोलडेन ब्यॉय नीरज चोपड़ा को दी बधाई

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत के प्रतिष्ठित क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर, वीरेन्द्र सहवाग और गौतम गंभीर सहित कई भारतीय क्रिकेटरों ने विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारत के पहले स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा को बधाई दी है। नीरज चोपड़ा ने अपने दूसरे प्रयास में 88.17 मीटर का अपना सर्वश्रेष्ठ थ्रो दर्ज किया और अंत तक अपनी बढ़त बरकरार रखते हुए बुडापेस्ट में स्वर्ण पदक जीता।

सचिन ने सोमवार को एक्स, जिसे पहले ट्विटर के नाम से जाना जाता था, पर लिखा, विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारत का पहला स्वर्ण। यह भारतीय खेलों के लिए एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है। आप जिस भी टूनार्मेंट में भारत का प्रतिनिधित्व करते हैं, उसमें आपकी कड़ी मेहनत चमकती है। तेंदुलकर के पूर्व साथी वीरेंद्र सहवाग ने अपने अनोखे अंदाज में गोल्डन बॉय को बधाई दी। सहवाग ने अपने ट्वीट में लिखा, फेंको तो ऐसे फेंको कि चार लोग बोले क्या फेंकता है यार। 88.17 मीटर दूर भाला फेंका और हमारे चैंपियन नीरज चोपड़ा के लिए विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप स्वर्ण। मेगा रन जारी है।

पूर्व क्रिकेटर गौतम गंभीर ने नीरज की सफलता पर बधाई देते हुए लिखी, 'हमारे हीरे के लिए सोना!'

पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने शुभकामनाएं दीं और लिखा, 'नीरज चोपड़ा हम सभी को गौरवान्वित कर रहे हैं..कई विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप पदक जीतने वाले पहले भारतीय.. कमाल करते रहो।'

पूर्व भारतीय क्रिकेटर इरफान पठान ने 25 वर्षीय खिलाड़ी के लिए एक विशेष संदेश साझा किया और लिखा, 'हम सभी को गोल्ड पसंद है लेकिन नीरज चोपड़ा को इससे प्यार है... पूरे देश को आप पर गर्व है भाई।' भारत के अनुभवी स्पिनर युजवेंद्र चहल ने लिखा, 'आप भारत को गौरवान्वित कर रहे हैं! विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण जीतने पर बधाई।'

### खट्टर ने दी बधाई

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने अंतरराष्ट्रीय एथलीट नीरज चोपड़ा को स्वर्ण पदक जीतने पर उन्हें बधाई दी है। श्री खट्टर ने सोमवार को सदन में संबोधित करते हुए कहा कि नीरज ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर राज्य और देश दोनों को फिर से गौरवान्वित किया है। उन्होंने कहा कि नीरज स्वर्ण पदक हासिल करने वाले देश के पहले एथलीट बने हैं। उन्होंने नीरज के परिवार, कोच और सभी खेल प्रेमियों को भी बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने उम्मीद जताई कि नीरज चोपड़ा के निरंतर प्रयासों से वैश्विक मंच पर हरियाणा और देश को और अधिक जीत हासिल होंगी।

## जन्मदिन पार्टी में हर्ष फायरिंग से युवक की मौत

**मुंगेर।** बिहार में मुंगेर जिले के जमालपुर थाना क्षेत्र में जन्मदिन की पार्टी में चली गोली से एक युवक की मौत हो गयी। पुलिस अधीक्षक जे.जाला रेड्डी ने सोमवार को यहां बताया कि रविवार की रात एक विद्यालय परिसर में आयोजित जन्मदिन की पार्टी में हर्ष फायरिंग में विपुल कुमार नामक व्यक्ति की मौत हो गयी। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने विपुल कुमार के तीन दोस्तों को हिरासत में ले लिया है। पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है। विपुल कुमार कोहियारा इलाके का रहने वाला था।

## भोजपुर में युवक की गोली मारकर हत्या

**आरा।** बिहार में भोजपुर जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र में अपराधियों ने एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को यहां बताया कि जिले के बड़हरा थाना क्षेत्र के निवासी विशाल सिंह को रविवार की रात अपराधियों ने दौलतपुर गांव के समीप सुनसान जगह गोली मारकर घायल कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को सदर अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी।

## मुंगेर में एक व्यक्ति का शव बरामद

**मुंगेर।** बिहार में मुंगेर जिले के धरहरा थाना क्षेत्र से पुलिस ने सोमवार को एक व्यक्ति का शव बरामद किया। पुलिस अधीक्षक ने यहां बताया कि खरहा पहाड़ी नदी से एक व्यक्ति का शव बरामद किया गया है। मृतक की पहचान जिले के धरहरा थाना क्षेत्र के घोसीबगीचा महरना गांव निवासी राजेन्द्र तांती (65) के रूप में की गयी है। राजेन्द्र तांती की पीट-पीटकर हत्या की गयी है।

## डूबने से वृद्ध महिला की मौत

**सहरसा।** जिले के सिमरी बख्तियारपुर प्रखंड व बलवाहाट ओपी के कांठो पंचायत के टोलवा निवासी बिंदेश्वरी यादव की 62 वर्षीय पत्नी रज्जो देवी सोमवार को मवेशी चारा के लिए सतरस धार से पूर्व भरना पर गई थी। जहां गहरे पानी में डूब जाने से रज्जू देवी की मौत हो गई।

# नीतीश ने खुद अपने पैरों में मारी कुल्हाड़ी : कुशवाहा



एजेंसी

**बेगूसराय।** राष्ट्रीय लोक जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेन्द्र कुशवाहा ने कहा है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जदयू को अब दुनिया की कोई भी ताकत नहीं बचा सकती है। नीतीश कुमार ने खुद ही अपने पैरों में कुल्हाड़ी मार ली है। सोमवार को बेगूसराय के दिनकर कला भवन में पार्टी के कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उपेन्द्र कुशवाहा ने कहा कि नीतीश कुमार ने अपने राजनीतिक जीवन के अंतिम समय में कुछ ऐसा निर्णय ले लिया, जिसके चलते जदयू आगे अब नहीं चलने वाली है। हम कार्यकताओं से आह्वान करने के लिए आए हैं कि अपने गांव के एक-एक घर जाकर पार्टी के के संबंध में जानकारी देकर पार्टी से जुड़ने का आह्वान करें। उन्होंने कहा कि जदयू चली जाएगी तो उस समय बिहार में मेरी ही पार्टी विकल्प होगी। अभी बिहार में हत्या, लूट, अपहरण एवं महिलाओं के साथ बलात्कार की घटनाएं बढ़ गई है, फिर से 2005 वाला बिहार लौट आया है। हम राजनीति में किसी भी परिस्थिति का सामना कर सकते हैं, लेकिन फिर से लालटेन वाले सत्ता में आ जाए, इसको कभी वापस लौटने नहीं देंगे। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष रमेश कुशवाहा ने कहा कि बेगूसराय की धरती राजनीतिक रूप से बहुत आगे है। यह धरती क्रांतिकारियों की धरती रही है। इसलिए इस जिला की जनता नीतीश कुमार को फिर से सत्ता में कभी वापस नहीं आने देगी। प्रदेश महिला सेल अध्यक्ष स्मृति कुमुद ने कहा बिहार में सुशासन की सरकार नहीं है, यह कुशासन की सरकार है। इसे उखाड़ फेंकना है, इसमें बिहार की एक-एक महिलाओं की भागीदारी होगी। सम्मेलन की अध्यक्षता पार्टी के जिलाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह एवं संचालन पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष श्याम बिहारी वर्मा ने किया। इस अवसर पर प्रदेश युवा महासचिव रामप्रवेश महतो, महिला सेल उपाध्यक्ष उर्मिला पटेल, बृजेन्द्र कुमार पप्पू, फजल इमाम, विधान प्रिय रंजन, महिला सेल जिलाध्यक्ष किरण कुमारी, बलराम सिंह कुशवाहा, अशोक महतो, अजीत कुमार एवं मो. सनाउल्लाह सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बिहार के जातीय सर्वे का कोई विरोध नहीं : मोदी

**पटना।** पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद सुशील कुमार मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा देकर स्पष्ट कर दिया कि वह बिहार में जातीय सर्वे कराने के विरुद्ध नहीं है। सोमवार को उन्होंने बयान जारी कर कहा कि संवैधानिक दृष्टि से इस मुद्दे पर केंद्र और राज्य सरकार में कोई टकराव नहीं है, लेकिन राजद और जद-यू इस पर राजनीति कर रहे हैं। सुशील मोदी ने कहा कि बिहार सरकार ने भाजपा सहित सभी दलों की इच्छा के अनुरूप हाल में 17 सामाजिक-आर्थिक मुद्दों पर जो सर्वेक्षण कराया, वह राज्य सरकार का अधिकार है। केंद्र सरकार ने कभी इसका विरोध नहीं किया। उन्होंने कहा कि संविधान के सेंसस ऐक्ट की धारा-3 के अनुसार सेंसस (जनगणना) कराने का अधिकार केवल केंद्र सरकार का है और भाजपा का भी यही मत है। राज्य सरकार सर्वे करा सकती है। उन्होंने कहा कि पटना हाईकोर्ट में राज्य सरकार ने भी कहा कि वह सेंसस (जनगणना) नहीं, सर्वेक्षण करा रही है।उन्होंने कहा कि सेंसस और सर्वे मुद्दे पर केंद्र सरकार के हलफनामा दायर कर संवैधानिक स्थिति स्पष्ट कर देने के बाद किसी को अनर्गल आरोप नहीं लगाना चाहिए, लेकिन थेथरोलॉजी करने वालों को कौन रोक सकता है?

## ट्रक से 252 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद

**पश्चिम चंपारण (बगहा)।** बगहा पुलिस जिला के धनहा थाना पुलिस ने सोमवार की सुबह धनहा रतवल पुल के पास से ईडेन गैस वाला ट्रक से 252 लीटर अंग्रेजी शराब जब्त की है। ट्रक पर354 खाली गैस सिलेंडर लदा हुआ था। शराब जांच के दौरान ट्रक के केविन से 786 बोतल में 252 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद हुआ। साथ ही ट्रक ड्राईवर को धनहा पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में बगहा उपकारा भेज दी है। थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि, गुप्त सूचना के आधार पर यूपी से आ रहे ईडन गैस सिलेंडर के ट्रक को रोककर जांच किया गया। उन्होंने बताया कि शराब सहित ट्रक को जबात कर लिया गया है। आगे बताया कि ट्रक ड्राईवर पूर्वी चंपारण के रामवन मलाही गांव निवासी हरेंद्र साहनी को गिरफ्तार कर बगहा उपकारा भेज दिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि ट्रक में 354 खाली सिलेंडर रखा गया था।

स्पीड न्यूज

## पीएम मोदी ने रूस के राष्ट्रपति पुतिन से की टेलीफोन पर बात

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से टेलीफोन पर बातचीत की। राष्ट्रपति पुतिन ने 9-10 सितंबर को नयी दिल्ली में जी20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने में असमर्थता व्यक्त की और बताया कि रूस का प्रतिनिधित्व रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव करेंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय सहयोग के कई मुद्दों पर प्रगति की समीक्षा की और जोहांसबर्ग में हाल ही में संपन्न ब्रिक्स शिखर सम्मेलन सहित आपसी महत्व के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। रूस के फैसले पर सहमति व्यक्त करते हुए पीएम ने भारत की जी20 अध्यक्षता के तहत सभी पहल में रूस के लगातार समर्थन के लिए राष्ट्रपति पुतिन को धन्यवाद दिया।

## चीन और उत्तर कोरिया ने हटायीं कोविड पाबंदियां

**बीजिंग/प्योंगयांग।** कोविड महामारी की भयावहता के बाद लगी पाबंदियां हटने का सिलसिला तेज हो गया है। अब चीन जाने वाले यात्रियों को कोविड का टेस्ट कराना जरूरी नहीं होगा। इसी तरह, उत्तर कोरिया ने भी कोविड पाबंदियों में ढील देने का एलान किया है। इसके बाद विदेशों में रह रहे उत्तर कोरिया के नागरिक भी अपने देश लौट सकेंगे।

## जेल में बिगड़ी इमरान की सेहत, सरकार ने बढ़ायीं सुविधाएं

**इस्लामाबाद।** भ्रष्टाचार के आरोप में जेल की सजा काट रहे पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की सेहत जेल में बिगड़ने लगी है। इमरान खान की सेहत पर नजर रखने के लिए पांच डॉक्टरों की टीम तैनात की गयी है, जिनमें से हर डॉक्टर आठ-आठ घंटे की शिफ्ट में तैनात रहता है। सरकार ने जेल में उनकी सुविधाएं बढ़ा दी हैं।

## जापान का चंद्र मिशन फिर निलंबित

**टोक्यो।** जापान का चंद्र मिशन एक बार फिर निलंबित हो गया है। खराब मौसम के चलते तीसरी बार चंद्र मिशन की लांचिंग नहीं हो सकी। सोमवार को जापान के चंद्र मिशन को उड़ान भरने से 30 मिनट पहले ही रोकने का फैसला किया गया, क्योंकि लांचिंग के लिए मौसम सही नहीं था। अब अगली लांचिंग कब होगी, यह तय नहीं है।

## नूंह में कड़ी सुरक्षा में हुआ जलाभिषेक

**नूंह।** गुरुग्राम समेत अन्य जगहों से विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल और सर्व जातीय हिंदू महापंचायत के आह्वान पर लोगों ने नल्हड़ मंदिर में जलाभिषेक किया। सोमवार को पुलिस ने कड़ी सुरक्षा के बीच नल्हड़ मंदिर में साधु संतों सहित 51 लोगों से जलाभिषेक कराया। स्थानीय लोगों पर जलाभिषेक के लिए कोई प्रतिबंध नहीं था।

# गर्व और आत्मविश्वास से भरे माहौल में हो रहा रोजगार मेले का आयोजन : मोदी

## पीएम ने सशस्त्र बलों से संबद्ध 51 हजार से अधिक नये कर्मियों को दिया नियुक्ति पत्र

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार की सुबह वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से नवनियुक्त सशस्त्र कर्मियों में 51 हजार से अधिक को नियुक्ति पत्र वितरित किये। रोजगार मेला देशभर में 45 स्थानों पर आयोजित किया गया। उत्तर प्रदेश का उदाहरण देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि कानून और शासन का राज स्थापित होने पर स्थानीय अर्थव्यवस्था को गति मिलती है। उन्होंने कहा कि कभी यूपी विकास के मामले में बहुत पीछे था और अपराध के मामले में बहुत आगे था। लेकिन, अब कानून का राज स्थापित होने से यूपी विकास की नयी ऊंचाई छू रहा है।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने नवनियुक्त कर्मियों को संबोधित भी किया। प्रधानमंत्री ने अमृतकाल में अमृतरक्षक बनने वालों को बधाई दी और कहा कि रोजगार मेले का आयोजन एक ऐसे माहौल में हो रहा है, जब देश गर्व और आत्मविश्वास से भरा हुआ है। चंद्रयान और उसका रोवर प्रज्ञान लगातार चंद्रमा से ऐतिहासिक तस्वीरें भेज रहा है। ऐसे समय में आप अपने जीवन की सबसे महत्वपूर्ण यात्रा शुरू करने जा रहे हैं। नवनियुक्त कर्मियों को आइजीओटी कर्मयोगी पोर्टल पर एक ऑनलाइन मॉड्यूल कर्मयोगी प्रारंभ के माध्यम से खुद को प्रशिक्षित करने का अवसर भी मिल रहा है, जहां कहीं भी किसी भी उपकरण कोसीखने के प्रारूप के लिए 673 से अधिक ई-लर्निंग पाठ्यक्रम उपलब्ध कराये गये हैं।

रोजगार मेला कार्यक्रम के माध्यम से, गृह मंत्रालय विभिन्न केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) जैसे केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ), सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी), असम राइफल्स, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआइएसएफ), भारत तिब्बत सीमा पुलिस (आइटीबीपी) और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) के साथ-साथ दिल्ली पुलिस में कर्मियों की भर्तियां की गयी हैं। देशभर से चुने गये नये कर्मी गृह मंत्रालय के तहत विभिन्न संगठनों में कांस्टेबल (जनरल ड्यूटी), सब-इंस्पेक्टर (जनरल ड्यूटी) और गैर-जनरल ड्यूटी कैडर पदों जैसे विभिन्न श्रेणी के पदों पर योगदान देंगे।

### युवाओं से छलावा कर रही है मोदी सरकार : कांग्रेस


**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि मोदी सरकार युवाओं को रोजगार देने के नाम पर छलावा कर रही है। इस सरकार ने दो करोड़ सालाना नौकरी देने का वादा किया और भूल गयी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोमवार को प्रधानमंत्री मोदी की ओर से रोजगार मेले के दौरान सरकारी नौकरी के ज्वॉइनिंग लेटर बांटने पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि आज कुछ ऐसे लोगों को भी ज्वॉइनिंग लेटर दिये गये हैं, जो पहले से ही नौकरी कर रहे हैं। खड़गे ने आरोप लगाया कि जिनको प्रमोशन दिया गया है, उनको भी संख्या अधिक दिखाने के लिए रोजगार मेले में नौकरी के पत्र बांटे गये। यह युवाओं के साथ छल है। खड़गे ने कहा कि मोदी सरकार को अगर युवाओं की चिंता है, तो उनके साथ छल न करें।

## एनसीइआरटी ने 7वीं कक्षा के पाठ्यक्रम में शामिल किया 'राष्ट्रीय युद्ध स्मारक'

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीइआरटी) के सातवीं कक्षा के पाठ्यक्रम में इस साल से 'राष्ट्रीय युद्ध स्मारक' पर एक अध्याय शामिल किया गया है, जो 'हमारे वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि' के नाम से होगा। रक्षा मंत्रालय और शिक्षा मंत्रालय की इस संयुक्त पहल का उद्देश्य स्कूली बच्चों में देशभक्ति, कर्तव्य के प्रति समर्पण और साहस व बलिदान के मूल्यों को निरूपित करना तथा राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भागीदारी बढ़ाना है। यह अध्याय स्वतंत्रता के बाद राष्ट्र की सेवा में सशस्त्र बलों के वीरों द्वारा दिये गये सर्वोच्च बलिदान के अलावा राष्ट्रीय युद्ध स्मारक के इतिहास, महत्व और अवधारणा को रेखांकित करता है। इस अध्याय में दो दोस्त पत्रों का आदान-प्रदान करते हैं और वीरों के बलिदानों के कारण मिली स्वतंत्रता के लिए कृतज्ञता तथा आभार प्रकट करते हैं। एनसीइआरटी के लेखक इस अध्याय के जरिये बच्चों के मन-मस्तिष्क में उत्पन्न होने वाले गहरे भावनात्मक प्रभाव और जुड़ाव को रचनात्मक रूप से सामने लाये हैं। भारत सरकार ने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक दिल्ली के इंडिया गेट के पास सशस्त्र बलों को सम्मानित करने के लिए बनाया है। पीएम मोदी ने 25 फरवरी, 2019 को 'नेशनल वॉर मेमोरियल' राष्ट्र को समर्पित किया। यह राष्ट्रीय भावना पैदा करने और राष्ट्र की रक्षा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर सैनिकों को समुचित श्रद्धांजलि देने के लिए स्थापित किया गया है।

## आदित्य एल1 दो सितंबर को होगा लांच : इसरो

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** चंद्र अभियान की सफलता के बाद भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) सूरज का अध्ययन करने के लिए दो सितंबर को आदित्य-एल1 सूर्य मिशन को लांच करेगा। इसरो ने एक्स पर जानकारी साझा करते हुए बताया कि आदित्य एल-1 दो सितंबर को 11 बजकर 50 मिनट पर श्रीहरिकोटा से लांच किया जायेगा। आदित्य एल1 सूर्य का अध्ययन करने वाली पहली अंतरिक्ष-आधारित भारतीय वेधशाला है।



आदित्य एल1 की लांचिंग आम नागरिक भी देख सकेंगे। इसरो ने श्रीहरिकोटा में लांच व्यू गैलरी से लांचिंग देखने के लिए लोगों को आमंत्रित भी किया है। उल्लेखनीय है कि आदित्य-एल1 सूर्य के अवलोकन के लिए पहला समर्पित भारतीय अंतरिक्ष मिशन होगा, जिससे अंतरिक्ष एजेंसी इसरो द्वारा प्रक्षेपित किया जायेगा। आदित्य-एल1 मिशन का उद्देश्य एल1 (सूर्य-पृथ्वी लाग्रेंज बिंदु) के चारों ओर की कक्षा से सूर्य का अध्ययन करना है। यह अंतरिक्ष यान सात पेलोड लेकर जायेगा। अंतरिक्ष यान को सौर कोरोना (सूर्य की सबसे बाहरी परतों) के दूरस्थ अवलोकन और एल1 (सूर्य-पृथ्वी लाग्रेंज बिंदु) पर सौर हवा के यथास्थिति अवलोकन के लिए बनाया गया है। एल1 पृथ्वी से करीब 15 लाख किलोमीटर दूर है।

## आइएसआइएस मैगजीन के नये अंक में हरियाणा के गृहमंत्री निशाने पर

**काबुल।** हरियाणा के नूंह में बीते माह हुई हिंसा को लेकर आतंकी संगठन आइएसआइएस ने अपनी मैगजीन के नये अंक में हिंदुओं को बदले की धमकी दी है। भारत केंद्रित कई लेखों के साथ इस अंक में महमूद गजनवी को इस्लाम का नायक बताया गया है। आइएसआइएस ने अपनी मैगजीन वाइस और खुरासन का नया अंक जारी किया है। इस अंक में नूंह में हुई हिंसा से लेकर ज्ञानवापी मस्जिद विवाद का जिक्र है। भारतीय मुस्लिम समुदाय को उकसाने की कोशिश के साथ ही हिंदुओं को बदले की धमकी भी दी गयी है। हरियाणा के गृहमंत्री अनिल विज को मैगजीन में धमकाते हुए उनके लिए अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया है। मैगजीन में भारतीय मुसलमानों को उकसाने वाले कई लेख लिखे गये हैं। मैगजीन में बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के बारे में भी अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया गया है। मैगजीन के मुखपृष्ठ पर त्रिशूल के साथ बुलडोजर का फोटो लगाया गया है, जो नूंह में चलाया गया था।

## डॉ जयंत चौधरी ने किया नेताजी की विमान दुर्घटना थ्योरी पर नया दावा

**कोलकाता (हि.स.)।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस पर रिसर्च करने वाले मशहूर लेखक डॉ जयंत चौधरी ने महत्वपूर्ण दावा किया है। उन्होंने कहा है कि 18 अगस्त 1945 को ताइपे विमान हादसे में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की मौत के दावे किये जाते हैं। लेकिन, 23 अगस्त 1945 को शाइगुन के हो ची मिन शहर में नेताजी सुभाष चंद्र बोस नजर आये थे और उसके बाद से रहस्यमय तरीके से लापता हो गये। इसी आधार पर दुनिया भर में कई जांच समितियां और आयोग बनाये गये हैं। उसी दिन एक समाचार एजेंसी द्वारा यह घोषणा की गयी थी कि आजाद हिंद सरकार के प्रमुख नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 18 अगस्त 1945 को ताइपेई, फॉमोर्सा में एक विमान दुर्घटना में मृत्यु हो गयी थी।



नेताजी विशेषज्ञ और मुखर्जी आयोग के अभिसाक्षी डॉ जयंत चौधरी ने सोमवार का नेताजी पर एक सेमिनार में कहा कि द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान एंग्लो अमेरिकी सेनाओं को धोखा देने के लिए तथाकथित हवाई दुर्घटना की कहानी स्वयं नेताजी ने गढ़ी थी। ब्रिटिश खुफिया रिपोर्ट के अनुसार बोस की यह योजना वियतनाम के रास्ते सोवियत होते हुए आगे बढ़ी।

डॉ चौधरी ने मिस्टर फिगिस की गुप्त ब्रिटिश खुफिया रिपोर्ट से एक नया तथ्य उजागर किया और बताया कि तथाकथित दुर्घटनाग्रस्त एयरक्राफ्ट का मॉडल मित्सुबिशी के-21 था, लेकिन यह वर्ष 1945 में प्रस्तुत जापानी अंतरिम रिपोर्ट और 1956 की अंतिम रिपोर्ट से भिन्न है। जापानी रिपोर्ट के अनुसार यह 97-2 प्रकार का डबल इंजन विमान था। उन्होंने यह भी कहा कि नेताजी के पास आजाद हिंद के नाम पर एक निजी हवाई जहाज था। मुखर्जी आयोग का निष्कर्ष था कि कोई हवाई दुर्घटना नहीं हुई थी और नेताजी की मृत्यु 18 अगस्त, 1945 को तथाकथित हवाई दुर्घटना में नहीं हुई थी। लेकिन, उस रिपोर्ट को मनमोहन सिंह सरकार ने ठुकरा दिया था।

नेताजी सेमिनार का आयोजन कोलकाता स्थित सामाजिक सांस्कृतिक संगठन नतुन भोरेर आलो द्वारा किया गया था। डॉ जयंत चौधरी द्वारा लिखित नेताजी पर लिखी किताब का यहां विमोचन किया गया। अन्य वक्ताओं में सुभादीप बनर्जी चौधरी, जॉयदीप भट्टाचार्य शामिल थे। बड़ी संख्या में नेताजी को आदर्श मानने वाले युवा इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

## अहमदाबाद मेट्रो कोर्ट ने तेजस्वी यादव को भेजा समन

**अहमदाबाद।** गुजरातियों पर की गयी टिप्पणी को लेकर मानहानि मामले में सोमवार को अहमदाबाद मेट्रो कोर्ट ने तेजस्वी यादव के खिलाफ समन जारी कर 22 सितंबर को कोर्ट में हाजिर होने को कहा है। अहमदाबाद के हरेश मेहता ने बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के खिलाफ आइपीसी की धारा 499, 500 के तहत गुजरातियों को ठग कहने को लेकर मेट्रो कोर्ट में शिकायत की थी। बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव की टिप्पणी को लेकर सोमवार को अहमदाबाद मेट्रो कोर्ट में सुनवाई हुई। इस मामले में अभी तक 15 साक्षियों के बयान दर्ज किये गये हैं। वहीं, एक निजी न्यूज चैनल के पास से तेजस्वी यादव के बयान से संबंधित ऑरिजनल वीडियो फुटेज लिया गया। 8 अगस्त को सुनवाई के दौरान सीआरपीसी के नियम 202 के अनुसार इन्क्वायरी पूर्ण होने के बाद आवेदक के वकील ने तेजस्वी यादव के विरुद्ध समन जारी करने की मांग की थी।

## खबर एक नजर में

### बढ़त के साथ बंद हुआ शेयर बाजार

**नयी दिल्ली।** पिछले सप्ताह के आखिरी दो कारोबारी दिन के दौरान गिरावट का सामना करने के बाद सोमवार को सप्ताह के पहले कारोबारी दिन घरेलू शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहा। हालांकि, आज दिन भर लिवालों और बिकवालों के बीच खींचतान की स्थिति बनी रही, जिसकी वजह से शेयर बाजार की चाल में भी उतार-चढ़ाव होता रहा। आज के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.17 प्रतिशत और निफ्टी 0.21 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए। पूरे दिन की खरीद बिक्री के बाद सेंसेक्स 110.09 अंक की मजबूती के साथ 64,996.60 अंक के स्तर पर बंद हुआ। दिनभर के कारोबार के बाद निफ्टी 40.25 अंक की बढ़त के साथ 19,306.05 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

### ब्रिटेन में हवाई यातायात नियंत्रण नेटवर्क बंद, विमान सेवाएं ठप

**लंदन।** ब्रिटेन में विमान सेवाएं अचानक ठप हो जाने से अफरातफरी मच गयी है। पूरा यातायात नियंत्रण नेटवर्क बंद हो जाने के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है। ब्रिटेन की राष्ट्रीय हवाई यातायात सेवा (एनएटीएस) के नेटवर्क में सोमवार को आयी अचानक खराबी से विमान सेवाएं ठप हो गयीं। राष्ट्रीय हवाई यातायात नियंत्रक ने बताया कि एक तकनीकी समस्या के सामने आने के कारण सुरक्षा बनाये रखने के लिए ट्रैफिक फ्लो प्रतिबंध लागू किया है। इंजीनियर खराबी ढूंढने और उसे ठीक करने का काम कर रहे हैं। जानकारी दी गयी कि सोमवार सुबह में ब्रिटेन के हवाई यातायात नियंत्रण कंप्यूटर सिस्टम में नेटवर्क-व्यापी गड़बड़ी हुई।

### भारत-बांग्लादेश में युद्ध अभ्यास बढ़ाने पर बनी सहमति

**नयी दिल्ली।** भारत और बांग्लादेश ने पांचवीं वार्षिक रक्षा वार्ता सोमवार को ढाका में की। रक्षा सचिव गिरिधर अरमने 27-28 अगस्त को बांग्लादेश की दो दिवसीय यात्रा पर हैं। उन्होंने अपने बांग्लादेशी समकक्ष सशस्त्र बल प्रभाग के प्रधान स्टाफ अधिकारी लेफ्टिनेंट जनरल वकार उज्जमां के साथ बैठक की सह-अध्यक्षता की। बैठक के दौरान दोनों देशों के बीच चल रही रक्षा सहयोग गतिविधियों की समीक्षा की गयी और दोनों पक्षों ने बढ़ते रक्षा सहयोग संबंधों पर संतोष व्यक्त किया। वार्ता में मौजूदा द्विपक्षीय युद्ध अभ्यासों पर भी चर्चा हुई और दोनों पक्ष इन अभ्यासों की सघनता बढ़ाने पर सहमत हुए।

### मिस वर्ल्ड कैरोलिना बिलावस्का एकदिवसीय दौरे पर कश्मीर पहुंचीं

**श्रीनगर।** मिस वर्ल्ड कैरोलिना बिलावस्का सोमवार को एक कार्यक्रम के लिए एक दिवसीय दौरे पर कश्मीर पहुंचीं। पोलैंड की बिलावस्का ने श्रीनगर के एक पांच सितारा होटल में नाश्ते का आनंद लिया। उनके साथ मिस वर्ल्ड इंडिया सिनी शेट्टी भी शामिल थी। बिलावस्का और शेट्टी के साथ मिस वर्ल्ड अमेरिका सैनी और मिस वर्ल्ड ऑर्गनाइजेशन की चेयरपर्सन और सीइओ जूलिया मॉर्ले भी शामिल रहीं। आर्ट फाउंडेशन के रूबल नागी और भारत में पीएमइ मनोरंजन के अध्यक्ष जमील सईदी भी नाश्ते के दौरान मौजूद रहे। इस साल के अंत में भारत में आयोजित होने वाली मिस वर्ल्ड 2023 प्रतियोगिता के 71वें संस्करण से पहले बिलावस्का की जम्मू-कश्मीर यात्रा किसी अंतरराष्ट्रीय सौंदर्य प्रतियोगिता विजेता के लिए पहली यात्रा है। भारत ने छह बार प्रतिष्ठित खिताब जीता है और लगभग तीन दशकों के बाद प्रतियोगिता की मेजबानी कर रहा है। आखिरी बार भारत ने इस कार्यक्रम की मेजबानी 1996 में की थी।

## पेज 1 का शेष

### अंतिम सोमवारी पर शिवालयों...

सरदार पंडा ने बताया कि सोमवार और प्रदोष का सुखद संयोग है। डीसी विशाल सागर ने कहा कि धाम और आसपास के क्षेत्र में हर तरह की व्यवस्था की गयी है। सुरक्षा में तैनात पुलिस जवान आज 12 घंटे ड्यूटी पर रहे। बासुकीनाथ धाम मंदिर में सुबह से ही जल अर्पण के शिव भक्तों की भीड़ उमड़ती रही। दोनों जगहों पर अर्घा के माध्यम से भोलेनाथ पर भक्तों ने जलार्पण किया। राजधानी रांची में पहाड़ी मंदिर में अंतिम सोमवारी पर शहर के भक्त अहले सुबह से जमा हो गये थे। मंदिर के भक्तों के लिए खोल दिये थे। पहाड़ी मंदिर की सीढ़ियों पर भक्त कतारबद्ध होकर अपनी बारी का इंतजार करते रहे। मंदिर प्रांगण में प्रशासन के अलावा स्वयं सेवी संस्थाओं की कई टीम भक्तों की सेवा के लिए वहां मुस्तैद थी। प्रशासन की ओर से मंदिर में सुरक्षा की चौकस व्यवस्था थी।

### महेश्वरी परिवार की मौत...

**क्या था मामला :** हजारीबाग के खजांची तालाब स्थित शुभम अपार्टमेंट के फ्लैट नंबर 303 में महावीर महेश्वरी, उनकी पत्नी, बेटा सहित तीन पीढ़ी के 6 लोगों का शव जुलाई 2018 को बरामद किया गया था। घर के मुखिया महावीर अग्रवाल का शव बेडरूप में पंखे से लटका मिला था। उनके पुत्र नरेश का शव अपार्टमेंट के नीचे मिला था। नरेश की मां किरण अग्रवाल का गला कटा शव बिस्तर पर पड़ा मिला था। नरेश की पत्नी प्रीति अग्रवाल और पुत्र अमन का शव पंखे से झूलता बरामद हुआ था। वहीं नरेश की बेटी आन्वी का गला कटा शव सोफा पर पड़ा मिला था। यह मामला तब राष्ट्रीय स्तर पर सुर्खियों में आया था। काफी हंगामे बाद तत्कालीन रघुवर सरकार ने सीआइडी को जांच का जिम्मा सौंपा था।

### थाने में प्राथमिकी...

इनकी भी राशि खाते से गायब : धुर्वा के नागेंद्र कुमार ने 2017 में 15 लाख रुपए जमा किये। जब वर्ष 2023 में उन्हें पैसे की आवश्यकता हुई तो उन्होंने देखा कि उनका पैसा कहीं और ट्रांसफर हो गया है। वह अब तक उनके पास आया ही नहीं है। नीलम कुमारी ने भी जीवन भर की जमा पूंजी करीब 9 लाख रुपए पोस्ट ऑफिस में जमा किया था। वह किसी काम से जब वह पैसा निकालने गयीं तो उनके खाते में पैसे ही नहीं थे। मार्च में ही किसी ने उनके पैसे की अवैध निकासी कर ली है। धुर्वा की प्रियंका कुमारी के खाते से भी उनके जमा पैसे को किसी ने अवैध तरीके से निकाल लिया।

## 'द वैक्सीन वॉर' 28 सितंबर को होगी रिलीज, नाना पाटेकर अहम भूमिका में




**निर्देशक** विवेक रंजन अग्निहोत्री पिछले कई महीनों से अपनी आने वाली फिल्म 'द वैक्सीन वॉर' पर काम कर रहे हैं। इस फिल्म को लेकर हर कोई काफी उत्सुक है। एक्टर आर माधवन ने हाल ही में फिल्म देखी और इस पर अपना रिएक्शन दिया है। यह फिल्म 28 सितंबर को हर जगह रिलीज होगी। इस फिल्म में नाना पाटेकर अहम भूमिका में हैं। दुनिया की पहली एंटी-कोरोनावायरस वैक्सीन के निर्माण के पीछे की कहानी फिल्म द वैक्सीन वॉर में बड़े पर्दे पर सामने आने वाली है। कुछ दिनों पहले इस फिल्म का टीजर रिलीज किया गया था। इसे हर जगह बहुत अच्छा रिस्पांस मिला। हाल ही में इस फिल्म की अमेरिका में स्पेशल स्क्रीनिंग की गयी। इस मौके पर एक्टर आर माधवन मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि इस फिल्म को देखने के बाद उनका सिर सुन्न हो गया। आर माधवन ने ट्वीट किया, मैंने अभी फिल्म द वैक्सीन वॉर देखी और वैज्ञानिकों के बलिदान और सफलता ने मुझे स्तब्ध कर दिया, जिन्होंने भारत की पहली कोरोना वैक्सीन बनायी और बेहद चुनौतीपूर्ण समय में देश को सुरक्षित रखा। इस फिल्म को देखते समय आप ताली बजाते हैं, रोते हैं और खुश होते हैं। इस फिल्म में सभी कलाकारों के काम ने हमारी भारतीय महिला वैज्ञानिकों के बलिदान और साहस को खूबसूरती से चित्रित किया है।

# आकाश, ईशा और अनंत अंबानी रिलायंस बोर्ड में शामिल

## नीता अंबानी का इस्तीफा मंजूर

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** देश की सबसे बड़ी कंपनियों में से एक रिलायंस इंडस्ट्रीज के निदेशक मंडल में सोमवार से रिलायंस के चेयरमैन मुकेश अंबानी के तीनों बच्चों आकाश, ईशा और अनंत अंबानी को नॉन एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर के रूप में शामिल कर लिया गया। कंपनी की आज हुई एनुअल जनरल मीटिंग (एजीएम) में इसका एलान किया गया। इसके साथ ही, बोर्ड ऑफ डायरेक्टर ने मुकेश अंबानी की पत्नी नीता अंबानी के इस्तीफा को मंजूर भी कर लिया। हालांकि, नीता अंबानी रिलायंस फाउंडेशन की फाउंडर चेयरपर्सन बनी रहेंगी और फाउंडेशन के चेयरपर्सन के रूप में रिलायंस इंडस्ट्रीज के निदेशक मंडल की बैठक में शामिल होती रहेंगी।

रिलायंस इंडस्ट्रीज की एनुअल जनरल मीटिंग



मार्केट रेगुलेटर के पास दी गयी सूचना में कहा गया है कि आकाश, ईशा और अनंत की नियुक्तियों को पहले निदेशक मंडल की बैठक में मंजूरी दी गयी। अब शेयरधारकों की मंजूरी के बाद उनकी नियुक्ति प्रभावी हो जायेगी।

मुकेश अंबानी के बड़े बेटे आकाश को पिछले साल ही रिलायंस जियो इन्फोकॉम के निदेशक मंडल का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। इसी तरह, मुकेश अंबानी की बेटी ईशा को समूह के रिटेल कारोबार के प्रमुख के रूप में नियुक्त किया गया था। सबसे छोटे बेटे अनंत अंबानी फिलहाल रिलायंस न्यू सोलर एनर्जी, रिलायंस न्यू एनर्जी, जियो प्लेटफॉर्म्स और रिलायंस रिटेल वेंचर्स के बोर्ड में डायरेक्टर के रूप में काम संभाल रहे हैं। एनुअल जनरल मीटिंग की बैठक में मुकेश अंबानी ने अगले 5 साल तक रिलायंस इंडस्ट्रीज का अध्यक्ष और मैनेजिंग डायरेक्टर बनने की बात कही। उन्होंने कहा कि अपने लिए उन्होंने मुख्य रूप से तीन टास्क तय किये हैं। इनमें मुख्य रूप से आकाश, ईशा और अनंत का भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए मार्गदर्शन करना, रिलायंस इंडस्ट्रीज में अगली पीढ़ी के लीडर तैयार करना और कंपनी की साझी विरासत को पुराने सहयोगियों के साथ मिलकर और समृद्ध करना है।

रिलायंस इंडस्ट्रीज की 46वीं एनुअल जनरल मीटिंग में मुकेश अंबानी ने बताया कि पिछले 1 साल की अवधि में रिलायंस समूह ने 2.6 लाख रोजगार पैदा करके एक नया रिकॉर्ड बनाया है। फिलहाल कंपनी के पे-रोल पर कर्मचारियों की संख्या 3.9 लाख के करीब हो गयी है। मुकेश अंबानी ने बताया कि रिलायंस ने 2026 तक बैटरी गीगा फैक्ट्री स्थापित करने और 2030 तक 100 गीगावॉट रिन्यूएबल एनर्जी कैपेसिटी हासिल करने का लक्ष्य तय किया है। इसके साथ ही अगले 5 साल की अवधि में पूरे देश भर में 100 बायोगैस प्लांट लगाने का लक्ष्य भी तय किया गया है।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !


पहाड़ी मंदिर रांची


सुदेश्वर महादेव मंदिर, चुटिया, रांची




सुदेश्वर महादेव मंदिर में बाबा का भव्य श्रृंगार



# ओम नमः शिवाय और बोलबम के जयकारे से गूंजा झारखंड

## अंतिम सोमवारी पर शिवालयों में जलाभिषेक व पूजा-अर्चना को लेकर भक्तों की उमड़ी भीड़

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** पवित्र सावन माह की अंतिम सोमवारी को राजधानी के सभी शिवालयों में जलाभिषेक व पूजा-अर्चना को लेकर भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। इस बार सावन में अधिकमास लगने से भोलेनाथ के भक्तों को दो महीने पूजा-अर्चना करने का सौभाग्य मिला। मान्यता है कि भोलेनाथ को बेलपत्र, गुलाब, अकवन के फूल प्रिय हैं। रात 2 बजे से ही श्रद्धालु पहाड़ी मंदिर में बाबा को जलाभिषेक करने के लिए कतार में लगने लगे। वहीं रात्रि में विशेष श्रृंगार के दर्शन को लेकर भक्तों की भीड़ देखने को मिली। राजधानी के अन्य शिवालयों में भी श्रद्धालुओं ने विशेष पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर रात्रि में भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। विभिन्न शिव मंदिरों में पुरुषों व महिलाओं ने सोमवारी व्रत रखकर जलाभिषेक व पूजा-अर्चना की।

**501 महिलाओं ने की महाआरती :** हरे रंग की साड़ी पहनी 501 महिलाओं सहित हजारों भक्तों के द्वारा भव्य संध्या महाआरती पहाड़ी बाबा सहित तमाम देवी देवताओं की गई। महाआरती के बीच-बीच में भक्तों के ऊपर फूलों से वर्षा भी की गई। हजारों भक्तों ने संध्या महाआरती में पहाड़ी बाबा के गानों पर झूमकर पहाड़ी बाबा को नमन किया। आठों सोमवार अलग-अलग विधि विधान से पहाड़ी बाबा की भव्य संध्या आरती की गई। महाआरती में सांसद महुआ मांझी, गौ आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद, जय सिंह यादव,कुमार राजा,नंद किशोर सिंह चंदेल, उज्जवल सिन्हा,रिशु रितेश,बंटी सिंह अनिल कुमार, सचिन कुमार, सुनील यादव, आदि उपस्थित थे।

**सुदेश्वर महादेव मंदिर में शिवक्तों ने किया जलाभिषेक :** स्वर्णरेखा नदी तट पर स्थित सुरेश्वर महादेव मंदिर चुटिया में सावन महीना के पवित्र अंतिम सोमवार को प्रातः 3 बजे मंदिर का पट खुलते ही शिवलिंग पर शिवभक्तों द्वारा जलाभिषेक किया गया। प्रातः से ही शिवभक्तों ने बड़ी संख्या में कतार बद्ध होकर बाबा भोलेनाथ की शिवलिंग पर जलभिषेक करने लगे। सुबह से ही शिव भक्तो के बोल बोम और हर-हर महादेव के नारे से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। संध्या में बाबा का भव्य श्रृंगार किया गया और महाआरती हूई। विशेष आरती में सैकड़ों की संख्या में महिलाऐं एवं पुरुष भक्त शामिल हुए। आरती के उपरांत 111 किलो खीर का भोग वितरण किया गया। इस अवसर पर मंदिर समिति के अध्यक्ष सुरेश साहू सहित महासचिव संतोष कुमार, आलोक कुमार, संजय कुमार, कृष्णा साहु, छत्रधारी महतो, गुजा तिर्की, समेत सभी मंदिर कमिटी के सदस्य शामिल होकर पुजा अर्चना किया।

**(सभी तस्वीरें : समीर और संजीव )**


बाबा बैद्यनाथ मंदिर






जल चढ़ाने जाते कांवरिया



















केसरिया रंग से पटा रहा बासुकीनाथ धाम, हर-हर महादेव के नारे से रहा गुंजायमान

# एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं नें किया जलाभिषेक






**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** आखरी सोमवारी को प्रसिद्ध बाबा बासुकीनाथ धाम में कावंरिया श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। पूरा मेला परिसर हर-हर महादेव और बोलबम के नारे से गुंजायमान रहा।देर शाम तक 1,13,505 श्रद्धालुओं ने बाबा फौजदारी नाथ पर जलार्पण किया।शीघ्र दर्शनम से 1929 श्रद्धालुओं ने जलार्पण किया। शीघ्र दर्शनम से 5,78,700रुपये प्राप्त हुआ। दान पेटी से 1,30,070 रुपये,गोलक से 43670 रुपये अन्य स्त्रोत से 5855 रुपये प्राप्त हुए। हुए।

चांदी का सिक्का 10 ग्राम 4 एवं 5 ग्राम 5 पीस बिका। 2160 डाक बम श्रद्धालुओं ने बाबा फौजदारी नाथ का जलार्पण किया। सावन के आखरी सोमवारी को फौजदारी बाबा बासुकीनाथ के दरबार में आस्था और विश्वास का सैलाब सुबह से ही उमड़ पड़ा। बासुकीनाथ धाम पूरी तरह से केसरिया रंग में सरबोर दिखा। अहले सुबह पुरोहित पूजा के बाद 3 बजकर 50 मिनट पर जलार्पण जैसे ही शुरू हुआ श्रद्धालुओं की कतार बढ़ती चली गयी। चाक चौबंद सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था के बीच बाबा पर श्रद्धालु पूरी शांतिपूर्ण ढंग से कतारबद्ध होकर अर्घा के माध्यम से लगातार जलार्पण कर रहे थे।लाल पीले एवं केसरिया रंग के वेश में बोल बम एवं हर हर महादेव के जयघोष के साथ श्रद्धालु हाथ मे गंगाजल लिये बाबा मंदिर की ओर जाते दिखे। शिवगंगा के आसपास एवं पूरे मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं का सैलाब देर रात से ही दिखने लगा था।

सभी श्रद्धालु देर रात्रि से ही कतारबद्ध होना प्रारंभ कर चुके थे। तो कई श्रद्धालु सूचना जनसम्कर्प विभाग द्वारा बनाये गये निःशुल्क आवासन केन्द्र में विश्राम करते भी दिखे। श्रद्धालुओं के आने वाले सैलाब का पूवार्नुमान लग चुका था। सूचना जनसम्पर्क विभाग द्वारा बनाये गये सभी निःशुल्क आवासन केन्द्र तथा टेंट सिटी पूरी तरह से भरा दिखाई पड़ रहा था। श्रद्धालुओं की बड़ी तादाद को देखते हुए सूचना सहायता कर्मी लगातार अपने कर्तव्य पर दिख रहे थे। ध्वनि विस्तारक यंत्र के माध्यम से बिछड़ों को मिलाया जा रहा था। सभी सूचना सहायता शिविर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ दिखाई दे रही थी। श्रद्धालु शिवगंगा में स्नान कर बाबा का जलार्पण करते हैं। शिवगंगा में स्नान करने के दौरान किसी प्रकार की विपरीत स्थिति उत्पन्न नहीं हो इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गयी हैं। पूरे मेला क्षेत्र पर संताल परगना प्रमंडल के प्रमंडलीय आयुक्त लालचंद डादेल, उपायुक्त ए दोड्डे आदि सीसीटीवी के माध्यम से नजर बनाए थे।

## रिटायर्ड शिक्षक जवाहर चौधरी की हत्या, 5 बदमाश गिरफ्तार

**बेगूसराय।** बीस अगस्त को रिटायर्ड शिक्षक जवाहर चौधरी की हत्या का खुलासा करते हुए पुलिस ने 5 बदमाशों को हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है। इनके पास से दो पिस्तौल 71 कारतूस बरामद किए हैं। एसपी योगेंद्र कुमार ने बताया कि रिटायर्ड शिक्षक जवाहर चौधरी की पुत्र की हत्या 2021 में की गई थी। इस मामले में उसके गांव के ही गोपाल चौधरी जेल में बंद है। बिहार के बेगूसराय में 20 अगस्त को रिटायर्ड शिक्षक जवाहर चौधरी की हत्या का खुलासा करते हुए पुलिस ने 5 बदमाशों को हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि शिक्षक के बेटे की हत्या के मामले में जेल बंद बदमाशों ने दो लाख रुपये की सुपारी देकर यह हत्या कराई थी। बछवारा थाना क्षेत्र के फतेहा गांव में रिटायर्ड शिक्षक जवाहर चौधरी को मॉर्निंग वॉक के दौरान बाइक सवार बदमाशों ने गोली मार कर हत्या कर दी थी। एसपी योगेंद्र कुमार ने तेघरा डीएसपी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया। जिसने पूरे मामले का खुलासा करते हुए हत्या में शामिल बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया। इनके पास से दो पिस्तौल 71 कारतूस बरामद किए हैं। एसपी योगेंद्र कुमार ने बताया कि रिटायर्ड शिक्षक जवाहर चौधरी की पुत्र की हत्या 2021 में की गई थी इस मामले में उसके गांव के ही गोपाल चौधरी जेल में बंद दरअसल बेटे की हत्या के मामले में जवाहर चौधरी गवाह थे और उनकी गवाही से आरोपी को सजा मिल सकती थी। इसलिए जेल में बंद आरोपी गोपाल चौधरी ने सोनू सिंह और सूरज कुमार को 2 लाख रुपये की सुपारी दी। एक माह पहले ही सूरज कुमार जेल से बाहर निकाला था और उसने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर मॉर्निंग वॉक के दौरान जवाहर चौधरी की गोली मारकर हत्या कर दी थी।

# एक लाख शिवभक्तों ने पहाड़ की चोटी पर अवस्थित शिवलिंग का किया जलाभिषेक



### शिव निराले हैं, सबकी सुनते है : अन्नपूर्णा देवी

पूजा अर्चना के बाद केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि भगवान् शिव निराले और भोले हैं उनकी दया दृष्टि सबपर रहती है। जो भी भक्त सच्चे मन से उनकी आराधना करते हैं भगवान उनकी मनोकामना अवश्य पूरी करते हैं।






### बाबा भोलेनाथ सबकी मनोकामनाएं पूरी करें : डॉ.नीरा

कोडरमा विधायक डॉ.नीरा यादव ने कहा कि भगवान भोलेनाथ काफी दयालु हैं वे सबकी मनोकामनाएं पूरी करते है, हम सबों को ईश्वर के बताए मार्गों पर चलना चाहिए।

### कोडरमा की जनता का सम्पूर्ण विकास हो : शालिनी गुप्ता

पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता ने कहा कि सावन में शिव आराधना करने से शिव प्रसन्न होते है और भक्तों का कल्याण करते हैं। उन्होंने कहा कि वे ईश्वर से कोडरमा की जनता की खुशहाली की कामना की।

**उमा शंकर**

**कोडरमा।** सावन के अंतिम सोमवारी को झुमरीतिलैया के झरना कुंड से ध्वजाधारी धाम तक 15 किलोमीटर तक शिवभक्तों की टोली की कतार लगी रही। कांवर पद यात्रा में शामिल लोगों ने लम्बी दूरी तय कर ध्वजाधारी धाम के 777 सीढ़ियां चढ़ कर पहाड़ की चोटी पर अवस्थित मंदिर में भगवान शिव का जलाभिषेक किया। कांवर पद यात्रा को स्थानीय विधायक डॉ. नीरा यादव और पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता ने रवाना किया। कांवर पद यात्रा में लोग माथे पर ओम नमः शिवाय के पट्टी व केसरिया वस्त्रों में शामिल हुए। बोल बम, हर हर महादेव आदि नारों का जयघोष करते हुए शिवभक्त कतार बद्ध हो कर चल रहे थे, जिससे सम्पूर्ण क्षेत्र शिव और केशरियामय नजर आ रहा था। शिव भक्तों के सैलाब के साथ सुसज्जित वाहनों में निकाली गई शोभायात्रा काफी आकर्षक लग रहा था। लोग डीजे की धुन में भक्ति गीतों के साथ जल का पात्र लिए झूमते हुए ध्वाजाधारी धाम पहुंचे और शिव भक्तों ने 777 सीढीयां चढकर बाबा भोले को जलाभिषेक किया। शोभायात्रा में शामिल सुसज्जित वाहन में देवी देवताओं की तस्वीर तथा दूसरे सुसज्जित ट्रक पर शिव दरबार और एक अन्य वाहन में भजन मंडली व टीम शामिल थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष मुन्ना भदानी, सचिव अरविन्द चौधरी, मनोज कुमार झुन्नू, बबलू सिंह, मनोज साव, नवीन सिन्हा, सत्येन्द्र सिन्हा, राकेश कपसिमें, विशाल कपसिमे, राजेश कपसिमे, राजेन्द्र प्रसाद वर्मा, विशाल भदानी, मनोज माथुर, मुकेश सिंह, लखन सिंह, सन्तोष यादव आदि ने मुख्य रूप से अहम भूमिका निभाई।

**केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री, जिप अध्यक्ष व पूर्व जिप अध्यक्ष ने किया पूजा अर्चना :** कोडरमा सांसद सह केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी, जिप अध्यक्ष रामधन यादव, पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष कांति देवी आदि ने भी ध्वजाधारी धाम पहुंचकर पूजा अर्चना कर मंगलकामना की।

**कई सामाजिक संगठन सक्रिय रहे :** कांवर पद यात्रा में झुमरीतिलैया, असनाबाद, करमा, चाराडीह, लखीबागी, कोडरमा हनुमान मंदिर सहित डेढ दर्जन से भी अधिक स्थानों पर स्वयंसेवी संगठन, धार्मिक संगठन, पूजा समितियों के द्वारा शिविर लगाकर कांवरियों के लिए पानी, शरबत, चाय, फल आदि वितरण किया गया। इन्दरवा में नवयुवक विकास समिति शरबत, शिव वाटिका की ओर से सुजित लोहानी, उमानाथ मंदिर करमा की ओर शरबत पानी, महाराणा प्रताप चौक पर राजद के द्वारा शर्बत पानी आदि का वितरण किया, यहां जिप अध्यक्ष रामधन यादव, राजद नेता सुभाष यादव, आदि मौजूद थे। चाराडीह समिति द्वारा शरबत पानी, बालाजी पब्लिक स्कूल द्वारा शरबत, उच्च विद्यालय कोडरमा के समीप महावीर मुहल्ला, दस्तावेज नवीस संघ के द्वारा शरबत की व्यवस्था की गई। केयर फाऊंडेशन चौरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा कांवर श्रद्धालुओं के बीच शरबत एवं शुद्ध पेयजल का वितरण किया गया। वहीं सिकंदर कुमार, दीपक कुमार, विशाल कुमार, आदित्य, विशाल, सूदन, प्रिंस, दिनेश शामिल थे।

**कोडरमा की जनता पर शिव की कृपा बनी रहे :** रामधन जिप अध्यक्ष रामधन यादव ने कहा कि सावन में भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना करने से मनोकामनाएं पूर्ण होती है, उन्होंने कहा कि कोडरमा जिले की जनता पर भगवान शिव की कृपा बनी रहे, यही कामना करते हैं।

**नंदी बाबा ट्रस्ट ने किया महाप्रसाद की व्यवस्था :** ध्वजाधारी धाम में नंदी बाबा ट्रस्ट के द्वारा श्रद्धालु भक्तों के लिए महाप्रसाद की व्यवस्था की गई। इसमे पूरी सब्जी के अलावा खीर बुंदिया एवं हलवा का प्रसाद वितरण किया गया।

**सुरक्षा के थे पुख्ता इंतजाम :** कांवर पद यात्रा को लेकर सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया गया था। झुमरीतिलैया से लेकर कोडरमा स्थित ध्वजाधारी धाम तक जगह जगह पर दण्डाधिकारियों के साथ जिला बल के जवान तैनात थे। डीसी मेघा भारद्वाज व एसपी कुमार गौरव शोभा यात्रा पर लगातार जानकारी प्राप्त करते रहे। इसके अलावे एसडीओ संदीप कुमार मीणा एवं एसडीपीओ प्रवीण पुष्कर, कोडरमा थाना प्रभारी द्वारिका राम घूम-घूम कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते दिखे।

**भगवान शिव को सावन का सोमवारी है प्रिय : महामंडलेश्वर :** ध्वजधारिधाम के मुख्य महंत महामंडलेश्वर सुखदेव दास जी महाराज ने कहा कि देवों के देव महादेव काफी दयालु है, वे भक्तों की पुकार तुरन्त सुनते है। भोलेनाथ को सावन और सावन का सोमवारी सवार्धिक प्रिय है, इस दिन सच्चे मन से पूजा अर्चना करने से भोलेनाथ की कृपा बनी रहती है।

# गोड्डा लोक सभा की इस सीट पर कई उम्मीदवार होंगे, पर सबकी नजर होगी मुस्लिम मत दाताओं पर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोड्डा।** लोक तंत्र में चुनाव लडने का अधिकार हर भारतीय करेंसी नागरिक को है। लोक सभा के चुनाव कभी स्थानीय समस्याओं के आधार नहीं बनते सड़क नाले छोटी छोटी ठेकेदारी और सड़क मनरेगा, जिला स्तरीय समस्याएं ,पेंशन, प्रधान मंत्री आवास योजना ,जनवितरण प्रणाली की राशन आपूर्ति दुकानें और प्रशासकीय राज्य स्तरीय समस्याएं ,विद्युत आपूर्ति, पेय जल,कृषि पटवन के लिए जल बीज खाद की समस्याएं और आपूर्ति, गैस कनेक्शन,प्राथमिक शिक्षा , और स्वास्थ्य रोजमर्रा की समस्याएं राज्य और जिला प्रशासन इसके लिए उत्तरदाई होती हैं राज्य के अंदर नगर निगम और परिषद पंचायत और वार्ड एमएलए, अध्यक्ष, पंचायत समिति अध्यक्ष ,मुखिया वार्ड पार्षद की भी भूमिका होती है जिसके लिए प्रशासन और प्रतिनिधि के साथ राज्य प्रशासन की भूमिका महत्वपूर्ण है और स्वतंत्र भी है लेकिन राष्ट्र हित और देश हित की बात जब आयेगी अंतरराष्ट्रीय सीमा सुरक्षा की बात जब आयेगी हिंदुस्तान में लोकतांत्रिक व्यवस्था के तहत हिंदुओं के हितों की बात जब आयेगी , अंतरराष्ट्रीय विश्व के रंगमंच और विदेशों में बसे करोड़ों भारतीयों की बात जब आयेगी, रोजगार की तलाश में भटकते युवा जब विदेशों में नौकरी व्यापार और उच्च शिक्षा के लिए गए विद्यार्थियों की बात आती है तो एक भारतीय गर्व से अपनी गर्दन ऊंची कर बात कर सके उसके लिए उसका आत्म विश्वास और अपने देश का एक सम्मानित आदर्श विचार सभ्यता संस्कार और वाक चतुर होना आवश्यक होता है।

उस नौकरी के उम्मीदवार के पीछे उसका वहां चाचा, मामा, मां और बाप जाति और धार्मिक, मजहबी आधार की पहुंच या पैरवी नही उसकी अपनी योग्यता, तकनीकी कुशलता उसका व्यक्तित्व और व्यवहार और सबसे महत्वपूर्ण है वो किस देश का नागरिक है और उसके देश की छवि उसके मस्तक पर अपारदर्शी तरीके से चिपकी रहती है फिर उनका आंकलन और विश्लेषण विदेशी साक्षात्कार लेने वाले करते हैं। मैं किसी भी राजनीतिक पार्टी के फायदे और नुकसान के लिए ये आलेख नही लिख रहा।

मैं भारतीय जनता के हर क्षेत्र के विकास की बात करना चाहूंगा जिसमे सर्व प्रथम देश है देश मजबूत है और सशक्त है तो हम सुरक्षित हैं और स्वाभिमान में जीते हैं और देश कमजोर होगा तो विदेशी राष्ट्र हमे आंखें दिखाएगा और 1962 की लड़ाई चीन के साथ हुई थी आज के युवाओं ने नही देखा होगा पर हमने देखा है और रात में घबरा कर पूछते थे अपने बाबा से बाबा जिस चौकी पर हम सोए हैं क्या वो भी चीन छीन लेगा

## मुद्दा विकास बनाम मोदी विरोध



क्योंकि तब सिर्फ ट्रांसिस्टर और रेडियो होता था जिसमे हम समाचार बड़े चाव से सुनते थे उससे प्रसारित समाचार में कहा जाता था आज की लड़ाई में चाइना ने 5,10,15,20चौकी जीत ली है। बाल सुलभ ज्ञान था और जिज्ञासा। देश की आर्थिक ,सामरिक वैश्विक स्थिति बहुत ही कमजोर अवस्था में थी सैनिकों के पास जूते और कपड़े तक नहीं होते थे , उस युद्ध में मेरे गांव के एक अंकल युद्ध में अपनी दोनो पैर गंवा कर घर आए थे और उनको देखने जाते थे और प्रश्न पूछते थे।

आज स्थिति बदल चुकी है जब से एक राष्ट्रीय राजनीतिक दल भाजपा नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सत्ता पर काबिज हुई है जो मजबूत सशक्त और उन्नतशील ,विकसित राष्ट्र की स्थापना के लिए नीव रखनी प्रारंभ की और रक्षा मंत्रालय द्वारा आधुनिक अस्त्र शस्त्र और आत्धुनिक विमान सैनिकों के लिए खरीदा सैनिकों की सुरक्षा के लिए आधुनिक साजो सामान खरीदा। अभी और भी बहुत कुछ करना बांकि है।

नरेंद्र मोदी से पहले तो यही कांग्रेस की सरकार थी मनमोहन सिंह प्रधान मंत्री थे ,लालू जी ,ममता जी ,मुलायम जी और भी कई नेता कानी मोझी,और भी नेता है जो भ्रष्ट्राचार के आरोप में जेल यात्रा करके आए हैं ,राहुल जी अभी कांग्रेस नेता हैं उनपर भी कई मामले दर्ज हैं ,लालू जी भी जेल से स्वास्थ्य लाभ के लिए बाहर आए हैं जिनपर सीबीआई कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है । ऐसे में भारतीय जनता जो देश भक्त हैं और देश के भविष्य के साथ अपना भविष्य भी देखते है जो निजी स्वार्थ से हटकर है मोदी जी हर कार्यकर्ता को नाली सड़क और भवन निर्माण की ठेकेदारी या निजी लाभ तो नही दे सकते लेकिन हमे जीने के रास्ते और अन्न वस्त्र और आवास के साथ स्वास्थ्य योजना केलिए आयुष्मान कार्ड ,शौचालय के लिए हर गरीबों के खाते में 12000,रुपए ,उज्जवला योजना ,और देश के हर किसानों के खाते में 6000रुपए इन 9वर्षों के अंदर दिया ,चंद्रयान 3की सफल योजना ,देवघर में एम्स , एयर पोर्ट , गोड्डा को रेलवे का उपहार गोड्डामे,फोर लेन का निर्माण जो पूरा होने वाला है ,अदानी कंपनी के आने से सैकड़ों एकड़ बंजर जमीन के मालिक करोड़ों में खेलने लगे जिनके घर के छत पर घास फूस के छत नही होते थे ,रोजगार के लिए सैकड़ों युवाओं को मौका मिला है । अप्रत्यक्ष रूप से हजारों लाभान्वित हैं ।ऐसे में हमे आम जनता को और भी कुछ चाहिए तो आने वाले समय में अवश्य मिलेगा साथ ही हिंदुस्तान को अंतरिक्ष में भी नई सफलता मिलेगी जो सबका विकास होगा बल्कि विश्व का विकास होगा तो फिर नेतृत्व हम किसे सौंपे और क्यों सौंपे आपको गद्दी सौंप कर फिर भ्रष्ट्राचार करने के लिए ? लोक सभा का चुनाव प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे और नेतृत्व में लड़ी जाएगी ये तय है तो जाहिर सी बात है कि उनके उम्मीदवार ही जीतेंगे चाहे वो घोड़ा गदहा या सांप हो या नाग लेकिन गोड्डा लोक सभा की जब बात आयेगी तो क्षेत्र के विकास की बातें पहले आएंगी जिसमे वर्तमान सांसद डा ०निशिकांत दुबे के आसपास भी कोई अन्य नेता नही पहुंच पाया है और आगे भी जनता का आशीर्वाद मिलता ही रहेगा ,झूठ फरेब ,धोखा छल कपट जातिवाद अपराधों और धनपशुओं के सहारे कोई नही जीत सकता ,जनता अब समझदार बन गई है झूठे आश्वासन और फरेब और जाति की राजनीति नहीं चल सकती जब जनता शिक्षित और समझदार हो जाती है।

## एक नजर में

## रत्नेश्वर नाथ धाम महादेव मंदिर गोड्डा में सोने के चेन छीनने की खबर आई

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोड्डा।** पूजा पाठ और भक्ति भाव में पुरुषों की तुलना में महिलाओं का ही योगदान अधिक रहता है। भीड़ और भगदड़ के कारण भी महिलाओं को अधिक क्षति उठानी पड़ती है।

श्रावण मास में प्रथम सोमवारी और अंतिम को भीड़ उमड़ पड़ती है और इस सोमवार को भी अत्यधिक भीड़ के कारण कई महिलाओं के गले से सोने की चेन गिर गई या चेन स्नेचर ने झपट्टा मार कर चेन निकाल लिए। किसी ने हो हल्ला मचाया कोई दम साधकर चुप बैठ गए। यहां दुर्गा पूजा काली पूजा आदि पर्वों में भी मेले लगते हैं और कितनी बार चेन झटकने की सूचना प्राप्त हुई है ।सीसीटीवी कैमरा की व्यवस्था मंदिर प्रबंधन अवश्य लगाया जाना चाहिए ताकि इन सब उचक्कों पर कड़ी निगरानी रखी जा सके। पुलिस के वश की बात नही है इन घटनाओं से मुक्ति दिलाना लेकिन अपनी बुद्धिमता का परिचय देते हुए बगैर किसी स्वर्ण आभूषण के बाबा के दरबार में जाय और चेन है तो साड़ी से उसे गले को ढक कर रखें। सिर्फ पुलिस की ड्यूटी नही आपकी भी जिम्मेदारी बनती है।

## अगस्त माह का राशन नहीं मिलना दुर्भाग्य : प्रमुख

**रमना।** प्रखंड में लाभुकों को अगस्त माह का राशन नहीं मिलना दुर्भाग्य है। उक्त बातें प्रखंड प्रमुख करुणा सोनी ने सोमवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कही। करुणा ने राशन कार्डधारियों से अपील करते हुए कहा है कि कोई भी लाभुक राशन उठाव करने से पहले पीडीएस दुकानदार से स्पष्ट जानकारी ले कि किस माह का और कितना राशन दे रहे है। साथ ही पॉस मशीन में अंगूठा तभी लगाए जब दुकानदार आपको कम्प्यूटराईज पर्ची दे। अगर दुकानदार पर्ची देने को तैयार नहीं है तो संबंित अधिकारी के समक्ष लिखित आवेदन दे ताकि उस पर कार्रवाई हो सके। उन्होंने पीडीएस दुकानदारों से भी कहा है कि सुखाड़ को देखते हुए पूरी इमानदारी के साथ लाभुकों बीच राशन का वितरण करें।

## महिला चिकित्सकों ने किया सीएमई का आयोजन

**गढ़वा।** शहर के चिनियां रोड स्थित होटल वीनस इंटरनेशनल में गढ़वा जिले की महिला चिकित्सकों के द्वारा सीएमई का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महिला चिकित्सकों ने विभिन्न प्रकार की जानकारी दी। कार्यक्रम में प्रसव के बाद अत्यधिक रक्त स्त्राव होना यानि पीपीएच, गर्भावस्था के दौरान गर्भ में ही होने वाले रक्तस्त्राव (फेटल मैटरनल हेमरेज) के बारे में जानकारी दी गई। डॉ. नीतू ने पीपीएच तथा डॉ. माहेरू ने एफएमएच (फीटल मेटरनल हेमरेज) के बारे में प्रेजेंटेशन दिया। मौके पर डॉ. महजबी, डॉ. सुष्मिता, डॉ. माया, डॉ. प्रतिमा, डॉ. पुष्पा, डॉ. स्नेहलता आदि महिला चिकित्सक उपस्थित थी।

## सड़क दुर्घटनाओं में एक की मौत, चालीस से अधिक घायल, रेफर

**दुमका।** सावन की अंतिम सोमवारी को हँसडीहा से होकर गुजरने वाली सड़कों पर करीब एक दर्जन से अधिक सड़क हादसे हुए जिनमें करीब चालीस लोगों के घायल होने की जानकारी प्राप्त हुई। सड़क हादसे में जहाँ कुरमाहाट के समीप एक काँवरिया की मौत हो गई तो विभिन्न हादसों में दस लोग गंभीर रूप से घायल भी हुए है। जिनका ईलाज देवघर, भागलपुर, पटना में चल रहा है। रविवार की शाम से ही भागलपुर से बासुकीनाथ जाने वाले शिव भक्तों की भीड़ हँसडीहा में उमड़ पड़ी थी। जो सोमवार की शाम तक एक जैसा दिखा। अत्यधिक भीड़ और तेज रफ़्तार इन सड़क हादसों की वजह बनी। हँसडीहा से पुरे रात सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और श्रावनी मेला कैम्प अस्पताल में घायलों का आना लगा रहा। कुरमाहाट स्थित रेलवे हॉल्ट के समीप ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार कावंरिया की मौत हो गई।जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसकी हालत नाजुक बताई जा रही है।मृतक की पहचान भागलपुर जिले के पीरपैंती गांव निवासी आशीष मिश्रा 22 वर्ष के रूप में की गई है।वहीं दुमका देवघर मुख्य मार्ग पर जामा थाना क्षेत्र के जरमुंडी बॉर्डर के पास मामा लाइन होटल के आगे बोलबम यात्रियों से भरी कार ने सड़क किनारे रखे ईंट के ढेर में जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना में कार के सामने के हिस्से के परखच्चे उड़ गये। वाहन में सवार सात लोग घायल हो गये। घटना की जानकारी मिलते ही सब इंस्पेक्टर सुमित कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच स्थानीय ग्रामीण की मदद से एंबुलेंस से घायलों को इलाज के लिए जरमुंडी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजवाया। एसआई सुमित कुमार ने बताया कि गाड़ी पर सात बोलबम यात्री सवार थे। जिसमें तीन को गंभीर चोट आयी है जबकि चार अन्य मामूली रूप से जख्मी हैं। तीनों गंभीर रूप से घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद देवघर रेफर कर दिया गया है। सभी बोलबम यात्री बिहार के बेगूसराय जिला के रहनेवाले बताये जाते हैं।

## दिल का दौरा पड़ने से इलाज के दौरान शिक्षक की मौत

**दुमका।** जिले के जामा के उत्क्रमित मध्य विद्यालय, फिटकोरिया के शिक्षक 53 वर्षीय क्लेमेंट मरांडी की रविवार की रात मेडिकल कालेज अस्पताल में मौत हो गई। सीने में अचानक दर्द उठने के बाद उन्हें रात में ही इलाज के लिए भर्ती कराया गया था। वह सदर प्रखंड के बड़ी खैरबनी गांव के रहने वाले थे। वर्तमान में नकटी में घर बनाकर परिवार के साथ रहते थे। पत्नी अनीता टुडू के बयान पर यूडी केस दर्ज करने के बाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। जानकारी के अनुसार रविवार की शाम उन्होंने खाना खाया और सोने के लिए चले गए। आधी रात को अचानक सीने में दर्द उठने के बाद पत्नी को जगाया। वह पसीने से लथपथ थे। पत्नी आसपास के लोगों की मदद इलाज के लिए मेडिकल कालेज अस्पताल लेकर पहुंची। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। शिक्षक की मौत की सूचना मिलने पर नगर थाना की पुलिस मौके पर पहुंच परिजन से घटना की जानकारी ली। पहले घरवाले पोस्टमार्टम के लिए तैयार नहीं हुए, लेकिन पुलिस के समझाने पर शव का पोस्टमार्टम कराया। पत्नी ने बताया कि शाम तक पूरी तरह से ठीक थे। आराम से खाना खाया और रात को सो भी गए। रात को जगाकर बताया कि सीने में तेज दर्द हो रहा है। चिकित्सकों ने बताया कि जिस तरह से लक्षण बताए जा रहे हैं, उससे यही लगता है कि दिल का दौरा पड़ने से मौत हुई है।

## सिदो कान्हू उच्च विद्यालय में छात्राओं ने मनायी रक्षा बंधन महोत्सव

**दुमका/निज संवाददाता।** सिदो कान्हू उच्च विद्यालय में छात्राओं ने रक्षाबंधन बड़े हर्षोल्लास से सोमवार को मनाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एसएसबी से (एएसआइ) पीएस सिंधा एवं 4 झारखंड गर्ल्स बटालियन एनसीसी से सूबेदार विश्वरूप घोष, जिला पुलिस बल से ओमप्रकाश पासवान एवं अन्य जवान सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ पौधे को राखी बांध कर किया गया। कार्यक्रम विद्यालय प्रबंधक रोदोशी मुखर्जी के निर्देशन में आर्ट क्लब के सदस्य छात्र-छात्राओं द्वारा संपादित किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन आर्ट क्लब की छात्रा राइमा राज, निशा कुमारी एवं ईशान बर्मन ने किया। कार्यक्रम में सिमोना शैली एवं श्रेया का योगदान सराहनीय रहा। कार्यक्रम में थाली डेकोरेशन और राखी बनाने की प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसे अतिथियों से विजेताओं का चयन किया। प्रतियोगिता दो ग्रुप में आयोजित हुई। जिसमें ग्रुप ए में वर्ग- 6 से 8 तक और ग्रुप-बी वर्ग- 9 से 12 तक की छात्राएं शामिल हुई। अतिथियों ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। जिसमें थाली डेकोरेशन प्रतियोगिता ग्रुप -ए में प्रथम फूलकुमारी एंड ग्रुप द्वितीय में पलक एंड ग्रुप एवं तृतीय स्थान श्रेया एंड ग्रुप का रहा। ग्रुप- बी से थाली डेकोरेशन में प्रथम स्वाति राज, द्वितीय मानसी एंड ग्रुप, तृतीय अनन्या ग्रुप और राखी बनाने में प्रथम सिमरन कुमारी, द्वितीय पल्लवी कुमारी एवं तृतीय स्थान स्वाति हांसदा ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में विद्यालय की निर्देशिका सुनीता मुखर्जी, प्राचार्य इंद्रजीत भगत, सिदो कान्हू सीनियर सेकेंडरी के प्राचार्य देवप्रिया मुखर्जी, सुनील शर्मा एवं अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद थे।